सुप्रभात
रांची, मंगलवार
01.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2080 । मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 22



12 बॉलीवुड पीआर को लेकर नोरा फतेही का बड़ा खुलासा

### हंगामे की भेंट चढ़ा मानसून सत्र का दूसरा दिन

# शोर-शराबे के बीच 11,988 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश

- मणिपुर मामला और राज्य की विधि व्यवस्था पर हंगामा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का दूसरा दिन सोमवार को हंगामे की भेंट चढ़ गया। मणिपुर मामला और झारखंड की विधि-व्यवस्था पर सत्ता पक्ष-विपक्ष के सदस्य हंगामा करते रहे। हालांकि, भारी शोर-शराबे के बीच वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने 11 हजार 988 करोड़ का प्रथम अनुपुरक बजट पेश किया। सदन चलाने का स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने लाख प्रयास किया, पर हंगामा नहीं थमा। अंततः सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**दोनों पक्षों के सदस्य उलझते रहे :** इसके पहले मणिपुर हिंसा और झारखंड की विधि व्यवस्था को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे से उलझते रहे। विपक्षी सदस्य वेल पर पहुंच नारेबाजी करता रहा। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रदीप यादव ने मणिपुर हिंसा का मामला उठाया। इस पर विपक्षी सदस्य वेल पर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। विपक्ष के इस रवैये को देख कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह व उमाशंकर अकेला भी वेल पर पहुंच गये। बाद में संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम के इशारे पर दोनों कांग्रेस विधायक अपने सीट पर जाकर बैठ गये।

**स्पीकर का प्रयास नाकाम :** वेल में हंगामे के बीच स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने प्रश्काल चलाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। सिर्फ माले विधायक बिनोद सिंह का थानों में महिला दारोगा के रिक्त पद से जुड़ा प्रश्न लिया जा सका। शोरगुल में सरकार का जवाब सुनायी नहीं दिया। हंगामे को देखते हुए स्पीकर ने पहले 12 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी। दोबारा कार्यवाही शुरू होते ही फिर भाजपा विधायक वेल में आ गये। स्पीकर ने हंगामे के बीच शून्यकाल की सूचनाएं ली।

जीपीएफ में जमा अंशदायी पेंशन योजना की राशि वापस नहीं करने पर झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने ध्यानकर्षण के तहत सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। कहा कि अंशदायी पेंशन योजना में जमा की गयी राशि को संबधित कर्मी के जीपीएफ खाता में वापस करने के लिये केंद्र सरकार को 31 अगस्त 2023 तक प्राप्त आवेदन भेजा जाना है। (शेष पेज 11 पर)

## विपक्ष ने की जमकर नारेबाजी



विपक्षी सदस्य प्रशनकाल शुरू होते ही आदिवासियों के साथ दुष्कर्म, हत्या और लचर विधि व्यवस्था का हवाला देते हुए नारेबाजी कर रहे थे। कार्यवाही शुरू होने से पहले ही सदन के बाहर भाजपा विधायकों ने तख्ती ले कर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। वे सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगा रहे थे। भाजपा विधायकों ने सरकार को नियोजन नीति के मुद्दे पर घेरने की कोशिश की। भाजपा विधायक अनंत कुमार ओझा ने कहा कि सरकार ने चुनाव के वक्त राज्य के युवाओं से यह वादा किया था कि 5 लाख नौकरी देंगे, पर सत्ता में बैठते ही यह सरकार अपना चनावी वाद भूल गयी। आज राज्य के हजारों युवा सड़कों पर हैं। विपक्ष ने सरकार से इस्तीफा मांगा।

**वित्त मंत्री ने रखा बजट :** हंगामे के दौरान ही वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने वर्तमान वित्तीय वर्ष का 11,988 करोड़ का प्रथम अनुपूरक बजट सभा पटल रखा। इसमें सबसे ज्यादा ऊर्जा विभाग के लिए 7033 करोड़ का प्रावधान है। इसके अलावा नगर विकास एवं आवास विभाग के लिए 927 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा ब्याज मद में 703 करोड़ ऋण की वापसी मद में 415 करोड़, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मद में 587 करोड़, आपदा प्रबंधन प्रभाग के लिये 151 करोड़, ग्रामीण विकास विभाग के लिये 574 करोड़, कृषि विभाग के लिये 180 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### प्रकृति से छेड़छाड़ जलवायु परिवर्तन का मूल कारण : सीएम

# खुद भी पौधे लगायें, बचायें और दूसरों को भी करें प्रेरित

### 74वां राज्यव्यापी वन महोत्सव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में सोमवार को विधान सभा परिसर में 74वां राज्यव्यापी वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि प्रदेश में वन महोत्सव का राज्यव्यापी कार्यक्रम चल रहा है। यह कार्यक्रम राज्य के अलग-अलग जगहों पर निरंतर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन को लेकर देश और दुनिया में तेजी से चिंतन और मंथन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं प्राकृतिक व्यवस्थाओं के साथ बड़े पैमाने पर छेड़-छाड़ किया जाना अथवा दोहन होना जलवायु परिवर्तन का मूल कारण है। क्लाइमेट चेंज से मानव जीवन हो, वन्य प्राणी हो, जल प्राणी हो, चाहे इस पृथ्वी पर पाये जाने वाले अन्य प्राणी हो, सभी प्रभावित हो रहे है। सीएम ने कहा कि इससे बचने के लिए खुद भी पौधे लगाये और दूसरों को भी प्रेरित करें। दुनिया को बचाने का यही एकमात्र उपाय है।

**जागरूकता से ही होगा बड़ा बदलाव :** सीएम ने कहा कि वर्तमान समय में यह जरूरी है कि पर्यावरण संतुलन को लेकर सिर्फ महोत्सव में ही नहीं बल्कि आम जीवन में भी प्रत्येक व्यक्ति को व्यक्तिगत तथा नीतिगत रूप से प्रभावी कदम उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्पीकर के नेतृत्व में झारखंड विधान सभा परिसर में यह वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ है। इसमें उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे एक-एक वृक्ष अपनी ओर से जरूर लगायें। साथ ही, उस वृक्ष को संरक्षित भी करें। जब हम सभी लोग वृक्ष लगायेंगे, दूसरों को भी वृक्ष लगाने को लेकर जागरूक करेंगे, तब धीरे-धीरे ही सही पर एक बड़ा बदलाव निश्चित रूप से दिखेगा। कहा कि हम सभी लोग जलवायु परिवर्तन में सुधार के लिये प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे, तभी पर्यावरण संतुलन में सकारात्मक प्रभाव दिखेगा। (शेष पेज 11 पर)



### परगनैत को अब हर माह तीन हजार सम्मान राशि

रांची। सीएम हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद आदिवासी सामाजिक व्यवस्था को गांव-पंचायत स्तर पर नेतृत्व प्रदान करने वाले संताल परगना के परगनैत को मानकी की तरह प्रति माह तीन हजार रुपए सम्मान राशि प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त एवं आयुक्त दुमका के अनुशंसा के आलोक में संथाल परगना के विभिन्न जिले के परगनैत को मानकी के अनुमान्य मानदेय देने के विषय पर अपना अनुमोदन दे दिया है। मालूम हो कि अभी मानकी को प्रतिमाह तीन हजार रुपये, मुंडा एवं ग्राम प्रधान को प्रतिमाह दो हजार रूपये तथा डकुआ, परगणैत, पराणिक, जोग मांझी, कुडाम नायकी, नायकी, गोडैत, मूल रैयत, पड़हा राजा, ग्रामसभा का प्रधान, घाटवाल, तावेदार तथा ग्रामीण दिउरी (पुजारी) को प्रतिमाह एक हजार रुपए सम्मान राशि का भुगतान किया जा रहा है। इससे पहले फरवरी 2022 में गिरिडीह जिला के पीरटांड़ में निवास करने वाले मांझी हडाम, जोग मांझी, पराणिक, नायके बाबा, कुड़ाम नायके को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा प्रतिमाह एक हजार रुपये सम्मान राशि के रूप में भुगतान करने का आदेश दिया था।

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### जमीन घोटाले में विष्णु अग्रवाल गिरफ्तार



**रांची।** राजधानी में हाई प्रोफाइल जमीन घोटाले व मनी लाउंड्रिंग के तहत की जांच में इडी ने न्यूक्लियस मॉल के ऑनर विष्णु अग्रवाल को अरेस्ट कर लिया। तीसरे समन भेजे जाने के बाद सोमवार को विष्णु अग्रवाल चार बजे एयरपोर्ट स्थित इडी के क्षेत्रिय कार्यालय पहुंचे। जबकि उन्हें 10 बजे ही आना था। इडी ने सेना जमीन जमीन, चेशायार व अन्य जमीन से जुड़े मामले में लंबी पूछताछ की। इसके बाद करीब 10 बजे रात में उन्हें अरेस्ट कर लिया गया। इडी उनसे रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन व प्रेम प्रकाश से रिश्ते, जमीन की खरीद-फरोख्त के अलावा फजीर्वाड़ा करने में सहयोग करने वालों की जानकारी ली। सेना की कब्जे वाली एक अन्य जमीन की भी जानकारी ली जो सिरमटोली चौक के पास है, जिसे अग्रवाल ने गलत तरीके से खरीदी थी।

### ज्ञानवापी मस्जिद नहीं वह तो मंदिर है : योगी

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ज्ञानवापी विवाद पर पहली बार बयान सामने आया है। अखिल भारतीय संत समिति ने सीएम योगी के बयान का स्वागत और समर्थन किया है। कहा गया कि ज्ञानवापी की दीवारें चीख-चीख कर बता रही है कि वो मंदिर है।

### देवघर एयरपोर्ट मामला 15 दिनों में मांगी रिपोर्ट

**रांची।** देवघर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आसपास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने देवघर डीसी को निर्देश दिया एयरपोर्ट के आसपास के जो सात ऊंचे भवन टूटने हैं, उनके नफा-नुकसान की जांच पड़ताल के लिए असेसर नियुक्त कर 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट दें।

### आज पीएम मोदी के साथ मंच साझा करेंगे पवार

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी मंगलवार को पुणे का दौरा करेंगे। इस दौरान वे विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। उन्हें लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया जायेगा, जिसमें शरद पवार भी होंगे। यह पुरस्कार हर साल एक अगस्त को लोकमान्य तिलक की पुण्यतिथि पर दिया जाता है। कार्यक्रम ने मुख्य अतिथि प्रमुख पवार होंगे।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मणिपुर मामला निर्भया कांड से भी वीभत्स

# कोर्ट की निगरानी में बनायेंगे जांच समिति : सीजेआइ

- केंद्र से मांगे कई जवाब, पीड़ित दोनों महिलाएं कोर्ट पहुंची

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** मणिपुर में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और हिंसा की घटनाओं पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने सख्त रवैया अपनाया है। उन्होंने हिंसा के मामलों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एक समिति के गठन की भी बात कही। उन्होंने कहा कि इन मामलों की जांच के लिए सीबीआइ और एसआइटी पर ही भरोसा करना काफी नहीं होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लोगों को न्याय मिल सके। पहले ही काफी समय गुजर चुका है। (शेष पेज 11 पर)

### केंद्र से पूछे कई सवाल



मुख्य न्यायाधीश ने इस दौरान केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर उसने हिंसा में उजड़े लोगों को दोबारा बसाने के लिए क्या प्रयास किये हैं। उनके घरों को बनाने के लिए कितने का पैकेज जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारा दखल इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार के प्रयास कितने और कैसे रहे हैं। यदि हम सरकार के प्रयासों से सहमत हुए तो फिर दखल की जरूरत नहीं होगी। चीफ जस्टिस ने इस दौरान सवाल किया कि आखिर 4 मई की घटना को लेकर 18 मई को ही केस क्यों दर्ज किया गया? इतने दिनों तक पुलिस आखिर क्या कर रही थी? मामला तब सामने आया, जब एक वीडियो में दिखा कि दो महिलाओं को न्यूड कर घुमाया गया और उनका रेप हुआ। इस दौरान पुलिस क्या कर रही थी। कोर्ट ने मणिपुर हिंसा के आरोपियों पर कार्रवाइयों का एक-एक डीटेल मांगा है।

### जॉब फार लैंड स्कैम में लालू परिवार को इडी का बड़ा झटका

# तेजस्वी की दिल्ली वाली प्रॉपर्टी समेत 6 करोड़ की संपत्ति अटैच

**एजेंसी**

**पटना।** रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने राजद प्रमुख लालू यादव और उनके परिवार को बड़ा झटका दिया है। इडी ने लालू यादव और उनके परिवार की करीब छह करोड़ की संपत्ति अटैच की है। इसमें गाजियाबाद और बिहार की संपत्ति शामिल है।

जानकारी के अनुसार अटैच की गयी संपत्ति में पटना स्थित बिहटा, महुआबाग, दानापुर की संपत्ति के अलावा यूपी में लालू यादव की बेटी हेमा यादव की संपत्ति भी शामिल है। खबर है कि इडी ने बिहार के डिप्टी सीएम और लालू के पुत्र तेजस्वी यादव के दिल्ली स्थित 'डी ब्लॉक' वाली बहुचर्चित प्रॉपर्टी को भी अटैच किया है। (शेष पेज 11 पर)

### मुंबई में चलती ट्रेन में फायरिंग, चार की मौत

**मुंबई।** आरपीएफ के सिपाही चेतन कुमार चौधरी ने सोमवार को महाराष्ट्र के पालघर रेलवे स्टेशन के पास एक चलती ट्रेन में चार लोगों की गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी।

### पाकिस्तान धमाके में मृतकों की संख्या 54

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में जेयूआई-एफ के राजनीतिक सम्मेलन पर हुए आत्मघाती हमले में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 54 हो गयी है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

# आज से नयी दर पर होगी रजिस्ट्री जमीन और फ्लैट खरीदना महंगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एक अगस्त मंगलवार से जमीन और फ्लैट खरीदना महंगा हो जायेगा। रांची नगर निगम क्षेत्र के 53 वार्ड, बुंडू नगर पंचायत सहित रातू, कांके, नामकुम, ओरमांझी के कुछ गांव जो सेंसस टाउन में आते हैं, वहां जमीन-फ्लैट के सरकारी वैल्यूएशन में 5 से 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गयी है। सरकारी वैल्यूएशन बढ़ने से जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री कराने वालों को अब नए वैल्यूएशन के आधार पर स्टांप व कोर्ट फीस देनी होगी। रांची शहरी क्षेत्र के अलावा बुंडू शहरी क्षेत्र के 13 वार्ड में भी जमीन व मकान के मूल्य में बढ़ोतरी की गयी है। उल्लेखनीय है कि एक अगस्त 2021 को जमीन, फ्लैट व मकान की सरकारी दर लागू की गयी थी। (शेष पेज 11 पर)

## स्टांप और कोर्ट फीस अब इतना लगेगा



जमीन-फ्लैट का नया वैल्यूएशन लागू होने के बाद खरीदार को रजिस्ट्री कराने के लिए स्टांप व कोर्ट फीस अधिक भुगतान करना होगा। उदाहरण के तौर पर वार्ड नंबर 20 के अपर बाजार क्षेत्र की मुख्य सड़क पर जमीन की कीमत 12 लाख रुपये प्रति डिसमिल है। वर्तमान में पांच डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री कराने पर 4 प्रतिशत स्टांप व 3 प्रतिशत कोर्ट फीस लगती है। ऐसे में खरीदार के 4.20 लाख रुपये खर्च होंगे, लेकिन नये वैल्यूएशन में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद खरीदार को इसी जमीन की रजिस्ट्री कराने में 4.62 लाख रुपये का स्टांप व कोर्ट फीस देनी होगी। यानी करीब 42 हजार रुपये अधिक खर्च करने होंगे।




## खबर एक नजर में

### सीएम ने विशेष शाखा के इंस्पेक्टर को दी विदाई



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सोमवार को कांके रोड रांची स्थित आवासीय कार्यालय में सुरक्षा में कार्यरत विशेष शाखा के इंस्पेक्टर सुनील टोपनो की सेवानिवृत्ति पर उन्हें भावभीनी विदाई दी। मुख्यमंत्री ने श्री टोपनो की कर्तव्यनिष्ठा एवं व्यक्तित्व की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ दीघार्यु जीवन की कामना करते हुये उन्हें अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं।

### सीएम से मिला झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा स्थित कक्ष में सोमवार को झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। एसोसिएशन के अध्यक्ष बीसी ठाकुर ने सीएम को 23 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक खेलगांव में आयोजित हो रहे राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के समापन समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। मौके पर स्वर्ण पदक विजेता किक बॉक्सिंग खिलाड़ी प्रवीण कुमार ने मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन एवं मेडल प्राप्त करने की जानकारी दी। इस अवसर पर विधायक मथुरा महतो, झारखंड स्टेट किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव विपुल मिश्र सहित अन्य उपस्थित थे।

### हटिया बनेगा मॉडल स्टेशन, 6 को शिलान्यास

**रांची।** हटिया रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन बनाने के लिए केंद्र सरकार 355 करोड़ रूपए खर्च करेगी। इसके अलावा पिस्का रेलवे स्टेशन को भी डेवेलप करने के लिए 27 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। छह अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली से इन दोनों प्रोजेक्ट का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे।

### आइएनडीआइए का महाधरना आज

**रांची।** मणिपुर में विगत तीन महीनों से जारी जातीय हिंसा एवं महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म की शर्मनाक घटना के खिलाफ एक अगस्त दिन मंगलवार को आइएनडीआइए के बैनर तले पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 03 बजे तक राजभवन, रांची में महाधरना होगा। इस महाधरना कार्यक्रम में घटक दल के नेता व कार्यकर्ता शामिल रहेंगे।

### अफसर अली की जमानत याचिका नामंजूर

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने सेना के कब्जे वाली जमीन व रांची के अन्य भूखंडों की फर्जी दस्तावेज के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाले के आरोपी रिम्स के थर्ड ग्रेड कर्मी अफसर अली की जमानत अर्जी खारिज कर दी। वह 14 अप्रैल से जेल में बंद है। अर्जी पर सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने दलीलें दी कि उस पर मनी लाउंड्रिंग का केस नहीं बनता है। उसके पास से एक रुपये की भी बरामदगी नहीं हुई है। इसका विरोध ईडी के वकील शिव कुमार काका ने किया। उन्होंने कहा कि भूमि घोटाले में अफसर अली की भूमिका सबसे बड़ी है। छापेमारी के दौरान उसके ठिकाने से 26 अलग-अलग फर्जी डीड बरामद हुई है।

### पूर्व विधायक शंकर चौधरी ने याचिका वापस ली

**रांची।** रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी द्वारा दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार एवं रामगढ़ मिलिट्री कंटेनमेंट की ओर से कोर्ट को बताया गया प्रार्थी ने अपने ऊपर दर्ज एफआईआर एवं आरोपों के बारे में कोई जानकारी जनहित याचिका के दौरान नहीं दी है। इसलिए इनकी याचिका खारिज की जानी चाहिए। राज्य सरकार का जवाब सुनने के बाद कोर्ट ने प्रार्थी द्वारा अपना क्रेडेंशियल की जानकारी नहीं देने पर नाराजगी जताई, जिसके बाद प्रार्थी ने केस वापस ले लिया।

### जेलों में चिकित्सकों की हुई है प्रतिनियुक्ति

**रांची।** राज्य के जेलों में चिकित्सकों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, नर्सों आदि के रिक्त पदों को भरने को लेकर पीपुल यूनियन फॉर सिविल लिबर्टीज की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि राज्य के सरकारी अस्पतालों से चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति जेलों में की गई है। जिस जेल में चिकित्सकों की कमी थी वहां प्रतिनियुक्ति पर चिकित्सक भेज दिए गए हैं। कोर्ट ने इस जनहित याचिका को जेल से संबंधित एक अन्य जनहित याचिका के साथ संलग्न करते हुए मामले की सुनवाई 28 अगस्त निर्धारित की।

### 12 बीडीओ का हुआ तबादला

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने एक दर्जन प्रखंड विकास पदाधिकारियों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। रामगोपाल पांडे को गुमला के बसिया का प्रखंड विकास पदाधिकारी बनाया गया। इसी प्रकार दिनेश कुमार को गुमला जिले में ही घाघरा का बीडीओ बनाया गया। वहीं मनोज कुमार गुप्ता को रामगढ़ के पतरातु का बीडीओ बनाया गया, जबकि इंद्र लाल ओहदार को धनबाद के निरसा, संजय कुमार को गुमला के कामडारा, रमेश कुमार यादव को नावाडीह, देवेंद्र कुमार दास को गिरिडीह के राजधनवार, निशा कुमारी को गिरिडीह के बेंगाबाद, मनोज कुमार मरांडी को गिरिडीह के पीरटांड़, चंदन कुमार सिंह को बगोदर, कुमार बंधु कच्छप को देवरी, विकास कुमार राय को लोहरदगा के पेशरार के प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### टेरर फंडिंग : महेश अग्रवाल पर आरोप तय

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध व आम्रपाली कोयला परियोजना के टेरर फंडिंग से जुड़े मामले के तीन बड़े कारोबारियों अग्रवाल बंधुओं पर आरोप तय कर दिया गया है। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने आधुनिक पावर कंपनी के तत्कालीन एमडी महेश अग्रवाल, व्यवसायी अमित अग्रवाल उर्फ सोनू अग्रवाल एवं अजय सिंह पर आरोप तय किया। आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई के दौरान तीनों आरोपी अदालत में मौजूद थे। तीनों ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताया। इसी मामले के अन्य दो आरोपी सुदेश केडिया एवं विनीत अग्रवाल पर जल्द आरोप तय किया जा सकता है। दोनों की डिस्चार्ज अर्जी अदालत ने पूर्व में खारिज कर चुकी है। इसी मामले के मुख्य आरोपी नक्सली विनोद कुमार गंझू, बिंदेश्वर गंझू समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ सितंबर 2019 में आरोप गठन किया गया था। पिछले आठ महीने से मामले की डे-टू-डे सुनवाई जारी है। यह सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में हो रही है।

### देवघर एयरपोर्ट के आसपास की बिल्डिंग तोड़ने के मामले में असेसर नियुक्त करने का आदेश

**रांची।** देवघर एयरपोर्ट में नाइट लेंडिंग शुरू नहीं होने तथा एयरपोर्ट के आस-पास की ऊंची बिल्डिंग को तोड़ने से संबंधित सांसद निशिकांत दुबे की अवमानना याचिका पर सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने देवघर डीसी को निर्देश दिया देवघर एयरपोर्ट के आसपास के जो सात ऊंचे भवन टूटने हैं, उनके नफा-नुकसान की जांच पड़ताल करने के लिए असेसर नियुक्त करें, यह असेसर 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट दें। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 4 सितंबर निर्धारित की। इससे पहले कोर्ट को बताया गया कि केंद्र सरकार की ओर से जिन भवनों को तोड़ा जाना है, उनके नफा नुकसान की जांच को लेकर एक व्यक्ति की नियुक्ति करने को लेकर देवघर डीसी को पत्र लिखा गया था। इससे पहले केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि देवघर एयरपोर्ट के आस-पास की 7 ऊंची बिल्डिंग तोड़ा जाना है, इन भवनों के मालिक को कितना नुकसान होगा, इसका भी आकलन जरूरी है।

## विस गेट पर आइएनडीआइए के विधायकों ने किया प्रदर्शन तो भाजपा ने भी जमकर निकाली भड़ास

# मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने की मांग पर शोर-शराबा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



मणिपुर हिंसा के विरोध में प्रदर्शन करते आइएनडीआइए के विधायक।

**रांची।** मणिपुर में जातीय हिंसा के विरोध में सोमवार को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, झामुमो, सीपीआई माले के विधायकों ने विधानसभा के बाहर तख्ती बैनर लेकर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, उपनेता प्रदीप यादव, झामुमो की विधायक सीता सोरेन, मथुरा महतो, राजद कोटे से मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सीपीआई माले के विधायक विनोद सिंह, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, अंबा प्रसाद, दीपिका पांडेय सिंह, डॉ इरफान अंसारी, उमाशंकर अकेला सहित अन्य विधायक शामिल हुए।

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ बनी 26 दलों के गठबंधन इंडिया में शामिल झारखंड के दलों का पहला साझा कार्यक्रम मणिपुर मुद्दे पर हुआ। इसी मुद्दे पर मंगलवार को राजभवन और सभी जिलें के जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा जाना है।

सोमवार को इंडिया दलों के विधायकों ने कहा कि 90 दिनों से मणिपुर जल रहा है। वहां की अक्षम सरकार की वजह से महिलाओं की इज्जत आबरू सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि तत्काल मणिपुर की सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाये। इस मुद्दे पर संसद के अंदर अपना वक्तव्य देकर प्रधानमंत्री जनता को बतायें कि मणिपुर में शांति के लिए सरकार क्या कर रही है।

# वादाखिलाफी मामले में भाजपा ने सीएम हेमंत से मांगा इस्तीफा

**मानसून सत्र**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



विस गेट पर राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा विधायक

**रांची।** मानसून सत्र के दौरान सोमवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हाथों में तख्ती लिये सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगा रहे भाजपा विधायकों ने सरकार को नियोजन नीति के मुद्दे पर घेरने की कोशिश की। भाजपा विधायक अनंत कुमार ओझा ने कहा कि हेमंत सरकार ने चुनाव के वक्त राज्य के युवाओं से यह वादा करके आई थी कि 5 लाख नौकरी देंगे, लेकिन सत्ता में बैठते ही यह सरकार अपने इस चुनावी वादे को भूल गई। अबतक नियोजन नीति की घोषणा करने पर भी राज्य सरकार ने खरी नहीं उतरी। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि राज्य के युवा सड़कों पर हैं। उन्होंने हेमंत सरकार से इस्तीफा मांगा। मौके पर विधायक अमित मंडल, अमर बाउरी, रणधीर सिंह, बिरंची नारायण, भानुप्रताप शाही, डॉ नीरा यादव, पुष्पा देवी, अपर्णा सेन गुप्ता आदि शामिल थे। श्री ओझा ने कहा कि राज्य में 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसमें कई तरह की खामियां हैं। एक तरफ राज्य में टेट परीक्षा नियमित रूप से नहीं हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर राज्य के सीटेट पास अभ्यर्थियों को मौका देने से वंचित किया गया है। उनके भविष्य के लिए सरकार को कोई चिंता नहीं है।

## 15 अधिकारियों का हुआ तबादला

# अरुण कुमार मिश्र बने रांची के सहायक उत्पाद आयुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के 15 अधिकारियों का तबादला किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना सरकार के संयुक्त सचिव सुनील कुमार सिंह के द्वारा जारी कर दी गई है।

| अधिकारी का नाम | कहां गए |
|---|---|
| उमाशंकर सिंह | सहायक उत्पाद आयुक्त बोकारो |
| अरुण कुमार मिश्र | सहायक उत्पाद आयुक्त रांची |
| सुनील कुमार चौधरी | प्रभारी उपायुक्त उत्पाद हजारीबाग |
| रामलीला रावानी | सहायक उत्पाद आयुक्त जमशेदपुर |
| संजय कुमार मेहता | सहायक उत्पाद आयुक्त धनबाद |
| राकेश कुमार | प्रभारी उपायुक्त उत्पाद मुख्यालय रांची |
| अरविंद कुजुर | सहायक उत्पाद आयुक्त हजारीबाग |
| अखौरी धनंजय कु. सिन्हा | सहायक उत्पाद आयुक्त मुख्यालय रांची |
| विमला लकड़ा | प्रभारी अधीक्षक उत्पाद सरायकेला |
| क्षितिज विजय मिंज | प्रभारी अधीक्षक उत्पाद ग्रुमला |
| सुधीर कुमार | प्रभारी अधीक्षक उत्पाद पलामू |
| अजय कुमार | प्रभारी अधीक्षक उत्पाद चाईबासा |
| महेंद्र सिंह देव | प्रभारी उत्पाद अधीक्षक गिरिडीह |
| रंजन तिवारी | प्रभारी उत्पाद अधीक्षक लातेहार |
| मीनाक्षी प्रसाद | प्रभारी उत्पाद अधीक्षक खूंटी |
| सौरभ तिवारी | प्रभारी अधीक्षक उत्पाद जामताड़ा |

### राज्य में मुख्यमंत्री पशुधन योजना में हो रहा घोटाला : भाजपा

**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना में हो रहे भ्रष्टाचार का आरोप सरकार पर लगाया है। श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में लाभुकों से धोखाधड़ी हो रही है एवं लाभुकों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लाभुकों से 10,000 रुपये लिये जा रहे हैं एवं अनुदान के रूप में 60,000 सरकार के द्वारा दिये जा रहे हैं लेकिन, लाभुक से 10,000 लेने के बाद भी उन्हें सही नस्ल की गाय नहीं मिल रही है। सरकारी पैसे का बंदरबांट महागठबंधन की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 15 लीटर की दूध देने वाली गाय बताकर 2 लीटर दूध देने वाली गाय लाभुकों को पकड़ा दिया जा रहा है। आखिर शेष 13 लीटर दूध कौन पी रहा है। यह सरासर महिलाओं का अपमान है, जो महिलाएं स्वरोजगार से लाभान्वित होना चाहती है।

# आइपीसी सेक्शन 153-ए और 295-अ के तहत अभियोजन स्वीकृति प्रस्ताव के लिए डीजीपी ने जारी की गाइडलाइन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने आइपीसी की धारा 153-ए और 295-अ के तहत अभियोजन स्वीकृति प्रस्ताव तैयार करने के लिए गाइडलाइन जारी की है। सभी जिलों के एसपी को निर्देश जारी कर कहा गया है कि भेजे जाने वाले प्रस्ताव में गलती रहने के कारण अधिकतर कांडों में समय पर अभियोजन स्वीकृति प्राप्त नहीं हो पाती है। इसमें एकरूपता लाने के लिए डीजीपी द्वारा चेक लिस्ट बनाया गया है। जिले के एसपी को निर्देश दिया गया है कि उसी के अनुसार अभियोजन स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजें।

**अभियोजन स्वीकृति प्रस्ताव के लिए गाइडलाइन**

- डीसी और एसपी का मंतव्य
- उपलब्ध साक्ष्य का संक्षिप्त विवरण
- औपचारिक प्राथमिकी की कंप्यूटर से टाइप प्रति
- वादी के लिखित आवेदन की पठनीय प्रति
- जब्ती सूची
- कांड दैनिकी की अद्यतन कंप्यूटर से टाइप की प्रति
- पर्यवेक्षण की टिप्पणी की पठनीय प्रति
- आरोप पत्र प्रारूप की पठनीय प्रति
- टीआईपी की पठनीय प्रति
- अपराध की स्वीकारोक्ति बयान की पठनीय प्रति
- यदि पूर्व में किसी अभियुक्त के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति प्राप्त हो तो कांड की दैनिकी कंडिका की संख्या
- एफएसएल रिपोर्ट या अन्य रिपोर्ट की पठनीय प्रति।

**क्या है आईपीसी की धारा 295 (ए) :** अगर कोई व्यक्ति भारतीय समाज के किसी भी वर्ग के धर्म या धार्मिक विश्वासों का अपमान करता है या उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य करता है या इससे संबंधित वक्तव्य देता है, तो वह आईपीसी यानी भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 295 -ए के तहत दोषी माना जाएगा। दोषी पाए गए ऐसे व्यक्ति को अधिकतम दो साल तक के लिए कारावास की सजा का प्रावधान है। उस पर आर्थिक दंड भी लगाया जा सकता है या फिर उसे दोनों ही तरह से दंडित किया जा सकता है।

**क्या है आईपीसी की धारा 153 (ए ) :** धारा 153-ए धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने और सद्भाव बिगाड़ने के मामले में लगाई जाती है। इसमें तीन साल तक कारावास या जुमार्ना या दोनों का प्रावधान है। इसे 1898 में अधिनियमित किया गया था और यह मूल दंड संहिता का हिस्सा नहीं था। संशोधन के समय वर्ग द्वेष को बढ़ावा देना राजद्रोह के अंग्रेजी कानून का एक हिस्सा था, लेकिन भारतीय कानून में शामिल नहीं था।

### झारखंड हृदय चिकित्सा योजना के तहत एक करोड़ रुपये की स्वीकृति

**रांची।** झारखंड हृदय चिकित्सा योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आने वाले कार्डधारी जिन्हें हृदय संबंधी बीमारी है, उनका इलाज राजकोट और अहमदाबाद में संचालित प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रिसर्च फाउंडेशन में सरकार सरकार के द्वारा मुफ्त कराया जा रहा है। मरीज और एक अटेंडेंट को आने-जाने के लिए एकमुश्त 10 हजार रुपए का भुगतान किया जाएगा। इस मद में योजना के लिए स्वास्थ विभाग के द्वारा एक करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। बता दें कि प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रिसर्च फाउंडेशन और स्वास्थ्य विभाग के बीच हृदय मरीजों के इलाज को लेकर एमओयू हुआ है। इसके तहत 500 बच्चों का अहमदाबाद में इलाज जबकि 500 व्यस्कों का इलाज राजकोट में होगा।

## 18 अगस्त तक करें ऑनलाइन आवेदन

# एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में 6329 पदों पर शीघ्र होगी बहाली

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में 6329 पदों पर बहाली निकली है। इच्छुक अभ्यर्थी 18 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। टीजीटी के 5660 और हॉस्टल वार्डेन के 669 पदों पर बहाली होगी। झारखंड सहित पूरे देशभर के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में यह भर्ती होगी। समिति ने ईएमआरएस स्टॉफ सलेक्शन एक्जाम इएसएसई-2023 के इच्छुक अभ्यर्थियों से 18 अगस्त 2023 तक ऑनलाइन आवेदन जमा करने को कहा है। सोसाइटी ने आवेदन शुल्क वार्डन के लिए 1000 और टीजीटी के लिए 1500 रुपये रखा है। एससी-एसटी उम्मीदवार से कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। इन पदों पर आरक्षण के नियमों के अनुसार नियुक्ति होगी।

अनारक्षित, इडब्लूएस, एसटी-एससी, ओबीसी सहित अन्य वर्गों में रिक्तियों की पूरी सूची भी दी है। अधिक जानकारी के लिए राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति के ऑफिसियल वेबसाइट देख सकते हैं। बताते चलें कि ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूलों की स्थापना की गई है। यहां एसटी कैटेगरी के कक्षा 6 से 12 तक के स्टूडेंट्स को पढ़ाया जाता है। प्रखंड स्तर पर स्थापित इस स्कूल में छात्र और छात्राओं के लिए अलग-अलग हॉस्टल की सुविधा है।

### साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण आज और कल बारिश के आसार



**रांची।** राज्य में आने वाले कुछ दिनों तक भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी कर कहा है कि एक और दो अगस्त को राज्य में तेज बारिश की संभावना है। कुछ इलाकों में बारिश के साथ वज्रपात की संभावना है। विभाग की मानें तो बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। करीब पांच दिनों तक इसका असर रह सकता है। इस दौरान राज्य के पूर्वी, दक्षिणी और मध्य भाग में असर रहेगा। कुछ जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

# राज्य के सरकारी कर्मियों और पदाधिकारियों को मिलेगा 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार के कर्मियों और सेवानिवृत्त कर्मियों को 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ प्रदान करने के संबंध में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। बीते दिनों मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंजूरी दी गई थी। नयी योजना के तहत राज्य सरकार के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिमाह दिए मिल रहे 300 रुपये चिकित्सा भत्ता को समाप्त कर अधिकतम 6000 रुपये तक की वार्षिक प्रीमियम पर स्वास्थ्य बीमा योजना की सुविधा दी जायेगी। सरकार ने इस योजना के क्रियान्वयन और प्रीमियम भुगतान के लिए 100 करोड़ का का प्रबंध किया है। ₹5,00,000 से अधिक की अगर राशि स्वास्थ्य के खर्च में आयेगा तो सरकार इसका अलग से प्रबंध करेगी।

**इस तरह मिलेगा स्वास्थ्य कर्मियों को बीमा का लाभ :** राज्य विधानसभा के वर्तमान विधायक राज्य के सभी सेवाओं के कर्मियों सेवानिवृत्त कर्मियों तथा उसके परिवार के उन पर आश्रित सदस्य इसमें उनके पत्नी पति पुत्र व दत्तक पुत्र 25 वर्ष की आयु तक। अविवाहित विधवा परित्यक्ता पुत्री नाबालिग भाई, बहन आश्रित माता-पिता प्रतिमाह 9000 रुपए उस पर मान्य महंगाई राहत से कम पेंशन प्राप्त करने वाले इस योजना में शामिल होंगे। इन्हें 5,00,000 रुपए प्रति वर्ष की बीमा का लाभ मिलेगा। वहीं दिव्यांग कर्मियों के आश्रितों को जीवन भर स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। वहीं 500 रुपये चिकित्सा भत्ता के रूप में ओपीडी जांच दवा आदि के लिए दिया जाएगा।

## पक्ष-विपक्ष के हंगामे के कारण प्रथम पाली में कुछ मिनट ही चला सदन

# सदन में राजनीतिक तमाशा, स्पीकर चिंतित

**वेल पर हंगामा करते सदस्यों को समझाने में असफल रहे स्पीकर रवींद्र नाथ महतो**

**उदय चौहान**



**रांची।** मॉनसून सत्र के दूसरे दिन सोमवार को स्पीकर काफी चिंतित दिखे। दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस के प्रदीप यादव ने मणिपुर हिंसा का मामला उठाया। इससे आक्रोशित प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के सदस्य वेल पर पहुंच कर नारेबाजी करने लगे। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने शुरू में विपक्षी सदस्यों को अपनी सीट पर बैठने का आग्रह किया लेकिन, स्पीकर के समझाने का कोई असर विपक्षी विधायकों पर नहीं पड़ा। विपक्षी विधायक वेल पर बैठकर शोरगुल करने लगे। इससे आजिज आकर स्पीकर ने अपरा? 12 बजे तक के लिये सदन की कार्यवाही स्थगित कर दिया। दूसरी बार जब सदन की कार्यवाही 12 बजे शुरू हुई तो फिर भाजपा विधायक वेल पर पहुंच गये। विपक्षी विधायकों के शोरगुल के बीच ही स्पीकर ने शून्यकाल एवं ध्यानाकर्षण की सूचनाएं लेने की कोशिश की। हालांकि, शोरगुल के कारण सदन आर्डर में नहीं आ सका। वेल पर विपक्षी विधायक गठबंधन सरकार के इस्तीफे की मांग करते रहे। इसी दरम्यान वित्त मंत्री ने प्रथम अनुपुरक बजट पेश कर दिया। इसी के साथ स्पीकर ने मंगलवार 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

सोमवार को सदन को सुचारू रूप से चलाने में स्पीकर श्री महतो ने काफी धैर्य का परिचय दिया लेकिन, विपक्ष के अलावा सत्ता पक्ष के विधायकों ने वेल पर पहुंच कर भारी हंगामा किया। इससे स्पीकर काफी चिंतित दिखे। उन्होंने विपक्षी विधायकों को शांत करने के लिए भाजपा विधायक जेपी पटेल से आग्रह किया। उन्होंने सीपी सिंह को कहा कि आप तो अपनी सीट पर बैठ जाइये।

### बाबूलाल व सुदेश ने सत्ताधारी दलों पर साधा निशाना

सदन के बाहर पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार हिंसा के मुद्दे पर बहस करना नहीं चाहती हैं। सदन के भीतर मणिपुर को लेकर बात करती है। जबकि भूल जाती है कि राज्य की स्थिति भी बहुत ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि स्थिति ऐसी है की जेल में बंद अपराधी फोन करके रंगदारी मांगते हैं। रंगदारी नहीं देने पर गोली तक चला रहे हैं। राज्य सरकार इस पर बहस नहीं करती है। उन्होंने कहा कि मुझे तो इस बात की भी जानकारी है कि कई अधिकारी अपराधियों से जेल में बंद होने के बाद फोन पर बातचीत करते हैं। उन्होंने कहा जो राज्य में काम ही नहीं हो रहा है तो फिर अनुपूरक बजट की जरूरत क्या है। इधर, आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि मणिपुर की घटना वाकई में निंदनीय है। लेकिन, झारखंड में जिस तरह के हालात हैं और घटनाएं हो रही हैं, उस पर भी चर्चा सदन में होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्पीकर को कार्य मंत्रणा समिति की बैठक बुलानी चाहिये।

## विभाग ने शुरू की ऊर्दू शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया

# झारखंड में उर्दू शिक्षकों का 3712 पद खाली, शिक्षा विभाग ने मांगी रिपोर्ट

**झारखंड में 4401 उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत पद**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में लंबे समय से उर्दू शिक्षकों के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। झारखंड में 4401 उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत पद हैं जिनमें से मात्र 689 शिक्षक ही कार्यरत हैं। इस तरह राज्य में 3712 उर्दू शिक्षकों के पद रिक्त है। राज्य सरकार ने नियुक्ति करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। इसे भरने के लिए स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग ने सभी जिलों से उर्दू शिक्षकों की रिक्तयों की रिपोर्ट मांगी है।

**जिलों से मांगी गई है रिक्तियां की जानकारी :** उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति के लिए शिक्षा विभाग ने जिलों से उर्दू शिक्षकों के स्वीकृत पद, कार्यरत व खाली पदों की संख्या मांगी है। साथ ही, उर्दू पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की भी जानकारी मांगी गई है। राज्य के वैसे स्कूल जहां 10 या उससे अधिक उर्दू पढ़ने वाले छात्र हैं, उनकी रिपोर्ट भेजनी है। इसी रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार इसी के अनुसार उर्दू शिक्षकों के नए पदों का भी सृजन करेगी। जिन स्कूलों में 10 बच्चे उर्दू पढ़ते हैं उनके लिए एक उर्दू शिक्षक की व्यवस्था की जा सकेगी। इसके बाद नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होगी।

**पहले निकाले विज्ञापन में नहीं था जिक्र :** राज्य में झारखंड प्रशिक्षित प्राथमिक शिक्षक संयुक्त परीक्षा के माध्यम से 26,001 सहायक आचार्यों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई है। आठ अगस्त से इसके आवेदन लिये जाएंगे। इस नियुक्ति प्रक्रिया में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव का जिक्र नहीं है। इसे लेकर उर्दू के अभ्यर्थियों ने इसको लेकर रोष जताया है।

# शौर्य, साहस, त्याग व बलिदान की प्रतिमूर्ति थे उधम सिंह : काले

## सामाजिक संस्था नमन ने क्रांतिकारी शहीद उधम सिंह को किया नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सामाजिक संस्था नमन के तत्वाधान में सरदार उधम सिंह के सोमवार को शहादत दिवस पर मुख्य अतिथि सी जी पी सी अध्यक्ष सरदार भगवान सिंह, संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले, शहर के अनेक गण्यमान्य लोगों, महिलाओं एवं युवाओं की गरिमामय उपस्थिति में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

संस्थापक काले ने कहा कि 21 वर्षों बाद एक अत्याचारी अंग्रेज को उसकी धरती पर जाकर वध करने की घटना ने निश्चित रूप से अँग्रेजी शासन को हिला दिया और अंग्रेजी शासन को डर हो गया जिसके बाद ही उन्होंने देश छोड़ने का मन बना लिया होगा। इस अवसर मुख्य अतिथि सरदार शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आजादी की लड़ाई का इतिहास क्रांतिकारियों के विविध साहसिक कारनामों से भरा पड़ा है। उधम सिंह जी के जज्बे,वीरता और सोच को, उनकी शहादत को हम कभी भी भूल नहीं सकते।



उधम सिंह शहादत दिवस को संबोधित करते अमरप्रीत काले।

देश के लिए ऐसे बलिदानियों के बलिदान को याद कर युवाओं को जागृत करने के लिए नमन परिवार की विचारधारा को नमन है। सरदार शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि सरदार उधम सिंह के साहस और बलिदान ने हम सभी देशवासियों का सर गौरव से ऊंचा कर दिया। पूरा विश्व इस बात को जान गया कि हिन्दुस्तान के लोग सरफिरे होते हैं उनको अपने देश से प्यारा कुछ नहीं होता नमन ऐसे ही वीरों को जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया।

उनको ना सिर्फ याद कर उनको अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करता है बल्कि आज की युवा पीढ़ी को भी उनकी शहादत को याद दिला देशभक्ति की भावना से जोड़ने का काम कर रहा है,मुझे गर्व है कि मैं भी नमन परिवार का एक हिस्सा हूं।' संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि - भारत माता के अमर सपूत उधम सिंह आजादी के प्रमुख महानायकों में से एक थे। उन्हें अपने शौर्य, साहस, त्याग एवं बलिदान के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा।

उनके शौर्य एवं बलिदान की मार्मिक व साहसिक गाथा आज भी भारतीयों को प्रेरणा देती है और देती रहेगी।उन्होंने जिस धैर्य के साथ अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रख कर माँ भारती के लिए अंग्रेजों को एक चेतावनी उनके देश में घुसकर दिया और स्वाभिमान के साथ अपना सर्वस्व बलिदान किया वह अतुलनीय था,यदि आज के युवक उनके के बताये हुए मार्ग पर चलें, तो न केवल अपना, अपितु देश का मस्तक भी ऊँचा कर सकते हैं। काले ने आज उपस्थित देशभक्तों से जोर देकर कहा की हमें राष्ट्र हित में बड़ी सोच और बेहतर समझ के साथ जात- पात , ऊंच-नीच से ऊपर उठ कर राष्ट्र के परम वैभव की कल्पना के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।

कार्यक्रम के दौरान सेन्ट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के उपाध्यक्ष कुलविंदर सिंह पन्नू, साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव परमजीत सिंह काले, सेन्ट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व महासचिव जसवंत सिंह भोमा सहित अन्य ने अपने विचार रखे, संचालन धनुधर त्रिपाठी एवं धन्यवाद ज्ञापन महेश मिश्रा ने किया।

श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में सेन्ट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के वरिय उपाध्यक्ष सरदार चंचल सिंह, वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह, जेपी राय, महासचिव इन्द्रजीत सिंह, महासचिव गुरचरण सिंह बिल्ला, कार्यालय सचिव त्रिलोचन सिंह, महेंद्र सिंह, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सत्येन्द्र कुमार सिंह, अवधेश कुमार, राजपति देवी, बिपिन झा, संदीप सिंह, पंकज वर्मा, सरजू राम, ममता पुष्टि, परमजीत कौर, बलविंदर कौर, सीमा जयसवाल रीना सिंह, शांति कुमारी आदि उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## गोड़ाडीह में पहली बार रिकॉर्ड रक्त संग्रह



जमशेदपुर। सुंदरनगर थाना क्षेत्र के गोड़ाडीह टोला– नपितडीह के प्राथमिक विद्यालय परिसर में पहली बार रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। नावा जुवान जुमिद आखड़ा, गोड़ाडीह और सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। वीवीडीए के सहयोग से जमशेदपुर ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रह किया। सुबह से लोग रक्तदान के लिए अपनी कतारों में खड़े होकर रजिस्ट्रेशन कराते देखे गए। शहर से दूर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में पहली बार रक्तदान शिविर में कुल 117 युवाओं ने बढ़ चढ़ हिस्सा लिया और रक्तदान किया, जिनमें दो घरेलू महिला भी शामिल हैं। जहां खुखड़ाडीह निवासी सरिस्ट रानी महतो ने छठी बार रक्तदान किया तो वहीं गोड़ाडीह निवासी अनीता प्रमाणिक ने पहली बार रक्तदान कर साहसिक परिचय देकर मिसाल बन गई है। मौके पर मुख्य अतिथि झामुमो के जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने इस शिविर की तारीफ करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की शिविर का आयोजन होते रहना चाहिए ताकि गांव के लोगों का रक्तदान के प्रति भय दूर हो सकें। भाजपा नेता राजकुमार सिंह ने भी कहा कि रक्तदान महादान है और समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए ताकि शरीर भी स्वस्थ रहें और एक जरुरतमंद इंसान को समय पर आसानी से ब्लड उपलब्ध हो सकें। वहीं 71वीं बार रक्तदान कर चुके जमशेदपुर निवासी राजेश मार्डी ने बताया कि इस गांव में पहली बार रक्तदान शिविर आयोजित किए जाने पर स्थानीय लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। आदिवासी बहुल इलाकों में भी रक्तदान के प्रति जागरूकता आ रही है। रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को अतिथियों के द्वारा प्रशस्ति सम्मान पत्र एवं विशेष रूप से टी शर्ट उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से आखड़ा के अध्यक्ष उदय मार्डी, मुखिया पलटन मुर्मू, सचिव राजाराम भूमिज, राजेश मार्डी, तरूण कुमार घोष, सुधाकर सरदार, संजय मार्डी, रंजीत सिंह, विराम मार्डी, गोविंद सिंह, मंटू महतो, दुर्गा प्रसाद मुर्मू, गणेश मार्डी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# पिस्टल और गोली के साथ दीपक चौधरी और अभिषेक गिरफ्तार

## गैंगस्टर अमरनाथ सिंह हत्याकांड

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर पुलिस ने दुमका जिले के अंतर्गत बोल बम धार्मिक यात्रा पर गए गैंगस्टर अमरनाथ सिंह की हत्या के मामले में दो आरोपियों अभियुक्त दीपक चौधरी उर्फ ठेका चौधरी तथा अभिषेक सिंह और बिट्टू सिंह को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। दीपक चौधरी के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस तथा अभिषेक सिंह के पास से पुलिस ने तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है।

सिटी एसपी के विजय शंकर ने पत्रकारों को बताया कि 30 जुलाई को पता चला कि अमरनाथ सिंह हत्याकांड में वांछित दो अपराधी करने हथियार गोली के साथ जमशेदपुर शहर से कोलकाता जाने वाले हैं। सूचना कि सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी एमजीएम राजू द्वारा एक छापेमारी दल का गठन किया गया। एमजीएम थाना अंतर्गत देवघर गांव स्थित एनएच-33 पर पुलिस ने आने जाने वाले वाहनों का सघन जांच शुरू किया। इसी दौरान जमशेदपुर से कोलकाता जाने वाली साईं नामक यात्री बस को रोककर जांच पड़ताल की गई तो उसमें सवार दो यात्रियों की की गतिविधि संदिग्ध पाई गई। पुलिस दल ने तत्काल दोनों का नाम पता पूछ कर तलाशी लिया गया। दीपक चौधरी उर्फ ठेका चौधरी के पास से एक पिस्तौल एवं गोली तथा 24 वर्षीय अभिषेक सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के पास से गोली बरामद हुआ। दोनों व्यक्तियों की पहचान कर एमजीएम थाना लाया गया। पकड़ाई व्यक्तियों ने बास्की नाथ धाम दुमका में गैंगस्टर अमरनाथ सिंह की हत्या करने की बात स्वीकार की। तत्पश्चात अमरनाथ सिंह हत्याकांड का वांछित अभियुक्त होने एवं अवैध रूप से गोली रखने का आरोप में पकड़े दोनों व्यक्तियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अभियुक्त दीपक चौधरी मानगो डिमना रोड स्थित आस्था स्पेस सिटी में मनोज कुमार के घर में किराएदार के रूप में रहता है और वह स्थाई रूप से वैशाली जिले के लालगंज का निवासी है जबकि अभिषेक सिंह एर्फ बिट्टू सिंह 24 वर्ष का है और वह बागबेड़ा गाढ़ाबासा का रहने वाला है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी राजू के अलावा पुलिस अवर निरीक्षक रविकांत पराशर पुलिस अवर निरीक्षक गोपाल कुमार पुलिस अवर निरीक्षक अमित रंजन हवलदार विनय शंकर तिवारी आरक्षी फिरोज आलम आरक्षी अमर सिंह राठौर आदि शामिल थे।



गिरफ्तार दीपक चौधरी और अभिषेक को प्रेस के सामने प्रस्तुत करते सिटी एसपी के. विजय शंकर। साथ में एमजीएम थाना प्रभारी राजू व अन्य।

# टाटा ब्लूस्कोप स्टील बनी निर्माण क्षेत्र की समाधान प्रदाता, ग्राहकों को देगी एंड टू एंड सोल्यूशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/पुणे।** भारत में कलर-कोटेड स्टील उद्यम की प्रमुख कंपनी, टाटा ब्लूस्कोप स्टील ने अपनी व्यावसायिक रणनीति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की घोषणा की है। कंपनी ने बहुत ही गर्व से घोषित किया है कि वह उत्पाद-उन्मुख कंपनी से समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने वाली कंपनी के रूप में विकसित हो रही है। जमशेदपुर में हाल ही में हुई, चैनल पार्टनर्स के सम्मलेन 'आकार' में इन योजनाओं की घोषणा की गयी। आकार शब्द का मतलब ध्यान में रखते हुए सम्मेलन को यह नाम दिया गया था। टाटा ब्लूस्कोप स्टील इकोसिस्टम के सभी हितधारकों को एक प्लेटफार्म पर लाकर स्टील बिल्डिंग समाधानों में एक हरित भविष्य साथ मिलकर बनाया जाएं यह इसका उद्देश्य है। आकार एक छत के नीचे अपने सभी ग्राहक जुड़ाव संबंधी पहलों के लिए मंच प्रदान करेगा जो लिसट और इजी बिल्ड समाधानों को पूरा करता है। टाटा ब्लूस्कोप स्टील के एमडी अनूप त्रिवेदी ने कहा, कलर-कोटेड स्टील उद्योग की बदलती गतिशीलता और ग्राहकों की बढ़ती मांगों के अनुरूप हमने यह निर्णय लिया है। व्यापक समाधानों पर ध्यान केंद्रित करके, उच्च स्तर का मूल्य, नवाचार और ग्राहक संतुष्टि प्रदान करना टाटा ब्लूस्कोप स्टील का लक्ष्य है। यह रणनीतिक बदलाव कंपनी को ग्राहकों के सामने आने वाली जटिल चुनौतियों का समाधान करने और विभिन्न उद्योगों में सार्थक प्रभाव पैदा करने में सशक्त बनाएगा।

## पान (तांती) समाज मानगो प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष बनाये गये रमेश तंतुबाई



जमशेदपुर। गत रविवार की शाम शहर के मानगो स्थित के 'गांधी घाट पार्क' में पान (तांती) समाज की एक बैठक परमेश्वर दास जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें तांती समाज कल्याण समिति, मानगो कमेटी के पदाधिकारीगण, सदस्यगण ने 2015 से चली आ रही अपने संगठन को पान (तांती) जाति की एकता को और सशक्त बनाने के लिए वर्तमान समय में पूरे कोल्हान क्षेत्र में अपनी जाति को सही दिशा दे रहे संगठन कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति में विलय कर दिया गया एवं नए सत्र के लिए मानगो प्रखंड इकाई की नवकमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मानगो प्रखंड अध्यक्ष रमेश तंतुबाई, मानगो प्रखंड सचिव लक्खु तंतुबाई, कोषाध्यक्ष कमल दास एवं प्रखंड संरक्षक सह सलाहकार पद पर परमेश्वर दास का कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति की केंद्रीय कमेटी की उपस्थिति में चयनित किया गया।

## सीजीपीसी के स्वास्थ्य जांच सह रक्तदान शिविर में उमड़ी संगत



जमशेदपुर। सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी द्वारा आयोजित मेगा स्वास्थ्य जांच सह रक्तदान शिविर में जमशेदपुर के संगत ने खुले मन से अवसर का लाभ उठाया। सीजीपीसी कार्यालय में आयोजित शिविर में 106 नेत्र जांच, 78 रक्त जांच और 117 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयु राय और कोल्हान के रिटायर्ड पूर्व आयुक्त विजय सिंह ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का मनोबल बढ़ाया। सीजीपीसी के प्रधान सरदार भग गवान सिंह ने सर्वप्रथम रक्तदान कर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।




## स्पीड न्यूज

### सिंचाई परियोजनाओं की अविलंब स्वीकृति को ले धरना पर बैठे विधायक




**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन अपनी मांगों को लेकर पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता झारखंड सरकार के खिलाफ धरने पर बैठ गए। इस दौरान विधायक डॉ मेहता ने सरकार के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया। डॉ मेहता विधानसभा क्षेत्र के अति महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं पिरी, चाको, सोनरे और जमुनें सिंचाई परियोजनाओं को अविलंब स्वीकृति देने की मांग कर रहे थे। विधायक ने कहा कि उक्त सभी सिंचाई परियोजनाएं जनहित में अत्यंत महत्पूर्ण और आवश्यक है। उन्होंने सरकार से अविलंब उक्त सभी परियोजनाओं की स्वीकृति देने की मांग की।

### पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश को दी गयी विदाई

**मेदिनीनगर।** तू दूर जाने वाले कैसे तुझे भुलाऊं। आंखे से दूरी कर ली आप कहा जाएंगे, जाने वाले आप मुझे बहुत याद आएंगे। गीत के साथ पलामू के तत्कालीन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे को बिदाई दी गई। विदित हो कि 31 जुलाई को प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे के सेवानिवृत्त होने पर अधिवक्ता संघ परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने की जबकि संचालन महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने किया।

### रेवारातू हुसैनी काफिला मोहर्रम कमेटी के ताजिया को प्रथम पुरस्कार




**सतबरवा।** मुहर्रम के जुलूस विसर्जन के दौरान तहफूजे इस्लाम कमेटी सतबरवा के द्वारा शनिवार को देर रात्रि एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सर्वक्षेष्ठ ताजिया का चयन किया गया। इस दौरान रेवारातू हुसैनी काफिला मोहर्रम कमेटी के ताजिया को प्रथम पुरस्कार थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने कमेटी के मेंबर को कप प्रदान किया। वही आयोजन समिति के अफजल अंसारी, शकील अंसारी, आफताब आलम ने बताया कि दूसरे स्थान पर सर्वश्रेष्ठ ताजिया के रूप में क्रमशः ताबर और करमा मोहर्रम कमेटी के कलाकारों को संयुक्त रूप से विशिष्ट अतिथि मोहन जोशी ने पुरस्कार दिया तथा तीसरा पुरस्कार मुक्ता तथा बोहिता मोहर्रम कमिटी को दिया गया। वही उत्कृष्ट खेलकूद करने वाले सतबरवा, करमा और रेवारातू के खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर बारिश के बावजूद भी काफी संख्या में लोग जुलूस में शामिल थे।

### रा म वि नावाडीह शिक्षक के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन



**हुसैनाबाद, पलामू।** प्रखण्डके बिहार झारखण्ड सीमावर्ती क्षेत्र के रा म वि नावाडीह में कार्यरत प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह सेवानिवृत्त हो गए। सोमवार को रा मध्य वि नावाडीह परिसर में विदाई समारोह रखा गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया अनंती देवी एवं संचालन वरीय शिक्षक अंगद प्रसाद एवं अजप्टा के प्रखंड अध्यक्ष जुबैर अंसारी ने किया। कार्यक्रम से पूर्व अजाप्टा जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, संगठन सचिव राजीव रंजन पाण्डेय, संयुक्त सचिव मनोज कुमार द्विवेदी, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक श्याम नारायण सिंह एवं मुखिया अनंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। अजप्टा जिला अध्यक्ष सुधिर दुबे ने कहा कि ये अनुशासित व कर्त्तव्यपरायण शिक्षक के रूप में याद किए जायेंगे। मुखिया अनंती देवी कहा कि शिक्षक समाज शिक्षा रूपी अमृत प्रदान करते है जो जीवन के लिए अमूल्य हैं। मौके पर अजाप्टा प्रखंड अध्यक्ष सचिव निर्मल कुमार, चक्रवर्ती सिंह, प्रेम कुमार चौधरी, विकास प्रसाद, जितेंद्र कुमार, संजय पासवान, मनोज कुमार चौधरी, प्रमोद पासवान, महेंद्र बैठा, दीपनारायण सिंह।

### प्रखंड में धूमधाम से गुरु पूजा उत्सव मना



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का गुरु पूजा उत्सव 57वीं वर्षगांठ समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, निकटवर्ती संडा, सरईवार, बलूआड़ी, पड़रिया, दुबरीडीह, मझिगावां, मारादाग, बघना, भंगिया सहित कई राज विद्या केंद्रो पर प्रेम रावत जी के चित्र पर पुष्पार्जन के साथ उत्सव प्रारंभ हुआ। उक्त सभी केंद्रों में उनका ऑनलाइन शांति का संदेश का प्रसारण किया गया। प्रचार सहायक दिनेश पासवान ने कहा कि प्रेम रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। इस आयोजन को सफल बनाने में केंद्र सहायिका मधु कुमारी, कृष्णा गुप्ता, डॉ घनश्याम शर्मा, रामनाथ साह, अमन गुप्ता, गुप्तेश्वर, सुमित्रा देवी,राजमणि देवी, केदारनाथ ठाकुर, सरोज चौधरी, नवीन पांडेय, शंभू सिंह, रामप्रसाद यादव, गोपाल प्रसाद सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे।

### बसपा की बैठक में बूथ कमिटी को मजबूत करने पर जोर



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद बसपा कार्यालय में बसपा कार्यकर्ताओ की बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बसपा के वरिष्ठ नेता बीरेंद्र राम ने की संचालन प्रदीप कुमार मेहता ने किया, बैठक को संबोधित करते हुऐ बसपा के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूरे विधानसभा में बसपा बहुजन यात्रा शूरू कर समाज को जोड़ने व पार्टी का जनाधार बढ़ने की जरुरत है। बैठक में अजय भारती ने कहा कि कई समस्याओं को लेकर बसपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी। बैठक में पूर्व प्रदेश प्रभारी पुनीत अंबेडकर, प्रदेश सचिव नुरुल खान, पारिखा राम, दशरथ मेहता, मुकेश कुमार रवि, प्रमोद राम, कृष्णा राम, मुकेश कुमार रवि, श्रवण राम, सुरेंद्र राम डॉ किरण राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### शांति और सौहार्द में ही दोनों समुदाय की तरक्की : ओंमकारनाथ



**पांकी पलामू।** अमन पसंद पांकी के लोग हैं। पांकी विधानसभा में लोग एक दूसरे को सहयोग और समर्पण के साथ काम करते हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओमकार नाथ जायसवाल कही। वे पांकी भगत सिंह चौक मस्जिद के प्रांगण में मोहर्रम इंतजाम या कमेटी पांकी द्वारा आयोजित मुहर्रम के अवसर पर पगड़ी तोशी कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी ने जायसवाल को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। मौके पर जिला संगठन मंत्री अरुण वर्मा, पांकी प्रखंड के कार्यकारी अध्यक्ष लल्लू यादव, कमलेश कुमार, गौतम गुप्ता, नीतीश कुमार, मनोज, महेंद्र भुइयां, अंकित शुक्ला शामिल थे।

### डैम में डूबने से हुई युवक की मौत

**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत अंतर्गत भाली गांव निवासी लखन यादव के 20 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र यादव की सोमवार को काशीस्रोत डैम में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सत्येंद्र यादव रोज की तरह भैंसों को चराने के लिए डैम की तरफ गया था। इसी दौरान भैंसे डैम में डुबकी लगाने चलीं गई। जिन्हें बाहर निकालने के सत्येंद्र गहरे पानी में चला गया।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

# निर्वाचन कार्य जिम्मेदारी के साथ करें ईआरओ, एईआरओ : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सोमवार को डीआरडीए सभागार में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (एस एस आर, 2024) को लेकर सभी ईआरओ, एईआरओ के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत चल रहे कार्य जैसे- हाउस टू हाउस सत्यापन, पन्ना सत्यापन, फॉर्म जुटाने और निपटाने, बूथ सत्यापन, बूथ युक्तिकरण, एएमएफ, आदि कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त शशि रंजन ने बैठक में बारी-बारी से सभी ईआरओ और एईआरओ से ईवीएम मशीन, पोलिंग बूथ, पोलिंग लोकेशन,हाउस टू हाउस सत्यापन आदि कार्यो की जानकारी ली। साथ ही सभी पदाधिकारियों को बीएलओ रजिस्टर पढ़ने व समझने की सलाह दी। उपायुक्त ने उपस्थित सभी ईआरओ, एईआरओ व सबंधित कर्मियों को हिदायत देते हुए कहा कि निर्वाचन संबंधित कार्य के मामले में सबंधित पदाधिकारी जिम्मेवारी के साथ काम करें अन्यथा कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने हाउस टू हाउस सर्वे में अपेक्षित प्रगति नहीं पाये जाने पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि अगले सप्ताह तक फॉर्म प्राप्त करने में अधिक से अधिक प्रगति की उपलब्धि दिखनी चाहिए अन्यथा संबंधित एईआरओ के साथ-साथ बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होने कहा कि जिले के वरीय पदाधिकारी हाउस टू हाउस सर्वे कार्य का निरीक्षण प्रतिवेदन समय समय पर मुझे सौंपते रहेंगे। कोई बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर फील्ड में नहीं पाये जाते हैं तो निर्वाचन कार्य की जिम्मेदारियों में लापरवाही को देखते हुए विधि समस्त कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। हाउस टू हाउस सर्वे कार्य के दौरान किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से नहीं छूटने पाये, इसके लिए प्रत्येक घरों तक अनिवार्य रूप से पहुंचने का निर्देश सभी ईआरओ एवं एईआरओ को उपायुक्त ने दिया। साथ ही मृत/ स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान कर विहित प्रपत्र में आवेदन जमा लेने का निर्देश गया। उपायुक्त ने प्रत्येक बूथों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता जैसे पेजयल, शौचालय, रैम्प, कमरों में वेंटिलेशन व रौशन आदि का निरीक्षण करने और मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों का निराकरण 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक पोर्टल के माध्यम से शुद्ध सूची बनाने का निर्देश ईआरओ एवं एईआरओ को दिया।

# पांकी विधायक ने जल सहिया के मामले को विधानसभा में उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने विधानसभा सत्र में शून्य काल के दौरान जल सहिया के मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड में 29 हजार छःह सौ जल सहिया कार्यरत है। जो 11 वर्षों से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में कार्यो को बखूबी निर्वाह करते हुए महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। दुर्भाग्य की बात है कि इनकी मानदेय विगत 48 माह से बकाया है। जिस कारण इनके समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इतना ही नहीं 11 वर्ष के दौरान मात्र एक बार इन जलसहिया को ड्रेस मिला है। विधायक मेहता ने विधानसभा सत्र के दौरान झारखंड सरकार से मांग किया।की अविलम्ब इनकी बकाया मानदेय प्रोत्साहन राशि के साथ भुगतान किया जाए। इसके साथ ही साथ इन सभी का मानदेय नियमित रूप से भुगतान कराए जाने का सुनिश्चित कराया जाए।और वर्ष मे दो ड्रेस दिया जाए।

# स्वयंसेवकों की मांग को विधायक ने विस में उठाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

आलोक चौरसिया ने कहा कि मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि उनकी गंभीर मांगों पर ध्यान दिया जाए



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने पंचायत सचिवालय स्वयंसेवको की पांच को विधानसभा में उठाया। उन्होंने शून्यकाल सत्र में विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से सरकार के पास मांग रखा। उन्होंने राज्य सरकार से मांग किया कि पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक को उचित मानदेय दिया जाए। साथ ही स्थायीकरण किया जाए। पंचायत स्वयंसेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया जाए। पंचायत स्वयंसेवक को समायोजन नियम पर विचार किया जाए एवं दस प्रतिनिधि मंडल से समुचित वार्ता किया जाये। विधायक चौरसिया ने कहा कि राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय कर्मियों की नियुक्ति की गई थी। कई विभागों से पंचायत की योजना का क्रियान्वयन के लिए पंचायत सेवकों से सेवा ली जा रही है। कम मानदेय पर इनके बच्चों की शैक्षिक सेवा तथा घर चलाना बिगड़ गया है। इसको देखते हुए उन्होंने सेवा स्थायीकरण करने पंचायत संघ सेवक को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि को हटा उचित मानदेय पंचायत सेवक सहायक पर राज्य का गठन किया जाए। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि उनकी गंभीर मांगों पर ध्यान दिया जाए। इस दिशा में कर्मचारियों के भविष्य सुरक्षित करने की पहल सरकार करे।

# मुहर्रम से जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने की मिलती है प्रेरणा : जिला पार्षद अमित कुमार

हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल पेश करते हैं डाली बाजार के मनोज विश्वकर्मा : पर्यावरणविद कौशल

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पर्यावरणविद व जिला पार्षद को पगड़ीपोशी करते इस्लाम धर्म के लोग

**छतरपुर पलामू।** जिले के छतरपुर अनुमंडल के पंचायत डाली बाजार के आजाद नगर मिलान पर और कौशल नगर चौक परिसर में मुहर्रम के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल और उनके पुत्र सह छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल को उप मुखिया अफजाल अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि जुबेर अंसारी , शमीम अंसारी, गुलाम गौस, पंचायत समिति सदस्य शहाबुद्दीन अंसारी, यासीन अंसारी, शमीम अख्तर, एवं साकिम अंसारी समेत दर्जनों लोगों ने पगड़ीपोशी कर फूल माला देकर स्वागत किया। हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 शहीदों की शहादत में छतरपुर, डाली बाजार, चेगौना, माडवा, मुंगेरी, अलीपुर, नावा समेत दर्जनों जुलुस में जिला पार्षद अमित शामिल हुए। मौके पर जिला पार्षद ने कहा कि हुसैन साहब का कत्ल करने के बाद भी यजीद का अंत होना उनकी शहादत के मर्म को दशार्ता है। हजरत इमाम हुसैन साहब एवं उनके 72 शहीदों की शहादत जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा देता है। उनकी याद में आज संकल्प लेने का दिन है। पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि डाली बाजार के लोग वर्षों से हिंदू मुस्लिम एकता का एक अलग मिसाल पेश करते आ रहे हैं। उसी का जीता जगता सबूत है कि डाली बाजार के मनोज विश्वकर्मा पिछले डेढ़ दशक से ताजिया बनाते आ रहे हैं। इस वर्ष भी मनोज विश्वकर्मा डाली बाजार के तीन कारीगर नसरुद्दीन अंसारी, इनामुल हक एवं राजा बाबू के सहयोग से आजाद नगर का आकर्षक ताजिया बनाया था। जो उस क्षेत्र में जुलूस के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहा। मौके पर सुचित कुमार जायसवाल, सत्येंद्र प्रसाद, रामजी प्रसाद, लालबाबू प्रसाद, बसीर अंसारी, शकील अंसारी, अनवर अंसारी, मुस्ताक अंसारी, खुर्शीद अंसारी, करीम अंसारी, जुम्मन अंसारी, बदानी अंसारी, राकेश रंजन, विनोद यादव, श्यामदेव पासवान, शिवनाथ राम, अवधेश राम, बाबूराम, असगर अंसारी, नगाड़ा अंसारी, ताज मोहम्मद, राजेश्वर मिस्त्री समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## गैस सिलेंडर ब्लास्ट की घटना में घायल हुए लोगों में एक की मौत



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द निवासी आजम रिजवी के घर पिछले 24 जुलाई को हुई एलपीजी गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने की घटना के घायलों में से एक 40 वर्षीय मोहन लाल की मौत हो गई। मृतक औरंगाबाद जिला अंतर्गत नबीनगर थाना के बड़ेम गांव का रहने वाला था। जो अररुआ खुर्द स्थित रामविलास प्रजापति के घर किराएदार के रूप में रहकर फेरी लगाकर सामान बेचने का काम करता था। मृतक का इलाज पटना में चल रहा था। जहां हालत गंभीर होने पर रांची ले जाया जा रहा था इस दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उक्त घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। वहीं मोहनलाल की मौत पर समाजसेवी अतहर हुसैन, मुमताज अहमद, मुस्लिम अंसारी, वायजुल आदि ने गहरी संवेदना जताई है।

## पांकी विस के हिंदू-मुस्लिम मिलकर त्यौहार मनाते हैं : बिट्टू सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखंड में इंतजामियां कमेटी की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पाकी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने शामिल होकर सभी कमेटी के लोगों को सम्मानित किया। मौके पर कमेटी के लोगों ने पूर्व विधायक सिंह को पगड़ी बांध एवं तलवार एवं फोटो देकर सम्मानित किया। पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे पांकी विधानसभा के हिंदू मुस्लिम भाई एकता का परिचय देते रहे हैं। हर एक त्यौहार में दोनों समुदाय एक दूसरे से मिलकर त्योहार को मनाते हैं। आप के ओंकार नाथ जायसवाल, कांग्रेस पार्टी के रूद्र शुक्ला, समाजसेवी रामदास साहू, मुमताज खान गांव-गांव में जाकर मोहर्रम जुलूस में शामिल हुए तथा मोहर्रम कमेटी को बधाइयां दी। कार्यक्रम में सनातन धर्म सभा के अजीत तिवारी, पूर्व जिप सदस्य निर्मला कुमारी शामिल थे।

**थाना प्रभारी दिखे सक्रिय**

मोहर्रम को लेकर मोहर्रम सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे कड़ी सुरक्षा के बीच में ताजिया और अखाड़ा जुलूस निकाला गया। अखाड़ा ताजिया जुलूस के साथ पुलिस पदाधिकारी और जवान साथ चल रहे थे। प्रशासन ने शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम मनाने की तैयारियां कर रखी थी। प्रखंड के चौक चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अलावा पुलिस गस्ती भी लगातार सड़कों पर नजर आई। लेस्लीगंज थाना अध्यक्ष गौतम कुमार राय खुद कमान संभाले हुए कई चौक चौराहों पर नजर आए।

### पाटन : प्रखंड प्रमुख ने किया सम्मानित



**पाटन पलामू।** प्रखंड अंतर्गत उताकी पंचायत के बैदा कला,मझोली, कुंवर बांध के मुस्लिम भाइयों के द्वारा ताजिया मिलान किया गया। इस मौके पर पाटन प्रमुख शोभा देवी के द्वारा ताजिया एवं सिपर बनाने वाले कारीगर को सम्मानित किया गया। समाज सेवी शक्ति शंकर गुप्ता, रवानी अंसारी, असगर अंसारी, हासिम अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### यह गंभीर मामला, अपराधियों को शीघ्र पकड़ें : किशोर



**मेदिनीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष व पलामू विश्व हिंदू परिषद के विशेष संपर्क प्रमुख किशोर कुमार पांडेय ने मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ करने वाले को चैनपुर पुलिस से शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। पांडेय ने कहा कि पलामू पुलिस की कार्य सराहनीय है। विशेषकर चैनपुर पुलिस साधुवाद के पात्र है, क्योंकि इस मामले को गंभीरता से लेकर अपराध पंजीबद्ध किया, पर इस मामला का उद्भेदन अत्यंत आवश्यक है। मुहर्रम जुलूस के दौरान राष्ट्रध्वज के साथ छेड़छाड़ करने का उद्देश्य क्या है? इनका मनसा क्या है? कहीं ये लोगों को बाहरी शक्तियों के द्वारा प्रोत्साहित तो नहीं किया जा रहा है।

### विश्रामपुर में निकला मुहर्रम का जुलूस




**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद व आंचलिक क्षेत्र में मुहर्रम का जुलूस निकला गया। जुलूस में शामिल लोग कर्बला दूर है..जाना जरूर है का नारा लगा रहे थे। मुहर्रम जुलूस के दौरान या हसन- या हुसैन से पूरा क्षेत्र गूंज गया। विश्रामपुर में जुलूस का शुरूआत बस स्टैंड से हुआ। डाक बंगला परिसर में ताजिया-सिपड़ का मिलान हुआ। इसके बाद जुलूस विश्रामपुर गढ़ होते हुये कर्बला चला गया। यहां के जुलूस में कोशियार, डीहरिया, झगरुआ, पांडेपुर, उरसुला, कविलासी, निमिटाड़ी विश्रामपुर दर्जी मुहल्ला सहित कई गांव के जुलूस का मिलान हुआ। जुलूस के दौरान कलाकारों ने कई करतब भी दिखाये। जुलूस के दौरान युवाओं ने शान से तिरंगा झंडा लहराया। जुलूस को भव्य बनाने में मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी ने कोई कोर कसर नही छोड़ा था। कमेटी ने जुलूस पूरी तैयारी के साथ परंपरागत तरीके से निकला। प्रखंड मुहर्रम इंतेजामिया कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यों ने जुलूस को शांति पूर्ण निकालने में अहम भूमिका अदा की। शांति व्यवस्था कायम रखने में बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम,थाना प्रभारी शशि रंजन, मुकेश कुमार,मनोज अंबेडकर सहित कई प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारी की अहम भूमिका रही। मौके पर बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी, सलीमुदिम अंसारी, शमशेर आलम, आजम खान, मशीर खलीफा, एकराम अंसारी, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, विजय कुमार रवि, आगम दास, बबन राम, शिवबंश मिश्रा, संतोष राम, नगर इंतजामिया कमेटी के सदर मुंसफीर आलम कादरी, सेक्रेटरी महबूब आलम, अनीस अंसारी, मो फिरोज, असमान अंसारी, इदरीस अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी, एकरामुदीन अंसारी, मुस्तकिम अंसारी, सकील अहमद, मुनीर आलम, युनुस अंसारी, राहुल जैकब, सोनू खलीफा सहित कई लोग मौजूद थे।

## अखिल भारतीय कान्यकुब्ज हलवाई समाज के जिला अध्यक्ष बने मनोज गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कान्यकुब्ज हलवाई समाज की बैठक श्री विष्णु मंदिर के प्रांगण में की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश प्रसाद पप्पू ने किया। जिसमें नए एवं ऊजार्वान लोगों को पदभार दे कर पुनर्गठन किया गया। इसमें जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सचिव बबलू गुप्ता, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी शुभम प्रसाद एवं उपाध्यक्ष सोनल गुप्ता को निर्विरोध पदस्थापित किया गया। सभी ने समाज के उत्थान के लिए भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का बीड़ा उठाया' पूर्व अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए अपने कार्यकाल में किए गए उपलब्धियों के बारे में सभी को अवगत कराया एवं नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने लोगों को आश्वासन दिया कि हमसे जो भी कार्य बन पड़ेगा वह समाज के लिए चाहे दिन हो या रात हो सेवा करते रहेंगे। सचिव ने कहा कि समाज में बहुत से ऐसे गरीब लोग हैं। जिनको जो भी सहायता समाज की ओर से चाहेगे उनको पूर्ण करने का प्रयास किया जायेगा।

## शहर थाना क्षेत्र के बड़ा तालाब के पास से देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हॉस्पिटल चौकी स्थित बड़ा तालाब के पास से देसी कट्टा के साथ एक अपराधी गिरफ्तार। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी। कि बड़ा तालाब स्थित शिशु कल्याण केंद्र के पास एक मोटरसाइकिल पर दो अपराधी खड़े हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर सत्यापन किया गया। गुप्तचर के अनुसार घटना को सही पाया गया। जब पुलिस उन दोनों खड़े व्यक्ति के पास पहुंची।तो पुलिस को देखते ही एक भागने में सफल रहा। जबकि दूसरा व्यक्ति मोटरसाइकिल स्टार्ट कर भागने ही वाला था। कि उसे दबोच लिया गया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक देसी कट्टा, मोबाइल बरामद किया गया। और उसका मोटरसाइकिल जे एच 01सी जे 2409 को जब कर लिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी राम कुमार पासवान ऊर्फ लकड़वा पिता विजय मांझी ग्राम पिपराटाड का रहने वाला है। जबकि फरार अपराधी विक्की आलम पिता अलीम आलम शिवाला रोड शास्त्री नगर शहर थाना क्षेत्र का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थाना प्रभारी श्री सिन्हा ने बताया कि गिरफ्तार रामकुमार से पूछताछ किया जा रहा है। कि कौन सी घटना को अंजाम देने वाला था और उसका कारण क्या था। छापेमारी दल में टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, पुअनी जितेंद्र कुमार, सअनी अशोक कुमार दुबे, हवलदार मनवेल मुर्मू वह अन्य आरक्षी शामिल थे।

# जपला में हुआ प्रेमरावत जी सत्संग सह कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन

मानव को अपने रहस्मयी जीवन को समझना होगा तभी समाज मे शांति आयेगा : चंद्रदीप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद, पलामू।** अनुमंडल के कपूरी मैदान के समीप नवनिर्मित विवाह मण्डप में सोमवार को राजविद्या केंद्र जपला तत्वावधान में सत्संग सह अमृत वाणी कीर्तन काआयोजन किया गया। जिसका संचालन श्यामलाल राम ने किया।

यह कार्यक्रम गुरुपूजा के अवसर पर रखा गया। कार्यक्रम की सुरुवात आगन्तुक जिज्ञासुओं व प्रेमी बंधुओं के द्वरा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर अमृत वाणी प्रार्थना गया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उनके परम-प्रेमी बन्धु व हुसैनाबाद महिला थाना के एसआई चन्द्रदीप प्रसाद ने बताया कि जीवन मे मनुष्य को बहुत से परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण मनुष्य रोज रोज नए नए उलझन में फंसता चला जाता हैं जिससे समाज अशांति फैलती हैं वह बड़ा रूप लेलेता हैं। उन्होंने कहा कि प्रेम रावत कोई साधु या संत नही हैं बल्कि वह समाज के शुभचिंतक हैं, जिनका उदेश्य हैं कि हर मानव अपने वास्तविक जीवन रहस्य को समझे और समाज व देश मे शांति और प्रेम का संदेश दे। प्रेम रावत जी के अमृत वाणी आज विश्व मे शांति का शंदेश दे रहा हैं जिससे विश्व का कल्याण होगा। मौके पर कन्हाई प्रसाद, विजय कुमार, राजा राम मेहता,संजय पासवान, निरंजन प्रसाद गुप्ता, नीलम मेहता, बेबी देवी, संजय गुप्ता, शारदा देवी सहित लगभग दो सौ से ज्यादा प्रेमी व जिज्ञासु महिला पुरुष सभा मे उपस्थित थे।

# बोकारो में हुई घटना सरकार व प्रशासन की विफलता : फिरोज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बोकारो जिला में मोहर्रम जुलूस के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से 4 लोगों की मृत्यु एवं 9 व्यक्तियों के घायल होने की घटना झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन की अक्षमता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि किसी भी धर्मावलंबी के द्वारा निकाले जाने वाले जुलूस को देखते हुए बिजली काट दी जाती है पूर्व में भी इस तरह की घटना हो चुकी है । श्री अंसारी ने कहा कि बोकारो जिला के एसपी एवं डीसी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए एवं मृतक के आश्रितों एवं घायलों को उचित मुआवजा दिया जाए। पलामू जिला अल्पसंख्यक मोर्चा इस घटना की घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि पलामू में सौहार्द, शांतिपूर्ण, भाईचारा एवं गंगा जमुनी तहजीब के तहत रामनवमी कमेटी एवं मोहर्रम कमेटी ने मिलकर हसन हुसैन का शहादत दिवस मनाया जो बहुत ही शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मौके पर उन्होंने भाजपा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा मोहर्रम कमेटी के जनरल सैयद शहरयार अली एवं भाजपा कार्यसमिति सदस्य अंजुमन इस्लामिया के सदर गुलाम गौस उर्फ गुड्डु खान को बधाई दी। कॉन्फ्रेंस में समीम खान, भूपेंद्र सिंह होरा, अमजद खान, सलाहुद्दीन अंसारी, सोनू खान एवं शान खान उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## डीएम पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह

**पुटकी।** डीएम पब्लिक स्कूल परसिया पुटकी में सोमवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जामताड़ा एसपी मनोज स्वर्गियारी व विशिष्ठ अतिथि अनमोल धवन,संजय लखोटिया के तौर पर मौजूद हुए। मौके पर जामताड़ा एसपी ने कहा कि बचपन से ही बच्चो की अपना लक्ष्य का निर्धारण किया जाना चाहिए। अतिथियों ने विद्यालय के चारो हाउस गंगा, यमुना, सरस्वती और गोदावरी के सर्व क्षेत्र छात्रों को नेमप्लेट पिन प्रदान कर अलंकृत किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि स्वर्गियरी ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर डीएम पब्लिक स्कूल के एमडी सुजाता महतो,निदेशक मनोज कुमार महतो, प्राचार्या गुंजन अरोड़ा, उप प्रधानाध्यापक त्रिलोचन पांडे, मुखिया चक्रधर महतो एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाए एवं अभिभावक बच्चे उपस्थित रहे।

## अंबेडकर चौक के सौंदर्यीकरण के लिए हर्ल को सौंपा ज्ञापन

**सिंदरी ।** रोहड़ाबाँध अंबेडकर चौक के सौंदर्यीकरण व मेट्रो सिटी की तरह विधुत साज सज्जा को लेकर अंबेडकर पार्क विकास समिति और युवा अंबेडकर विचार मंच ने हर्ल सिंदरी वरीय उपाध्यक्ष दिप्तेन राय से मुलाकात की। बुधन राम की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल ने हर्ल प्रबंधन को इस आशय के लिए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में शिवपूजन राम, राजेश पासवान, विजय अंबेडकर व रविन्द्र प्रसाद मौजूद थे। हर्ल सिंदरी वरीय उपाध्यक्ष ने बताया कि हर्ल प्रबंधन इसपर विचार कर रहा है।

## कई कांडों में फरार दो वारंटी गिरफ्तार, जेल

**बेरमो।** पुलिस मुख्यालय रांची जिला पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार विशेष छापेमारी अभियान चलाकर बेरमो थाना की पुलिस ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे दो वारंटिओं को गिरफ्तार कर तेनुघाट जेल भेज दिया। इस संबंध में बेरमो थाना मे आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में थाना प्रभारी रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बेरमो थाना कांड संख्या 130६ 23 के तहत मारपीट के मामले में फरार वारंटी ढोरी बस्ती सोतारडीह निवासी संतोष गिरी एवं सीपी 566६ 17 के तहत चेक बाउंस के मामले में फरार वारंटी कारो बस्ती निवासी पिता स्वर्गीय जुगनू गंजू के पुत्र तिलक गंजू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## होल्डिंग टैक्स बकायेदारों को मिली अंतिम नोटिस

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद में होल्डिंग टैक्स बकाएदारों के खिलाफ अंतिम तीसरा नोटिस जारी कर जल्द बकाए को जमा करने को कहा गया है नही तो विभाग द्वारा झारखंड मुनिसिपल एक्ट 2011 के तहत विभागिय कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबध मे जानकारी देते हुए सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन व रितिका कंपनी के राजीव कुमार ने कहा कि कुल 53 लोगो के विरूद्ध नगर परिषद होल्डिंग टैक्स को लेकर नोटिस जारी किया था जिनपर विभाग का 9 लाख रू बकाया है। होल्डिंग टैक्स के 53 बकाएदारों में से अभी तक केवल 5 बकाएदारों ने अपने होल्डिंग टैक्स जमा किए है नोटिस जारी होने के बावजूद अभी तक 48 लोगो ने बकाए को जमा जमा नही किया है। उन्होने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में कुल 10500 व्यवसायी और नागरिकों ने टैक्स जमा किया है।

# रैयत और कंपनी समर्थकों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

**आउटसोर्सिंग कंपनी को बंद कराने पहुंचे लोगों से उलझ गये मजदूर, लाठी-डंडे चले**



आउटसोर्सिंग कंपनी में दो पक्षों में मारपीट।

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले में बीसीसीएल के अधीन चलने वाली एक आउटसोर्सिंग में बंद कराने पहुंचे लोगों को मजदूरों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूर और बंद कराने पहुंचे लोगों में जमकर मारपीट हुई लाठी-डंडे चले। जिसके बाद कंपनी बंद कराने पहुंचे लोग मौके से भाग खड़े हुए । मारपीट की घटना के दौरान पुलिस और सीआईएसएफ की टीम भी मौके पर मौजूद रहे पुलिस प्रशासन के सामने घटना को अंजाम दिया गया मारपीट की घटना में लगभग आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। बताते चलें कि बीसीसीएल के 22 / 12 के अंतर्गत चलने वाले हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी को बंद कराए जाने का आंदोलन पूर्व निर्धारित था ।विस्थापन और मुआवजा तथा नियोजन की मांग को लेकर कंपनी बंद कराने की घोषणा की गई थी। इसके लिए पांडेडीह बेलदरिया बस्ती के ग्रामीण विस्थापन और मुआवजे की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में सोमवार को हिल्टॉप आउटसोर्सिंग कंपनी को बंद करने पहुंचे थे। जिसके बाद आउटसोर्सिंग में कार्यरत मजदूरों ने बंद कराने पहुंचे लोगों का विरोध कर दिया इस बीच दोनों पक्षों में तीखी बहस होने लगी और देखते ही देखते आउटसोर्सिंग कंपनी पूरी तरह रणक्षेत्र में तब्दील हो गई। दोनों और से मारपीट होने लगे और एक दूसरे पर लाठी-डंडे भी बरसाए गए। इस मारपीट की घटना में घायल होने वालों में मुख्य रूप से बिट्टू चौहान पप्पू चौहान अवतार सिंह विजेंद्र चौहान गुड्डू चौहान श्यामा भुइयां करण चौहान दिनेश चौहान सुनील चौहान रविंद्र भुंईया आदि शामिल है। सभी को बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया है।

### गुंडा तत्वों द्वारा करायी गयी थी बंदी : कंपनी

मामले को लेकर हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी के जितेंद्र सिंह ने बताया कि असामाजिक तत्व गुंडा तत्वों के द्वारा बंदी का आयोजन किया गया है । बार-बार कंपनी से पैसे की मांग की जाती है। जेएमएम के द्वारा बंदी को स्थगित कर दिया गया था। इस बंदी से कंपनी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।

## मणिपुर घटना के खिलाफ बोकारो थर्मल में कैंडल मार्च



मणिपुर घटना पर कैंडल मार्च के साथ विरोध प्रदर्शन करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** मणिपुर की घटना के खिलाफ अंबेडकर बुद्ध सोसायटी व आदिवासी सरना समिति ने बोकारो थर्मल में कैंडल मार्च निकालाए बोकारो थर्मल के अंबेडकर नगर से निकला मार्च स्टेशन रोडए अस्पताल चौक रोड होते हुए झारखंड चौक पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां शामिल हुई। नुक्कड़ सभा को रविंद्र बौद्ध गणेश राम रामप्रसाद मनोज कुमार छोटन राम कालेश्वर बौद्ध राजकुमार गुरु मांझी आदि ने संबोधित किया। कहा कि मणिपुर में आदिवासी महिलाओं का प्रताड़ना चिंतनीय है। मौके पर धुर्वा मांझी जहरु उरांव सुधीर हेम्ब्रम बोधन बास्के मोती बेसरा धर्मनाथ बौद्ध विजय कुमार मंजू बौद्ध गीता राधा देवी मालती सुनीता धनवा देवी मौजूद थे।

## ओबी डंप की भेंट चढ़ा खेल मैदान, बढ़ी परेशानी, विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** बीसीसीएल के लोदना क्षेत्र के लोदना क्षेत्र आउटसोसिंग परियोजना से प्रदूषण से आम जन मामस की स्थिति खराब होते जा रहा है। जिसे परेशान महिला पुरुष परियोजना का ओबी डंपिंग कार्य का विरोध करते हुए घंटों ठप कराया । परियोजना से स्वच्छ हवा देने वाले पेड़-पौधे धूल से ढक गये। प्रदूषण से लोदना क्षेत्र संख्या 10 अंतर्गत बालुगद्दा, लिलोरीपथरा व छलछलिया धौड़ा के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। सोमवार को स्थानीय लोगों ने ओबी डंप करने आए वाहनों को रोक दिया व प्रदर्शन किया। भारी संख्या में लोगों का विरोध देख डंपिंग वाहन जहां के तहां खड़े रह गये। विरोध में नारेबाजी की। छलछलिया धौड़ा की महिलाओं का कहना है कि सरकार कहती है कि हर घर में शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए। हर घर नल जल होना चाहिए। परंतु छलछलिया धौड़ा के अधिकतर लोग खुले में शौच करने को विवश है। बीसीसीएल यहां डंपिंग कर परेशान कर रहा है।

## किसानों के बीच विद्युत पंपिंग सेट का वितरण



नवभारत जागृति केंद्र से मिले पंपिंग सेट के साथ क्षेत्र के किसान।

खबर मन्त्र संवाददाता

**देवीपुर।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बाघमारी पंचायत के सिमराडीह गांव वार्ड नंबर एक के विद्यालय प्रांगण में सोमवार को एसबीआई ग्राम सक्षम योजना के तहत जरूरतमंद किसानों के बीच विद्युत पंपिंग सेट का वितरण किया गया. सामग्री का वितरण एसबीआइ फाउंडेशन के सहयोग से नव भारत जागृति केंद्र हजारीबाग के तत्वावधान में पंचायत के सिमराडीह, देवघर प्रखंड के जोरमो, मोदीडीह, शहरी, दिघरिया, जरुआडीह, तेतरिया, बंदरवासा, डुमरकुंडी के 30 समूहों के किसानों के बीच वितरण किया गया है। किसानों ने संस्था कर्मियों को दिल से शुक्रिया कहा। उक्त पंपसेट किसानों के लिए बेहद जरूरत मंद साबित हो रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाध्यापक अर्जुन मंडल, वार्ड सदस्य पचिया देवी, संस्था के कार्यक्रम प्रबंधक सहाब अंसारी, सहयोगी कुंदन कुमार, सेवा निवृत पंचायत सेवक भीम मंडल सहित दर्जनों लाभुक मौजूद थे।

## न्याय सदन में कार्यशाला आयोजित

**बोकारो।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली तथा झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निदेर्शानुसार बोकारो की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बोकारो की अध्यक्ष कुमारी रंजना अस्थाना की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की एक कार्यशाला न्याय सदन के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमारी रंजना अस्थानाए उपायुक्त सह उपाध्यक्षए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुलदीप चौधरीए पुलिस अधीक्षक सह सदस्यए जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रियदर्शी आलोकए प्रधान न्यायाधीशए कुटुम्ब न्यायालय आलोक कुमार दुबेए पीठासीन पदाधिकारीए श्रम न्यायालय अनुज कुमार तथा पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन ने संयुक्त रूप से किया। उपायुक्त श्री चौधरी व पुलिस अधीक्षक श्री आलोक ने बच्चों के प्रति लैंगिक अपराधों की रोकथाम के लिए हो रहे कार्यों को लेकर सराहना की।

## अमृत पार्क में लगाये गये औषधीय पौधे




औषधीय पौधे लगाते रोटरी क्लब चास के सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत अमृत पार्क.5 में औषधीय पौधों का वृक्षारोपण किया गया। मौके पर चास रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद ने कहा की वृक्ष मनुष्य को जीवन देते ही हैं साथ ही साथ पशु पक्षीए जीव जंतुओं को भी आश्रय एवं जीवन देते हैं इसलिए वृक्षारोपण आवश्यक है। पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने कहा कि रोटरी द्वारा बोकारो में हरित आवरण को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं जिससे प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने कहा कि मानव जीवन के लिए वृक्ष का अत्यंत महत्व है और पर्यावरण संतुलन के लिए हमें निरंतर पौधारोपण करते रहना होगा। चास रोटरी की सचिव डिंपल कौर ने कहा की रोटरी केवल वृक्षारोपण ही नहीं बल्कि पौधारोपण के उपरांत पौधों की सुरक्षा एवं सिंचाई की भी उचित व्यवस्था कर रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कुमार अमरदीपए मंजीत सिंहए विनोद चोपड़ा एविपिन अग्रवाल एमाधुरी सिंह एशैल रस्तोगीए उषा कुमारए पूनम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## जेलों में लगे 5जी जैमर : पूर्णिमा सिंह

**झरिया।** झारखंड विधान सभा के द्वादश (मानसून) सत्र के दौरान माननीय विधायक झरिया श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह द्वारा गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से पूछा गया अल्पसूचित प्रश्न के दौरान जेल में 5 जी जेमलर लगाने की मांग रखा। इस दौरान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहाकि कि पूर्व में लगा जेमलर वर्तमान के अनुपात में प्रर्याप्त नहीं रहने का फायदा जेल में बंद अपराधी उठाते हुए । जेल में बंद अपराधियों द्वारा 4 व 5 जी का फायदा उठाते हुए मोबाइल पर विडियो कालिंग व फोन का प्रयोग कर राज्य में अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने क अकाम कर रहे है। यदि जेल में अपडेट जेमलर लग जाये तो काफी हद तक जेल से अपराधिक घटनाओं को अंजाम दिलाने में लगे अपराधियों पर अंकुश लग सकता है। वही अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में सहयोग मिलेगा।

## कतरास कॉलेज के पास लगी ब्रैकेटिंग

**कतरास।** सोमवार को लायंस क्लब ने कतरास कॉलेज से लेकर भगत सिंह चौक तक सलूजा 8 बैरिकेडिंग लायंस क्लब कतरास के बैनर तले लगाया गया।


## घोषणा पत्र

मैं रामप्रसाद लोहरा, उम्र 47 वर्ष, पिता- चैतू लोहरा, ग्राम- ढोंटी, थाना- चंदवा, जिला- लातेहार, राज्य- झारखंड।
1 यह कि बिनोद लोहरा मेरा पुत्र है जो पिछले 06 माह से बिना किसी सूचना के घर के बाहर है। मुझे संदेह है कि मेरा पुत्र किसी अवैध कार्य में संलिप्त हैं।
2 यह कि मेरा पुत्र से किसी प्रकार का कोई वास्ता सरोकार अब नही रहा, क्योंकि मेरा पुत्र मेरे देखरेख व संरक्षण में नहीं है तथा परिवार के किसी भी कार्य व्यवहार में सहभागिता नहीं है।
3 यह कि मैं अपने उक्त पुत्र के आचरण से परेशान होकर अपने चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।

## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना सं.: टीआरडी-आरएनसी-23-24-11, दिनांक 28.07.2023,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के द्वारा निविदा सूचना सं. टीआरडी-आरएनसी-23-24-11 दिनांक 28.07.2023 के तहत ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का संक्षिप्त विवरण:** (1) मौजूदा ट्रैक को 3 से 4 मीटर स्थानांतरित करके पिस्का स्टेशन के वर्तमान हाई लेवल प्लेटफॉर्म के विस्तार के कारण ओएचई के रूपांतरण के साथ एमईए (पीएफ शेड, वाटर बूथ आदि) का प्रावधान। (2) पिस्का में नए हाई लेवल प्लेटफॉर्म के निर्माण के कारण ओएचई का रूपांतरण । **कार्य का अनुमानित मूल्य:** रु. 52,24,929/-, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 1,04,500/-, **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 28.08.2023 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट http:// www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट जरूर रहे एवं आईआरईपीएस पोर्टल पर जरूर पंजीकृत रहें। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-454)


## बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान




ट्रैफिकिंग रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** जरीडीह प्रखंड के बारु पंचायत में सहयोगिनी संस्था द्वारा ट्रैफिकिंग के खिलाफ जन जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों को ट्रैफिकिंग के खिलाफ शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान प्रभात फेरी को पंचायत समिति सदस्य दिलीप भुइया ने रवाना किया। मौके पर सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने कहा कि अर्से से स्कूलोंए आंगनबाड़ियोंए पंचायतों के अलावा घर.घर जाकर बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहा है और लोगों को बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकने की शपथ दिला रहा है। इन सतत प्रयासों का उद्देश्य बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल श्रम के खिलाफ लोगों में जागरूकता के स्तर को बढ़ाना और इसकी बुराइयों से अवगत कराना है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के 2021 के आंकड़ों से पता चलता है कि देश में हर घंटे नौ बच्चे लापता होते हैं जबकि रोजाना आठ बच्चे ट्रैफिकिंग के शिकार होते हैं। हमें अपने परिवार गांव को सुरक्षित रखना है तो हमें सचेत रहना होगा। समन्वयक फुलेंद्र रविदास ने कहा कि जमीनी स्तर पर घर.घर जाकर हमने जो जागरूकता अभियान चलाया है, उससे लोगों की मानसिकता बदली है।

## मुहर्रम में हुए विवाद का दोनों समुदायों ने किया समाधान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** सोमवार को जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के श्यामडीह मोड़ स्थित यूथ फोर्स प्रधान कार्यालय में एक बैठक निचितपुर -1 के पंचायत मुखिया प्रतिनिधि राम सुन्दर दास के अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप से जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह के अलावा दोनों समुदाय के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में पिछले दिनों श्यामडीह मोड़ में मोहर्रम ताजिया जुलूस के दौरान दो समुदाय के बीच उत्पन्न विवाद का समाधान किया गया। साथ ही साथ दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने भविष्य में इस प्रकार की घटना का पुणार्वृति न हो इसके लिए सभी लोगों ने संकल्प लिया। और दोनों समुदाय के लोगों ने किसी भी पर्व - त्यौहार में मिल - जुल कर सौहार्द पूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ त्यौहार मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि पिछले दिनों श्यामडीह मोड़ में दो समुदाय के बीच मोहर्रम ताजिया जुलूस के दौरान जो घटना घटी वह सभ्य समाज के लिए निंदनीय घटना है। आने वाले समय में इस प्रकार की घटना की पुणार्वृति ना हो इसे लेकर सतर्क रहना होगा। विदित हो कि श्यामडीह मोड़ में मोहर्रम ताजिया जुलूस में दो समुदाय के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था।

### बैठक में थे शामिल

मौके पर गोपाल चन्द्र गोप,मोहम्मद करीम अंसारी, मोहम्मद जमशेद अंसारी, मोहम्मद जैनुल अंसारी, मोहम्मद कमरुद्दीन अंसारी, इम्तियाज खान, आलम अंसारी, मोहम्मद शमीम, शब्बीर अंसारी, मोहम्मद जावेद अंसारी, मोहम्मद इसराइल अंसारी, धनंजय सिंह, हीरालाल सिंह, अर्जित सिंह, विनोद सिंह, बब्लू सिंह, सुरेश सिंह, आजादी सिंह, सुभाष सिंह, रंजीत सिंह, करण सिंह, रंजीत सिंह, आजादी सिंह आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

**-:आम सूचना :-**

" प्रथम विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन "

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र० सं० | प्रखण्ड का नाम | | पंचायत | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशु चिकित्सक/कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो० न० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जयनगर | 1 | हीरोडीह | पंचायत भवन | 02.08.2023<br>03.08.2023 | 1. डॉ0 निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया।<br>2. श्री शंकर दयाल शर्मा (पशुधन सहायक) | 9934748130 |
| | | 2 | कन्द्रापडी | पंचायत भवन | 04.08.2023<br>05.08.2023 | | |
| | | 3 | कोंकरचोली | पंचायत भवन | 07.08.2023<br>08.08.2023 | | |
| | | 4 | कटाडीह | पंचायत भवन | 10.08.2023<br>11.08.2023 | | |
| | | 5 | सतडीहा | पंचायत भवन | 12.08.2023<br>14.08.2023 | | |
| | | 6 | योगियाटिल्हा | पंचायत भवन | 16.08.2023<br>17.08.2023 | | |
| | | 7 | तमाई | पंचायत भवन | 18.08.2023<br>19.08.2023 | | |
| | | 8 | करियाँवा | पंचायतभवन | 21.08.2023<br>22.08.2023 | | |
| | जयनगर | 9 | घरौंजा | पंचायत भवन | 02.08.2023<br>03.08.2023 | 1. डॉ0 तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर।<br>2. श्री रजनीश कुमार (पशुधन सहायक) | 9931742693 |
| | | 10 | नईटॉड | पंचायत भवन | 04.08.2023<br>05.08.2023 | | |
| | | 11 | डण्डाडीह | पंचायत भवन | 07.08.2023<br>08.08.2023 | | |
| | | 12 | रूपायडीह | पंचायत भवन | 10.08.2023<br>11.08.2023 | | |
| | | 13 | गड़गी | पंचायत भवन | 12.08.2023<br>14.08.2023 | | |
| | | 14 | तेतरान | पंचायत भवन | 16.08.2023<br>17.08.2023 | | |
| | | 15 | कटिया | पंचायत भवन | 18.08.2023<br>19.08.2023 | | |
| | | 16 | तिलोकरी | पंचायत भवन | 21.08.2023<br>22.08.2023 | | |
| | | 17 | चेहाल | पंचायत भवन | 23.08.2023<br>24.08.2023 | | |
| | | 18 | खरियोडीह | पंचायत भवन | 25.08.2023<br>26.08.2023 | | |
| 02 | डोमचाँच | 19 | बच्छेडीह | पंचायत भवन | 02.08.2023<br>03.08.2023 | 1. डॉ अरूण कुमार राय भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच,<br>2. श्री हरिशचन्द्र मिश्रा (अनुसेवक) | 9934352062 |
| | | 20 | खरखार | पंचायत भवन | 04.08.2023<br>05.08.2023 | | |
| | | 21 | धरगाँव | पंचायत भवन | 07.08.2023<br>08.08.2023 | | |
| | | 22 | फुलवरिया | पंचायत भवन | 10.08.2023<br>11.08.2023 | | |
| | | 23 | पुरनाडीह | पंचायत भवन | 12.08.2023<br>14.08.2023 | | |
| | | 24 | महथाडीह | पंचायत भवन | 16.08.2023<br>17.08.2023 | | |
| | | 25 | कारार्खूट | पंचायत भवन | 18.08.2023<br>19.08.2023 | | |
| | | 26 | नावाडीह | पंचायत भवन | 21.08.2023<br>22.08.2023 | | |
| | | 27 | मधुवन | पंचायत भवन | 23.08.2023<br>24.08.2023 | | |
| | | 28 | बेहराडीह | पंचायत भवन | 25.08.2023<br>26.08.2023 | | |

नोट :- शिविर आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवर्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।
शिविर का समय:- सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशु चिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाऐं निम्नवत होगी।
1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशु चिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज करायें एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

निवेदकः- जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा

PR303635 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)23-24*D


# पुनर्वास को लेकर धोबी कुल्ही के ग्रामीणों ने पीओ कार्यालय घेरा

**भूधंसान से प्रभावित हैं धोबी कुल्ही के ग्रामीण**



पुनर्वास की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

खबर मन्त्र संवाददाता

**निचितपुर।** भू - धंसान की समस्या से प्रभावित बौआ कला दक्षिण पंचायत अंतर्गत धोबी कुल्ही के ग्रामीणों ने पुनर्वास व विस्थापन की प्रक्रिया को लेकर सोमवार को गोंदुडीह खास कुसुंडा कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी तुनेश्वर पासवान के कार्यालय का घेराव किया। ग्रामीणों ने बीसीसीएल प्रबंधन व परियोजना पदाधिकारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।मौके पर ग्रामीण महिलाओं में विशेष कर रोष देखा गया।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि महेश रजक ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण पुनर्वास व विस्थापन की प्रक्रिया में विलम्ब हो रहा हैं। जमीन आबंटन के उपरांत भी न लिखित दिया जा रहा हैं और न ही पेड़ो की कटाई को लेकर एनओसी मिल पा रहा हैं।साथ ही धोबी कुल्ही खाली कराने को लेकर किसी प्रकार का नोटिस भी नहीं दिया गया हैं। पंचायत समिति सदस्य राजू रजक ने कहा कि एक वर्ष से सिर्फ बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा प्रलोभन दिया जा रहा हैं। न ही मुआवजा मिला हैं और न ही अब तक विस्थापन पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी हो पाई हैं।जबकि,हेवी ब्लास्टिंग के कारण भू - धंसान हो रहें हैं।घरों की स्थिति खतरनाक हैं।लोग भय में जीवन जी रहें हैं।वन विभाग पहल कर रहीं हैं लेकिन बीसीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण एनओसी मिलने में देरी हो रही हैं। सोमवार को घेराव धरना प्रदर्शन के उपरांत कार्यालय कार्य बाधित रहा।त त्पश्चात आश्वासन दिया गया कि मंगलवार को जीएम संग ग्रामीणों की वार्ता कराई जाएगी। मौके पर पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला,पुरुष ग्रामीण मौजूद रहे।

# अधिकारों की बात

एक ओर तो हम सम्प्रभु राष्ट्र के नागरिक होने के नाते हर तरह के अधिकार सुनिश्चित करने वाली देश की आजादी की अगले साल 75वीं सालगिरह मना रहे हैं और इसे यादगार अवसर मानकर केन्द्र सरकार भी अमृत महोत्सव की भव्य पैमाने पर तैयारियां कर रही है; वहीं दूसरी तरफ यह भी विडम्बना है कि भारत के नागरिकों की धार्मिक आजादी और समानता के अधिकार पर जबर्दस्त प्रहार किये जा रहे हैं। सरकार का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि वह नागरिकों के हर तरह के अधिकारों की रक्षा करे लेकिन यहां उल्टी गंगा बह रही है। केन्द्र सरकार और उस पर काबिज भारतीय जनता पार्टी के ही प्रश्रय में नागरिकों के इन बुनियादी अधिकारों का हनन हो रहा है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिये यह बेहद दुखद और खतरनाक संकेत है क्योंकि हमारा देश विविधताओं से भरा समाज है। यहां अलग-अलग धर्म, जातियों एवं सम्प्रदायों के लोग रहते हैं। अगर समय रहते इस प्रवृत्ति को नहीं रोका गया तो पूरे समाज और देश पर इसके बहुत ही नकारात्मक परिणाम होंगे। हाल ही में देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसी कई दुखद घटनाएं हुई हैं जो बतलाती हैं कि लोगों की धार्मिक स्वतंत्रता और समानता के अधिकार को कुचलने के उपक्रम समाज के उन लोगों द्वारा किए जा रहे हैं तो सत्ता के निकट हैं। इसलिए सरकार द्वारा इसकी रोकथाम के कोई ठोस कदम नहीं उठाये जा रहे हैं जो अधिक दुर्भाग्यजनक है। इससे ऐसे लोगों को बढ़ावा मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 15 के प्रावधानों के अनुसार धर्म, मूल वंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव की सख्त मनाही है। इसे ही समानता का अधिकार कहा जाता है। वहीं दूसरी तरफ अनु. 25 देश के सभी व्यक्तियों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है।

# वायु प्रदूषण की मार

यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा किये गए अध्ययन में बताया गया है कि कुछ शहरों में वायु प्रदूषण भारतीयों की जीवन प्रत्याशा को नौ साल तक कम कर सकता है। कह सकते हैं कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित लोग अपनी जीवन प्रत्याशा को तेरह प्रतिशत अधिक खो सकते हैं। उम्र में कमी के अलावा लोग कई तरह के असाध्य रोगों की भी चपेट में आ जाते हैं, जिसका दंश उन्हें सालों-साल भुगतना पड़ता है। फलतः परिवारों को भावनात्मक व आर्थिक संकट भी झेलना पड़ता है। यह अध्ययन स्मरण कराता है कि भारत में गंगा के मैदानी इलाकों के शहरों में करीब 48 करोड़ लोग जिस प्रदूषित वातावरण में सांस ले रहे हैं, उसका स्तर यूरोप व उत्तरी अमेरिकी की तुलना में कई गुना अधिक है। निस्संदेह, समय-समय पर सामने आने वाले तथ्यों के दृष्टिगत नागरिकों व नीति-निमार्ताओं को इसे खतरे की घंटी मानते हुए सजग हो जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश के लोगों की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि हुई है। दुनिया में बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट के अनुसार वर्ष 1990 और 2019 के बीच भारत में जीवन प्रत्याशा 59.6 से बढ़कर 70.8 हुई है। हालांकि यह प्रत्याशा राज्यों के स्तर पर अंतर रखती है। यह भी हकीकत है कि दुनिया में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों में एक बड़ा हिस्सा भारत का भी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि वर्ष 2100 तक भारतीयों की जीवन प्रत्याशा 81 वर्ष होगी। बेहतर जीवन के लिये हमें प्रदूषण की समस्या का कारगर समाधान तलाशना होगा। हालांकि, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की रिपोर्ट का आकलन वर्ष 2019 की स्थिति पर आधारित है क्योंकि अब प्रदूषण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश आदि को भी चपेट में लेने लगा है और वातावरण गर्म होने की शिकायत आ रही है।

# स्तरीय शिक्षा से ही समाज में सुख-शांति

हमें समझना होगा कि साक्षरता एवं पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा का एक अंग भर हैं, शिक्षा का पूरा संसार नहीं। शिक्षा के इस अंग का उपयोग नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के लिए किया जाना चाहिए। साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है। भारतवर्ष की सनातन सांस्कृतिक परंपरा में शिक्षा स्वयं में बहुअर्थगर्भित शब्द है। यहां शिक्षा का अभिप्राय साक्षरता अथवा शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की उपलब्धता मात्र नहीं है। शिक्षा यहां मानव-मन को शुभसंस्कारों से सज्ज करने का माध्यम है; मनुष्य को मनुष्य बनाने की कला है; उसमें सामाजिक दायित्वबोध का जागरण है और उदात्त मानव-मूल्यों की प्राप्ति का कल्याणकारी संदेश है, जिसमें अक्षरज्ञान, संस्था-पदत्त प्रमाणपत्र आदि औपचारिकताओं का स्थान गौण है और मनुष्य का चारित्रिक उत्थान प्रधान है।





-डॉ मेरी ग्रेस

> आज कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा में पारंगत युवा साइबर क्राइम की दुनिया में रोज नए काले कारनामे कर रहे हैं। कब किसके खाते से कितनी रकम चुरा ली जाएगी, कुछ पता नहीं। प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन व्यक्ति का ट्वीटर जब हैक किया जा सकता है तब साधारण व्यक्ति की तो बिसात ही क्या है ?

व्यापक यूरोपीय प्रभाव के कारण जब से भारतीय-समाज ने शिक्षा के उपर्युक्त स्वरूप और उद्देश्य को विस्मृत कर संस्थागत प्रमाणपत्रीय औपचारिक शैक्षणिक स्वरूप को ही शिक्षा के अर्थ में सीमित-संकुचित कर दिया है तब से समाज शिक्षा के वास्तविक प्रकाश से वंचित होकर अशिक्षा एवं अज्ञान के घोर अंधकार में भटकता हुआ अपराध के पतन-गर्त में गिर रहा है; गिरता ही जा रहा है। तथाकथित अंग्रेज शिक्षाविद मैकाले के समय से लेकर अब तक कितनी ही बार शिक्षा को लेकर विचार हुआ है; समितियों और आयोगों ने नई-नई नीतियां अनुशंसित की हैं; व्यवस्था के कर्णधारों ने उन्हें क्रियान्वित करने के लिए जनता की गाढ़ी कमाई को जी भरकर खर्च किया है किंतु परिणाम क्या है ? सामाजिक अशांति, संघर्ष और अपराध की बढ़ती भयावह स्थितियाँ !

विगत सौ वर्षों में देश के कोने-कोने में स्कूल-कॉलेज खुल गए; विश्वविद्यालयों और तरह-तरह के शैक्षणिक संस्थानों की बाढ़ आ गई; युवाओं का बड़ा वर्ग साक्षर हुआ, बड़ी-बड़ी डिग्रियों से अलंकृत हुआ किन्तु समाज में सुख-शांति और समृद्धि नहीं आई। उपर्युक्त कथित शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ हमारे समाज में अनुशासनहीनता, सामाजिक-सांस्कृतिक मानमूल्यों की अवमानना, पारिवारिक-कलह, सामाजिक संघर्ष, रोजगार के संकट, आर्थिक-भ्रष्टाचार, लूट-हत्या-बलात्कार एवं हिंसक अपराधों के प्रकरण निरंतर बढ़े हैं, मनुष्य का मन अशांत हुआ है और आत्महत्याओं का सिलसिला बढ़ा है। इस तथाकथित शिक्षा ने मनुष्य की मनुष्यता ही छीन ली है- कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के विकट संकट काल में बड़े-बड़े नामी-गिरामी चिकित्सा संस्थानों के उच्चशिक्षित डिग्री धारी डॉक्टर-व्यवस्थापक रोगियों के कपड़े उतार रहे हैं; उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ वकील न्यायालय की अवमानना कर रहे हैं, नक्सलवाद और आतंकवाद के बेलगाम घोड़ों की लगामें बड़े-बड़े प्रोफेसरों के हाथों में दिखाई दे रही हैं, भारत में रहकर भारत से पोषण पाकर ह्यभारत तेरे टुकड़े होंगेह्ल जैसे देशद्रोही कारनामों को अंजाम देने वाले और उनके समर्थन में खड़े होने वाले सब उच्च शिक्षित हैं। किन्तु मनुष्यता के प्रकाश और सामाजिक दायित्वबोध से कोसों दूर हैं। ऐसी शिक्षा की सार्थकता स्वयं में बड़ा प्रश्नचिन्ह है।

आज कंप्यूटर और तकनीकी शिक्षा में पारंगत युवा साइबर क्राइम की दुनिया में रोज नए काले कारनामे कर रहे हैं। कब किसके खाते से कितनी रकम चुरा ली जाएगी, कुछ पता नहीं। प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन व्यक्ति का ट्वीटर जब हैक किया जा सकता है तब साधारण व्यक्ति की तो बिसात ही क्या है ?

तात्पर्य यह है कि शिक्षा के मूल्यनिष्ठ सांस्कृतिक धरातल से विचलित होकर औपचारिक संस्थागत साक्षरतापरक पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित होने की भारी कीमत समाज पिछली शताब्दी से अब तक निरंतर चुकाता आ रहा है और जब तक शिक्षा अपने इस वर्तमान छद्म आवरण को तोड़कर मनुष्य को मनुष्य बनाने के प्रति संकल्पित नहीं होगी तब तक शिक्षा के माध्यम से समाज के कल्याण का स्वप्न अपूर्ण ही रहेगा।

हमें समझना होगा कि साक्षरता एवं पुस्तकीय ज्ञान शिक्षा का एक अंग भर हैं, शिक्षा का पूरा संसार नहीं। शिक्षा के इस अंग का उपयोग नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के संरक्षण-संवर्धन के लिए किया जाना चाहिए। साक्षरता जनित पुस्तकीय ज्ञान विज्ञान की तरह ही दुधारी तलवार है जो किसी सुसंस्कारित विवेकशील मनुष्य के हाथ में आई तो मानवता का संकट हरेगी और अगर किसी दुराचारी व्यक्ति के हाथ में पड़ी तो समाज के लिए संकट का कारण बनेगी। सेवा, चिकित्सा, न्याय, प्रशासन आदि किसी भी क्षेत्र में हमें पहले अच्छा इंसान चाहिए बाद में अच्छा डॉक्टर, वकील, प्रशासक आदि। दुर्भाग्य है कि हमारी शिक्षा नीतियां, हमारे परिवार और समाज अच्छा मनुष्य बनाने के प्रति उदासीन हैं और अधिकतम धन-अर्जन में सक्षम व्यक्तित्व विकसित करने के प्रति प्रयत्नशील हैं। हमारी आधुनिक शिक्षा-व्यवस्था संवेदनाहीन लोभी रोबोट अधिक दे रही है और संवेदना, समृद्ध सेवाभावी मनुष्य कम दे पा रही है। कोई भी शिक्षा नीति तब तक समाज के लिए उपयोगी नहीं बन सकती जब तक उसमें संवेदनशील, उदार और विवेकवान मनुष्य के सृजन की सामर्थ्य ना हो। अतः शिक्षा नीति के निर्धारण में इस लक्ष्य की प्राप्ति अभीष्ट है।

शिक्षा एक गंभीर सामाजिक दायित्व-बोध है। शिक्षा स्वयं की क्षमता का संवर्धन और समाज के हित में उस क्षमता का निस्वार्थ विसर्जन है। इस दृष्टि से कोरोना वायरस के संकट काल में चिकित्सक, नर्स, आरक्षक, समाजसेवी, व्यवसायी आदि जिन करोड़ों लोगों ने अपनी क्षमताओं से पीड़ित मानवता की सेवा की है, जागरूक नागरिक के रूप में इस महामारी के नियंत्रण में सहयोग दिया है उन्हीं की शिक्षा सार्थक है, शेष शिक्षितों की शिक्षा तो शिक्षा का भ्रम मात्र है।

### खास बात

## पाक पर शक

**आरके सिन्हा**

**आजकल** सोशल मीडिया पर सीमा और अंजू की मोहब्बत से जुड़ी कहानियों को चटकारे लगाकर पेश किया जा रहा है। पर इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि कहीं इन दोनों के कथित इश्क में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसियों का कोई रोल तो नहीं है। ये आप सभी जानते हैं कि सीमा एक पाकिस्तानी महिला है। उसका ग्रेटर नोएडा के सचिन नाम के नौजवान से सोशल मीडिया पर इश्क का परवान चढ़ा तो वो अपना वतन और शौहर को छोड़कर नेपाल होते हुए अपने प्रेमी के पास आ गई। वो अपने साथ अपने बच्चों को भी ले आई। उधर, राजस्थान के भिवाड़ी में रहने वाली दो बच्चों की मां अंजू पाकिस्तान चली गई अपने प्रेमी से मिलने। वहां उसने निकाह के बाद इस्लाम धर्म को कुबूल भी कर लिया । अब अंजू हो गई है फातिमा। अंजू की फेसबुक के जरिये पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वाह प्रान्त में रहने वाले 29 साल के नसरूल्लाह से दोस्ती हुई थी, यह बताया जा रहा है । एक दुश्मन देश की नागरिक का अपने चार छोटे बच्चों के साथ नेपाल से बिना किसी अवरोध या मदद के या गतिरोध ग्रेटर नोएडा तक आसानी से पहुंचना गंभीर सवाल तो खड़े करता ही है। इसी तरह से नेपाल के रास्ते पाकिस्तान के आतंकवादियों को भारत में कत्लेआम मचाने के लिए भी तो भेजा जा सकता है। पाकिस्तान ने 2008 में मुंबई में यही तो किया था। उसके बाद मुंबई हमेशा-हमेशा के लिए बदल गई।

26 नवंबर 2008 को पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने समुद्री मार्ग से मुंबई में प्रवेश किया और अचानक मुंबई के बाजार और चौराहों पर हमला कर दिया। उस आतंकी हमले में सैकड़ों लोगों की जान चली गई और हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति तबाह हो गई। इसके बावजूद पाकिस्तान में उस हमले के मास्टर माइंड खुलेआम घूम रहे हैं। अगर कोई सोच रहा है कि मुंबई हमलों के बाद सब कुछ शांत हो गया था, तो वे फिर पठानकोट और उसके बाद उरी की घटनाओं को भी जरा याद कर लें। कहने का मतलब यह है कि हमें जागना होगा।

# धर्म का सार तत्त्व

### धर्म-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

अस्त-व्यस्त जीवन जीना, जल्दबाजी करना, रात-दिन व्यस्त रहना, हर पल-क्षण को काम-काज में ही हँसते रहना भी मनःक्षेत्र में भारी तनाव पैदा करते हैं। अतः यहाँ यह आवश्यक हो जाता है कि अपनी जीवन विधि को, दैनिक जीवन को विवेकपूर्ण बनाकर चलें। ईमानदारी, संयमशीलता, सज्जनता, नियमितता, सुव्यवस्था से भरा- पूरा हल्का-फुल्का जीवन जीने से ही मनःक्षेत्र का सदुपयोग होता है और ईश्वर प्रदत्त क्षमता से समुचित लाभ उठा सकने का सुयोग बनता है।

कर्तव्य के पालन का आनंद लूटो और विघ्नों से बिना डरे जूझते रहो । यही है धर्म का सार तत्त्व ।

दूसरों पर आश्रित न हों

दूसरों से यह अपेक्षा करना कि सभी हम से होंगे और हमारे कहे अनुसार चलेंगे, मानसिक तनाव बने रहने का, निरर्थक उलझनों में फँसे रहने का मुख्य कारण है। इससे छुटकारा पाने के लिए यह आवश्यक है कि हम चुपचाप शांतिपूर्वक अपना काम करते चलें और लोगों को अपने हिसाब से चलने दें। किसी व्यक्ति पर हावी होने की कोशिश न करें और न ही हर किसी को खुश करने के चक्कर में अपने अमूल्य समय और शक्ति का अपव्यय ही करें।

यह सोचना निरर्थक है कि कोई हमारी ही बात माने, उसी के अनुसार चले, हममें ही रूचि ले और हमारी ही सहयता करे। यह चाहनाएँ गलत भी हैं और हानिकारक भी। दूसरों पर

> मोहर्रम के जुलूस में राँची में तिरंगे का अपमान, झारखण्ड की स्थिति को बयां कर रहा है। पूरे राज्य के हालात ऐसे हो गए हैं। झामुमो-कांग्रेस की सरकार आंख मूंदकर बैठी है। प्रत्यक्ष रूप से तुष्टिकरण करने वालों की पीठ ठोक रही है। झारखण्ड, केरल और बंगाल के नक्शे कदम पर आगे बढ़ चुका है।
>
> **– संजय सेठ, सांसद रांची**

### रोचक ट्वीट

> **झारखण्ड** के लिए संघर्ष करने वाले राज्य और डुमरी विधानसभा की जनता की सेवा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करने वाले महान जननेता और पूर्व शिक्षा मंत्री स्व टाइगर जगरनाथ महतो जी की जयंती पर शत-शत नमन। स्व जगरनाथ दा अमर रहें! **–हेमंत सोरेन, सीएम**





> **इंफ्रास्ट्रक्चर** के क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी सरकार के बड़े बड़े कीर्तिमान दुनिया का सबसे बड़ा सोलर विंड पार्क, सबसे ऊँचा रेल ब्रिज, सबसे लंबी टनल, प्रतिमा, स्टेडियम सबमें भारत आज अपना नाम दर्ज कर चुका है।
>
> **–सुधांशु त्रिवेदी**

# बच्चों के बचपना को इंटरनेट से बड़ा खतरा

**(वर्ल्ड वाइड वेब दिवस/01 अगस्त/ विशेष)**

**अनुष्का चौधरी**


**इंटरनेट** के माध्यम से विश्वभर की हर प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियों को एक छोटे से बंद कमरे में रखे कम्प्यूटर या मोबाइल की स्क्रीन पर समेटकर ला देने वाला मूल मंत्र डब्लूडब्लूडब्लू (वर्ल्ड वाइड वेब) आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। यही शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू नामक इंटरनेट की मायावी दुनिया में प्रवेश कराने वाली यह खिड़की कब और कैसे अस्तित्व में आई?

वर्ष 1989 में डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स ली ने। वर्तमान में वेबपेज से जुड़ने या उसका निर्माण करने के लिए जो भी तरीके अपनाए जाते हैं, उनके पीछे बर्नर्स का ही दिमाग है। 08 जून, 1955 को लंदन में जन्मे बर्नर्स ली ने 1976 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कालेज से ग्रेजुएशन किया था और उसी दौरान मात्र 21 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपने लिए एक छोटा सा कम्प्यूटर सेट बना लिया था। बर्नर्स ली के दिमाग में 1980 में अचानक ही डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू से संबंधित शुरूआती विचार आया। उस दौरान वह एक कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे थे। तब उन्होंने कम्प्यूटर में मौजूद विभिन्न फाइलों को आपस में जोड़ने के लिए इनक्वायर नामक एक प्रोग्राम तैयार किया।

इसमें कोई दो राय नहीं कि इंटरनेट ज्ञान का असीम भंडार है पर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि ज्ञान का यह भंडार सतही अधिक है। हालांकि यह सब कुछ होते हुए भी बड़े-बूढ़े, ज्ञानी-ध्यानी तक गुगल बाबा की सहायता लेने में कोई संकोच नहीं करते हैं पर बच्चों में इंटरनेट की लत पड़ने को किसी भी हालत में उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इससे सीधे-सीधे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर गहरा असर पड़ रहा है। इंटरनेट की लत के चलते बच्चों पर मनोवैज्ञानिक असर अधिक पड़ रहा है। भारत इंटरनेट 2019 की हालिया रिपोर्ट में उभर कर आया है कि देश में 45 करोड़ के लगभग इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं। देश में 5 से 11 साल की उम्र के बच्चों में साढ़े छह करोड़ बच्चे नियमित रूप से इंटरनेट का उपयोग करते हैं। हालांकि बदलते परिदृश्य में 5 साल से कम उम्र के बच्चों के इंटरनेट के उपयोग के आंकड़ों को और जोड़ा जाए तो यह आंकड़ा और अधिक ही होगा। दरअसल स्मार्टफोन ने सबकुछ बदल कर रख दिया है। क्या बच्चे, क्या बड़े-बूढ़े धड़ल्ले से मोबाइल फोन का उपयोग कर रहे हैं। पीसी हो या लेपटॉप या फिर स्मार्टफोन, बच्चे इंटरनेट का उपयोग करने में आगे हैं। कारण चाहे कोई भी हो पर इतनी बड़ी संख्या में बच्चों द्वारा इंटरनेट का उपयोग और यदि यह कहा जाए कि उपयोग ही नहीं लत है तो यह अपने आपमें गंभीर समस्या है। शारीरिक मानसिक विकास के परंपरागत गेम्स अब वीडियो गेम्स में बदलते जा रहे हैं। मरने मारने वाले गेम्स खेल कर बच्चे तेजी से आक्रमक होते जा रहे हैं। आपस में बात करने तक की फुर्सत नहीं दिखती। बच्चों में मोटापा, चिड़चिड़ापन, उदासी और शारीरिक गतिविधियां कम होती जा रही है। अपने में खोए रहने की लत बनती जा रही है। आपसी मेल जोल को यह इंटरनेट खत्म करता जा रहा है। सोशल मीडिया, इंटरनेट, अति आधुनिक मोबाइल और तेज नेटवर्क ने इन्सान को जहां एक दूसरे से जोड़ने का काम किया है, वहीं इसके खतरे और दुष्परिणाम भी उभरकर सामने आए हैं। इंटरनेट और मोबाइल फोन की लत युवाओं में ऐसे लग चुकी है जो छूटने का नाम ही नहीं ले रही है।

### कार्टून वर्ल्ड

**कैसा विकास?**



साभार कॉटूनमूवमेंट डॉट काम

### लेटर टू एडिटर

## सर्च इंजन का भरोसा

**जब** भी आप सर्च इंजन में कोई शब्द या वाक्य टाइप कर उससे संबंधित जानकारी चाहते हैं तो सर्च इंजन उस शब्द या वाक्य से संबंधित पृष्ठों की एक विस्तृत सूची बनाकर आपके सामने लाकर रख देता है, जिसमें से आप अपनी जरूरत की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। इंटरनेट पर उपलब्ध सभी वेबसाइटों के लाखों-करोड़ों पृष्ठों को अपने अंदर समेटे रहता है। **– अनिकेत, रांची**

## कृषि से उम्मीद

**कृषि** क्षेत्र की विकास दर बढ़ाने में रबी फसलों की पैदावार, खासतौर से गेहूं की भारी पैदावार ने प्रभावी भूमिका निभाई है। पिछले वित्त वर्ष 2020-21 की पहली तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि तीन फीसद ही थी। इस वर्ष कृषि विकास दर में वृद्धि के साथ कृषि निर्यात की बढ़ने की भी संभावनाएं प्रबल हुई हैं। कोरोना के संकट में कृर्षि क्षेत्र ने देश में अनाज की कमी नहीं होने दी। **–विवेक, हजारीबाग**

# ऐसे मामलों में न्याय मिलने की उम्मीद कम ही है

### समस्या

**किक्की सिंह**

**कोई** भी लड़की जब जन्म लेती है तो थोड़ी बहुत समझ आते ही उसकी सबसे पहली इच्छा होती है कि उसे घर में अपने भाई के बराबर मान - सम्मान और अधिकार मिले। फिर कुछ समय बाद वह सपना देखना शुरू करती है कि वह बड़ी होकर डॉक्टर, इंजीनियर, पायलेट् ,फिल्म एक्ट्रेस या जज बनेंगी।

यह स्वाभाविक है कि कोई भी कभी भी अपने बबार्दी की कल्पना नहीं करता और बलात्कार बबार्दी नहीं बल्कि धरती पर लड़कियों के लिए एक जीता जागता नर्क है। जब कोई लड़की बलात्कार का शिकार हो जाती है तभी वह सोच नहीं पाती कि वह आगे क्या करेगी ? लेकिन समाज के सभी वर्ग के लोग यह जरूर सोच लेते हैं कि उस लड़की के बलात्कार से वह अपना फायदा कैसे उठा सकते हैं।

जनता को एक नया मुद्दा मिलता है उस पीड़िता पर कहानी - कविताओं के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करने का, पुलिस वालों को रजिस्टर में दाखिल करने के लिए एक केस मिल जाता है?। जिससे वह हर महीने अपना वेतन पाते रहते हैं, मीडिया वालों को एक नया मुद्दा मिलता है ताकि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की बेटी के पीड़ित गरिमा की और अच्छे से धज्जियां उड़ा सके। यूं तो बलात्कारी शारीरिक रूप से पीड़िता का एक बार बलात्कार करता है मगर पुलिस वाले और फिर हमारी भारतीय मीडिया मौखिक रूप से उस पीड़ित लड़की का बार-बार बलात्कार करती है।

पीड़िता के इन इन अंगों को छुआ गया, यहां नोचा गया वहां खरोचा गया, अपराधि झाड़ियों में ले गए ,खेतों में ले गए, इन तमाम तरह की बातों को कहकर अपने न्यूज चैनल और सोशल मीडिया अकाउंट के वीडियोस के व्यूवर्स को बढ़ाने के लिए हमारे देश के मीडिया कर्मी इतना नीचे गिर चुके हैं कि अब उनका ऊपर उठ पाना संभव नहीं है। पुलिस के कंप्लेंट रजिस्टर में भी बलात्कार की कुछ इस तरह से व्याख्या की जाती है जैसे मानो वह कंप्लीट ना लिख रहे हो ,रजिस्टर के पन्नों को रंगीन कर रहे हो। फिर कोर्ट में वकील भी कुछ यही काम करते हैं बार-बार पीड़िताओं से उन्हीं सवालों को पूछते हैं जिन्हें वह याद नहीं करना चाहती और तब तक पूछते रहते हैं जब तक कि वह मानसिक रूप से लड़खड़ा ना जाए और यह लड़खड़ा हट आरोपी को बरी ना कर दे।

एक जमाना था जब पीड़िता की गोपनीयता का ध्यान रखा जाता था। एक आज का समय है जब अपने टीआरपी को बढ़ाने के लिए सार्वजनिक रूप से उनके चेहरे का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कभी-कभी तो पीड़िता के परिवार वालों को न्यूज स्टूडियोज में बुलाकर इंटरव्यू भी लिया जाता है। आजकल के मीडिया वाले शायद यह भूल गए हैं की अगर कोई भी पीड़िता या उसके परिवार का चेहरा सर्वजनिक हो जाता है तो उनके लिए जीना कितना कठिन हो जाता है। मीडिया वाले चाहे कितना भी प्रचार-प्रसार क्यों ना कर ले इस पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए लेकिन, होने वाला कुछ भी नहीं है। सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के बाद कुछ ही दिनों में सब इस घटना को भूल जाएंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए

मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पंचायत सेविका ने दिया त्यागपत्र

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत दिन सोमवार को सूरजपुरा पंचायत की सेविका माया मेहता ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है ।वह केंद्र संख्या तीन की सेविका थी माया मेहता ने शपथ पत्र बनाकर महिला प्रवेशिका माधवी कुमारी के समक्ष कार्यालय को अपना इस्तीफा समर्पित किया। इस संबंध में माया मेहता ने बताया कि मैं पिछले 17 वर्षों से सेविका का कार्य कर रहे थे क्योंकि मुझे जिंदगी में अपने दम पर काम करके कुछ बनना था। अपना एक अलग पहचान बनाना था साथ ही कहा की अपनी निजी काम मैं भी काफी व्यस्त रहती हूं और एक नेटवर्किंग संस्था अहढछएडब्ल्यूपीएल में काम करती हूं । इसमें मुझे अपना कैरियर दिखाई दे रहा है ।इसमें काम करके मैं अपने सपनों को साकार कर सकती हूं अपने साथ-साथ अपने पूरी टीम का कैरियर बनाकर पूरी टीम को सपने को साकार करूंगी और ऐसी स्थिति में सरकारी सेवा नहीं कर पाऊंगी जिस कारण अपना त्यागपत्र महिला प्रवेशिका माधवी कुमारी को दे रही हूं । सीडीपीओ के प्रभार में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि मुझे इस आशय की जानकारी नहीं है जानकारी होने पर विचार करते हुए आवेदन पर अग्रतर कार्यवाही करते हुए उसे जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को समर्पित कर दिया जायेगा।

### विधायक उमाशंकर अकेला ने रियाडा फैक्ट्री के प्रदूषण का मामला उठाया

**बरही।** निवेदन समिति के सभापति सह विधायक उमाशंकर अकेला ने रांची विधानसभा में चल रहे झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के दौरान बरही प्रक्षेत्र में संचालित रियाडा कारखानों से निकलने वाले प्रदूषण के मामले को उठाया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बरही में संचालित कारखानों के द्वारा वायु प्रदूषण फैलाया जा रहा है, जिसके कारण कारखानों के नजदीक रहने वाले ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रदूषण से लोगों के सेहत पर भी असर पड़ रहा है एवं लोग अनेकों प्रकार की बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि संचालित कारखानों में प्रदूषण मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। विधायक उमाशंकर अकेला ने विधानसभा सत्र के माध्यम से सरकार से यह मांग किया है कि जो भी रियाड़ा प्रक्षेत्र में कारखाने संचालित किए जा रहे हैं सभी में प्रदूषण मानकों का पालन कराना सुनिश्चित किया जाए।

### बीडीजेजे इंटर महविद्यालय के कर्मियों ने किया एकदिवसीय हड़ताल

**दारू।** वित रहित शिक्षा नीति के प्रति राज्य सरकार की उदासीन रवैया के विरुद्ध एवं अनुदान या घाटा अनुदान लेने के लिए वित्त रहित संयुक्त मोर्चा संघ के अह्वावन पर बीडीजेजे इंटर महाविद्यालय, हरली,हजारीबाग के शिक्षक व शिक्षकेतरकर्मी सोमवार को एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। हड़लत का नेतृत्व महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि बसंत नारायण कर रहे थे। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य भुनेश्वर प्रसाद वर्मा व शिक्षक प्रतिनिधि श्री नारायण ने कहा कि आज राज्यभर में वित्त रहित स्कूल व महविद्यालय के करीब 10000इसे अधिक स्टाफ भूखे पेट रहकर अपने परिवार के सदस्यों की खुशी को नजर अंदाज कर 30 वर्षों पठन पाठन का कार्य कर रहे है। हम वित्त रहित शिक्षण संस्थानों से प्रति वर्ष जिला से लेकर स्टेट तक के टॉपर रिजल्ट दिया जाता है बावजूद इसके सरकार हम वित्त रहित संस्थानों को कई प्रक्रियाओं में उलझते रखती है और इन संस्थानों के कर्मियों का शोषण करती आ रही है। सरकार के रवैया के खिलाफ में संघ के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा ।इसकी शुरूवात हमलोगों ने दो दिन पूर्व वित्त रहित शिक्षा नीति का पुतला दहन के साथ कर चुके है।

### चिंतपूर्णी स्टील स्पंज फैक्ट्री के पक्ष में ग्राम संघर्ष समिति ने की बैठक

**चरही।** चिंतपुरनी स्टील फैक्ट्री को लेकर ग्राम संघर्ष समिति और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से इंद्रा के नव निर्मित हाई स्कूल के प्रांगण में बैठक किया। जिसकी अध्यक्षता नागेश्वर महतो और संचालन बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो ने की। बीस सूत्री अध्यक्ष श्री महतो ने कहा कि फैक्ट्री के विरुद्ध में छपी खबर के आलोक में यह बैठक की गई है ।आगे कहा कि छपी खबर ग्रामीणों को दिग्भ्रमित करने वाला और सत्य से परे है। यहां पर कोई खेल का मैदान नहीं था ।कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए इस तरह के हरकत कर रहे हैं ।नागेश्वर महतो ने बताया कि फैक्ट्री की स्थापना वर्ष 2006 में होने के बाद चुरचू प्रखंड के लगभग 1500 ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराया गया है। कंपनी के माध्यम से कई सामाजिक कार्यों का निष्पादन प्रत्येक वर्ष किया जाता है ।तथा कंपनी के द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण के लिए काफी कार्य किया जा चुका है ।इतना हीं नहीं कोरोना काल मे भी लोगों को राहत पहुचाया गया है ।इंद्रा पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ महतो ने बताया कि कंपनी के द्वारा सामाजिक कार्यक्रमों में हर तरह की सुविधा को प्रदान करती है।

### जय श्रीराम के जयघोष के साथ चरही में हुआ बजरंग दल का विस्तार

**चरही।** चरही सीसीएल हनुमान मंदिर प्रांगण में बजरंगदल और विश्व हिंदू परिषद का विस्तार को लेकर बैठक किया गया ।इस मौके पर युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विनोद ठाकुर एवं संचालन शिवानंद तिवारी ने किया ।जबकि बतौर मुख्य अतिथि जिला धर्म प्रसार परियोजना सह प्रमुख निर्मल ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रखंड उपाध्यक्ष ने बजरंग दल के इतिहास के बारे में युवाओं को अवगत कराया गया ।तथा बजरंगदल और विश्व हिंदू परिषद की राम मंदिर में देने वाले योगदान के बारे में भी बताया गया ।इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष विनोद ठाकुर ने बजरंगदल के सेवा,सुरक्षा ,संस्कार के बारे में युवाओं को जानकारी दिया ।मुख्य अतिथि ने युवाओं के बीच धर्म से जुड़ने का मार्ग से अवगत कराया ।तथा प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ करने के विषय में बताया ।बजरंग दल के प्रखंड संयोजक मनजीत सिंह के द्वारा चरही पंचायत समिति का विस्तार किया।

### पूनम कुजूर ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

**पदमा।** प्रखंड अंतर्गत गारुकुरह में दिन सोमवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी, 21-बरही पूनम कुजूर द्वारा मतदान केंद्र संख्या 234 और 235 का निरीक्षण किया गया जिसमें चल रहे अभियान घर घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करना से संबंधित जानकारी बीएलओ के माध्यम से लिया गया जिसमें मतदान केंद्र संख्या 235 के बीएलओ अनिता कुमारी के द्वारा बताया गया कि उनके मतदान क्षेत्र में लगभग 150 घर है जिसमें 40 घरों का सत्यापन कर लिया गया है एवं फार्म 6 सात कलेक्ट किए गए हैं,फार्म 8 12 कलेक्ट किए गए हैं एवं 3 मृत मतदाताओं को चिन्हित किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा यह निर्देश दिया गया कि सभी मतदाताओं का शत प्रतिशत वेरिफिकेशन करना अनिवार्य है एवं जिन व्यक्तियों का 1.10. 2023 एवं 1.1.2024 ,1.4.2024, 1.7.2024 1.10.2024 को 18 वर्ष पूरा कर रहे हो उन सभी व्यक्तियों का दस्तावेज लेकर बीएलओ अपने पास रख ले ताकि आने वाले अहर्ता तिथियों में उन सभी व्यक्तियों को मतदाता सूची में नाम जोड़ा जा सके। मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी श्री मनीष कुमार उपस्थित थे।

### मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्र की हुई मौत, घर में मचा कोहराम

**दारू।** दारू बक्शीडीह निवासी छात्र की सोमवार की सुबह अचानक मौत हो गई जिससे उसके घर में मातम छा गया और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था क मृत छात्र विशेष कुमार (उम्र 17 वर्ष ) पिता स्वर्गीय बलराम कुमार दारु बक्शीडीह का निवासी था जो की वर्तमान अपने नए रामनगर स्तिथ घर में परिजनों के साथ रह रहा था। वाह रांची में रहकर मेडिकल परीक्षा की तैयारी कर रहा था विशेष की तबीयत खराब होने पर 3 दिन पूर्व वह अपने वर्तमान निवास स्थान रामनगर स्थित घर आया था। सोमवार की सुबह उसके तबीयत ज्यादा बिगड़ गई उसके परिजनों ने उसे लेकर शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले आए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बारे में परिजनों ने बताया गया की उसकी मौत फूड पॉइजनिंग के कारण हुयी है। घर में उसकी मौत की खबर मिलते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। मृत युवक के पिता बलराम कुमार भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त कर्मी है जिनकी मौत कोविड बीमारी के कारण करीब तीन साल पहले हो गई थी। युवक अपने घर का इकलौता चिराग था और तीन बहनों के बाद वह सबसे छोटा इकलौता भाई था।

# ग्रामीणों ने मुआवजा को लेकर शव के साथ किया सड़क जाम

## त्रिवेणी सैनिक कंपनी ने मृतक के परिजन को दिया 6 लाख व रोजगार का आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता



सड़क जाम करते ग्रामीण

**बड़कागांव।** रविवार को शाम 5:30 त्रिवेणी सैनिक कंपनी के वर्करों को ले जा रही कृष्णा बस एवं हजारीबाग की ओर से आ रही टर्बो वाहन की भिड़ंत में दोनों वाहन को भारी नुकसान हुआ है। टर्बो ड्राइवर मिजार्पुर गांव निवासी 25 वर्षीय परवेज की मौत हो गई। वही कृष्णा बस के ड्राइवर व सवार लगभग 10 लोग घायल हो गए जिसमें कंपनी के कई वर्करों को गंभीर चोट आई है। सभी घायलों का इलाज हजारीबाग हॉस्पिटल में किया जा रहा है। टर्बो ड्राइवर की मौत हो जाने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा रविवार 6:30 से मुआवजे एवं रोजगार की मांग को लेकर सड़क पर लाश रख कोयला ट्रांसपोर्टिंग रोड एवं कन्वेयर बेल्ट को तकरीबन 22 घंटे तक बंद कराया ।कंपनी और ग्रामीणों के बीच वार्ता के पश्चात सोमवार 3:30 बजे सड़क जाम को हटाया गया। कंपनी की ओर से घटनास्थल पर ही मृतक के परिजन को ?6 लाख का चेक दिया गया तथा एक रोजगार देने का आश्वासन दी है। तत्पश्चात पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दी। परवेज की मौत से परिजन का रो रो कर बुरा हाल था ।परवेज घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था ।वह अपने पीछे पत्नी दो संतान छोड़ गया। इस दौरान22 घंटे तक सड़क जाम होने के कारण कंपनी को करोड़ों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। सड़क जाम में कोयला हाईवा की लंबी कतार लगी हुई थी। बताया जाता है कि टर्बो वाहन का किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं होने की बातें कही जा रही हैं, जिसे लेकर पुलिस जांच में जुट गई है ।रोड़ जाम के समाधान के लिए बीडीयो जितेंद्र कुमार पांडे, थाना प्रभारी विनोद तिर्की, डाड़ीकला थाना प्रभारी मनीलाल सिंह, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,पूर्व विधायक निर्मला देवी, जिप सदस्य सुनीता देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, उप प्रमुख वचन देव कुमार,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ चौबे, पंसस उपेंद्र प्रसाद,मुखिया पारसनाथ प्रसाद समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## हिंदी केवल एक विषय ही नहीं बल्कि जीवन शैली है : प्रवीण राजगढ़िया

खबर मन्त्र संवाददाता



बच्चों को संबोधित करते निदेशक प्रवीण राजगढ़िया

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को साहित्य साधक मुंशीप्रेमचंदकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्रेमचंद की रचनाओं और उनकी जीवनी पर आधारित निबंध, कविता, पोस्टर, स्पीच, नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मुंशीप्रेमचंदकी विभिन्न कहानियों, उपन्यास, कविताओं की आधुनिक समय में प्रासंगिता पर चर्चा की। एंजल वर्मा, साक्षी गोस्वामी, अनुष्का कुमारी, आंचल कुमारी, आर्यन कुमार महतो, माही कुमारी, फरहीन अफसरा, प्रिया कुमारी, मीत कौर, अंकित कुमार, तेजस्वी कुमार, श्रावणी कौशल ने प्रेमचंदकी कहानियों से समाज को मिलने वाले संदेश को बताया। अपने संबोधन में स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हिंदी केवल एक विषय ही नहीं बल्कि जीवन शैली है। मुंशीप्रेमचंदको उनके प्रेरक उद्धरण और अनूठी लेखन शैली के लिए याद किया जाता है। वे समाज के एक सजग प्रहरी थे ।उन्होंने कहा कि प्रेमचंदआज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने वे स्वतंत्रता-पूर्व युग के दौरान थे। उनका साहित्य, उनके द्वारा लिखे गए पात्र, जिन समस्याओं के बारे में उन्होंने बात की है, हम अभी भी उन पर काबू पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। चाहे वह गरीबी हो या भेदभाव हो। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा किहम प्रेमचंद को याद कर उनके विचारों से बहुत कुछ सीखते हुए समाज को दिशा दे सकते हैं।

उनके उपन्यास व कहानियों में सच्चाई व जीवन के अनुभव की झलक मिलती है। उनकी रचना का परिवेश ज्यादातर ग्रामीण रहा है ।प्रेमचंदने अपनी लेखनी से 15 उपन्यास, 300 से अधिक कहानियां, 10 अनुवाद, 7 बाल पुस्तकें लिखी ।प्रेमचंदकी कहानियों और उपन्यासों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा किप्रेमचंदका साहित्य आज भी प्रासंगिक है।

**गरजामु में आयोजित इनामी मुकाबले में 52 बच्चों ने लिया भाग**

## बच्चे देश के भविष्य, इन्हें बेहतर तालीम व तरबियत दें : मो क्यूम

खबर मन्त्र संवाददाता



बच्चों को पारितोषिक देते मो. कयूम

बरही। प्रखण्ड के डपोक पंचायत अंतर्गत गरजामु में रात्रि 10 बजे से मुफ्ती मुजाहिद साहब की अध्यक्षता में अजीमो शान इल्म में बेदरी ईनामी मुकाबला कांफ्रेंस का आयोजन मस्जिद ग्राउंड में किया गया। जिसमे कुल 12 ग्राम के 52 बच्चे मुकाबला में शामिल हुए। बच्चे से सवाल जवाब दीनी तालीम से एवं दुनियावी एतबार से पूछा गया। जिसमे प्रथम स्थान अलीनगर पद्मा की रहने वाली सानियां प्रवीण, द्वितीय स्थान झुरझरी बरकट्ठा से अस्मीन प्रवीण, तृतीय स्थान अलीनगर पद्मा से तरन्नुम प्रवीण ने हासिल किया। विजेता प्रतिभागियों को टेबल फैन, डिनर सेट, सीलिंग पंखा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही इस मुकाबले में भाग लेने वाले सभी बच्चों को किताब पेन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में रांची से आए मुफ्ती अनेमुल्लाह साहब, राहत फैजी साहब, एलोनसर तोसीफ रजा साहब, जसीम मिसवाही साहब, शायरी में जफर अकिल साहब, हसनैन रजा, मौलाना जमीर साहब शामिल हुए। इस इनामी मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो क्यूम, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन दास, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रमजान अंसारी, कासिम अंसारी, मनौवर अंसारी, नईम उद्दीन, महताब आलम, मौलाना सुलेमान, मौलाना सीदिक साहब सहित अन्य मौजूद रहे। मुख्य अतिथि पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं, ऐसे में जरूरी है कि उन्हें बेहतर से बेहतर तालीम और अच्छे ढंग से उसकी तरबियत करें। जिन बच्चों की बुनियादी तालीम बेहतर और मजबूत होगी उसे आगे चलकर कोई दिक्कत नही होगी। मो क्यूम ने कहा कि सभी लोग अपने बेटा और बेटी दोनों को समान रूप से तालीम दें। इसके अलावा बच्चों को दिनी, दुनियावी, आधुनिक और तकनीकी शिक्षा दें। आज इसकी जरूरत है ।सिर्फ डिग्री वाली शिक्षा ही आज बेरोजगारी का कारण बना हुआ है। उन्होंने कहा तालीम के बगैर इंसान नमोकम्मल है।

तालीम से तरक्की के सभी दरवाजे खुलते है। आज सुदुर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में मदरसा ही तालीम देकर गरीब बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ रही है। आज वही कौम और मुल्क विकसित है जहां शिक्षा है, इसीलिए सभी लोग शिक्षा को अपनी पहली प्राथमिकता में शामिल करें।

### सामाजिक दायित्वों के तहत आगे भी ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ दिलाता रहेगा ट्रस्ट : पवन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** युवा भारत मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में सौंडा स्थित जयनगर कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बताया गया कि बरसात के दिनों में आसपास के क्षेत्र में फैल रही संक्रामक बीमारी को देखते हुए युवा भारत मिशन की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। साथ ही वहां रह रहे आसपास के लोगों के जल को परीक्षण किया गया। मौके पर ट्रस्ट के पवन कुमार सिंह ने बताया बरसात के दिनों में लोगों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा भारत मिशन ट्रस्ट अपने सामाजिक दायित्वों के तहत क्षेत्रवासियों को आगे भी स्वास्थ्य लाभ दिलाता रहेगा। साथ ही ग्रामीणों को समय-समय पर जागरूक भी करता रहेगा। श्री सिंह ने जल ही जीवन है का नारा बुलंद करते हुए कहा कि जयनगर कॉलोनी के लोग गंदे पानी पीने से भयावह बीमारी के चपेट में आ रहे हैं।

## एक नजर में

### झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक

**हजारीबाग।** झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई की बैठक शनिवार को आरक्षी विद्यालय के शिक्षक सदन में संपन्न हुई। बैठक में विद्यालयों के सरप्लस शिक्षकों का बड़े पैमाने पर स्थानांतरण, शिक्षा विभाग से संबंधित कार्यालयों में कथित भ्रष्टाचार, विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति लंबित रखने, विद्यालयों में प्रभार को लेकर होने वाले विवाद सहित एनएमओपीएस/झारओटीईएफ के विभिन्न पदों पर होने वाले चुनाव में संगठन द्वारा समर्थन को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार, विभिन्न ग्रेडों में लंबित प्रोन्नति एवं विद्यालयों में प्रभार को लेकर होने वाले विवाद हेतु निर्णय लिया गया कि एक बार पुनः संबंधित अधिकारियों से मिलकर समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। बात नहीं बनने की स्थिति में संगठन द्वारा अगस्त माह के तीसरे सप्ताह में बैठक कर घेराव, धरना-प्रदर्शन, भूख-हड़ताल आदि पर विचार किया जाएगा। वहीं एनएमओपीएस/झारओटीईएफ का छह अगस्त को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए प्रकाश कुमार, सचिव पद के लिए संजय चंद्र, कोषाध्यक्ष पद के लिए कृपेश कुमार व महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा के लिए राखी सिंह को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। संघ ने सदस्यों को इन्हीं प्रत्याशियों पर समर्थन देने का आह्वान किया है। संघ ने स्थानांतरण हेतु चयनित सरप्लस शिक्षकों को चिन्हित कर व्हाट्सएप ग्रुप क्रिएट कर सभी का नाम जोड़ने की कवायद पर विचार किया है ताकि भविष्य में सरप्लस के नाम पर गलत तरीके से स्थानांतरण के प्रयास के विरोध में बड़ी लड़ाई लड़ी जा सके। बैठक में अध्यक्ष मो अतिकुज्जमा, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार, वरिष्ठ सदस्य सुनील सिंह, प्रधान सचिव कुमार सत्यपाल, संयुक्त सचिव विष्णु कुमार, उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, प्रभाकर कुमार, तारकेश्वर सिंह, नवीन कुमार, मीडिया प्रभारी राजीव कुमार झा, प्रवक्ता रणधीर कुमार, नरेंद्र कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेश्वर कुमार, संगठन सचिव अमित कुमार के अतिरिक्त कार्यालय सचिव सुनील कुमार, रोहिताश्व नायक, कार्यकारिणी के बसंत कुमार दास, राजेंद्र प्रजापति, प्रमोद कुमार, महेंद्र गुप्ता, मुंशी प्रसाद, अनिल अंसारी, ज्ञानरंजन, मुकेश कुमार, उषा कुमारी, शिव शंकर यादव, रजनीश कुमार, राजकुमार आदि उपस्थित थे।

### काजी मोहल्ला से दो चोर गिरफ्तार!

**हजारीबाग।** रविवार रात्रि को काजी मोहल्ला से दो चोर गिरफ्तार किए गए है । सूत्र बताते हैं कि ये वही चोर है जिन्होंने १५ लाख जेवर की चोरी की थी। ज्ञात हो कि सदर थाना क्षेत्र के बंसीलाल चौक निवासी एक्साइज विभाग के सेवानिवृत सिपाही अजय कुमार गुप्ता के घर से तीन दिन पूर्व जेवरात की चोरी हुई थी। बताया जा रहा है की पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर है व अन्य जानकारी इकट्ठा करने के प्रयास में जुटी है।

### पंचायत स्वयंसेवको का मुद्दा विधानसभा में उठाये जाने पर विधायक को बधाई

**बड़कागांव।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की मांग को विधायक अंबा प्रसाद को विधानसभा में पुरजोर तरीके से रखने के लिए बड़कागांव के स्वयंसेवको ने बधाई दी है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सभी स्वयंसेवक की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद दिया गया। स्वयं सेवकों ने कहा कि पिछले महीने के 12 तारीख से अब तक लगातार राजभवन के समीप पंचायत स्वयंसेवकों का धरना जारी है। पिछले 28 तारीख को विधानसभा का भी घेराव किया गया। फिर से 3 अगस्त को विधानसभा का घेराव किया जाना है। विधायक ने स्वयंसेवकों की बातों को और मजबूरियों को समझा। उन्होंने आश्वासन दिया कि आप लोगों के साथ हम हमेशा से तत्परता पुरवक खड़े रहेंगे। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से श्याम कुमार भार्गव, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, नितेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, अनिल बेदिया, नारायण कुमार, प्रमोद कुमार आदि शामिल हैं।

### विस्थापित-प्रभावित एवं स्थानीय संवेदक संघ हुई बैठक

उरीमारी (रामगढ़)। उरीमारी के जरजरा चौक स्थित महावीर साव के आवास पर रविवार को विस्थापित-प्रभावित एवं स्थानीय संवेदक संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सूरज बेसरा व संचालन महावीर साव ने किया। बैठक सीसीएल प्रबंधन द्वारा अभी तक सीसीएल में टेंडर नहीं निकाले जाने पर चर्चा की गई। टेंडर नहीं निकाले जाने को ले संवेदक संघ ने सीसीएल प्रबंधन के प्रति नाराजगी व्यक्त की। साथ ही सीसीएल प्रबंधन से मांग किया गया कि जल्द से जल्द टेंडर निकाला जाय ताकि विस्थापित-प्रभावित एवं स्थानीय संवेदकों को रोजगार मिल सके।

### झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका-सयाल कमेटी का हुआ विस्तार

**उरीमारी (रामगढ़)।** झारखण्ड कोलियरी मजदूर यूनियन बरका-सयाल कमेटी के क्षेत्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया व क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय वर्मा ने कमेटी का विस्तार किया है। इसमें सयाल के पूर्व मुखिया सत्येंद्र यादव व दोतल्ला पंचायत के पूर्व मुखिया लवकुमार महतो को क्षेत्रीय सह सचिव और रोशन कुमार को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है की इनके पदाधिकारी बनने से प्रक्षेत्र में यूनियन और मजबूती के साथ आगे बढ़ेगा। इस बावत मनोनयन का पत्र-बरका सयाल के अधिकारियों सहित सीसीएल के अधिकारियों को भेजी गई है। इधर नवमनोनित सह सचिव सत्येंद्र यादव, सह सचिव लव कुमार महतो व उपाध्यक्ष रोशन कुमार ने कहा कि जिस उम्मीद व विश्वास के साथ हमें यह कार्यभार सौंपा गया है।

## भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है शिव मंदिर : अंबा

खबर मन्त्र संवाददाता



शिलान्यास के मौके पर मौजूद विधायक।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत अंतर्गत हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद का आगमन हुआ। जहां विधायक अंबा प्रसाद ने 2 लाख रुपए की लागत से शिव मंदिर प्रांगण का सुंदरीकरण एवं चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर विधायक अंबा प्रसाद ने शिलान्यास किया। इसके पूर्व क्षेत्रवासियों ने विधायक अंबा प्रसाद को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि यहां का शिव मंदिर भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। यहां सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का चहंमुखी विकास और जन समस्याओं का समाधान ही कांग्रेस का उद्देश्य है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राज किशोर पांडेय, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, चमन लाल, लखन राम, नित्यानंद पाठक, राजेश कुमार सिंह, भुरकुंडा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य दीपक भुंइया, संजय मिश्रा, विक्रम कुमार, अभिषेक सोनी, बागेश्वर करमाली, सुरेश यादव, चंदन साव कई लोग मौजूद थें।

# नायक समाज ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




कार्यक्रम का उदघाटन करते

**रामगढ़।** अनुसूचित जाति नायक समाज संघ रामगढ़ जिला इकाई द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन साहू धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. डॉ रिझु नायक, विशिष्ट अतिथि केंद्रीय प्रवक्ता राजन नायक, शांति देवी, बसंत नायक, पुन्नू राम नायक, पंसस आशु देवी, ज्ञानी नायक मौजूद थे। वहीं, कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। ततपश्चात समाज के पुरोधा स्व.राजेन्द्र नायक,स्व. प्रेमु नायक, स्व.सुकर नायक व स्व. बिनोद नायक की याद में एक मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वहीं, मैट्रिक व इंटर के तीनों संकायों में उत्तीर्ण हुए सभी छात्र छात्राओं को बारी-बारी से डायरी, पेन ,मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रिझु नायक ने कहा कि कलम की ताकत तलवार की धार से भी अधिक तेज होती है। समाज के बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पढ़ना और लिखना चाहिए। ताकि अच्छी जगह पर पहुंच सके। कहा कि हम समाज को तभी अच्छा कहेंगे जब हमारा समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे होगा। तत्पश्चात समाज को दहेज मुक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संजय नायक व संचालन जिला सचिव बिनोद नायक ने किया। मौके पर रितेश नायक, गणेश नायक, ज्ञानी नायक, सकल नायक, राज नायक, महेश नायक, दिलीप नायक, तुलेश्वर नायक, ठाकुर नायक, राजू नायक, शंकर नायक, सुनील नायक, उमेश नायक, प्रदीप नायक, अजय नायक, प्रदुमन नायक, दयानंद नायक सहित अन्य उपस्थित थे।

## कांग्रेस हटायें बड़कागांव बचायें : विक्रांत

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू पार्टी के वरीय नेता विक्रांत साहू की अध्यक्षता में आगामी 4 अगस्त को निर्धारित हल्ला बोल कार्यक्रम को लेकर सौंदा बस्ती पंचायत में सोमवार को आजसू पार्टी की बैठक हुई। बैठक के दौरान विक्रांत साहू ने कहा की मौजूदा राज्य सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। युवा रोजगार को तरस रहे हैं। रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। वहीं अपराध का ग्राफ काफी बढ़ा है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विभिन्न योजनाओं के लिए आमजनता को परेशान किया जा रहा है। विकास कार्य ठप है। श्री साहू ने कहा कि जनहित के कार्य से कांग्रेस और जेएमएम को कोई सरोकार नहीं है। इन्हीं सब मुद्दो के खिलाफ आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कगांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चैधरी के आह्वान पर सभी प्रखण्ड कार्यालयों में आंदोलन के क्रम में पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रांगण में पार्टी द्वारा आगामी 4 अगस्त को हल्ला बोल कार्यक्रम का आगाज किया जाएगा। पूरे प्रखंड से हजारों कार्यकर्ता एवं आमजनता इस कार्यक्रम में भाग लेकर जनहित की आवाज बुलंद करेंगें। बैठक के बाद हल्ला बोल कार्यक्रम की सफलता को ले जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में खुली सभा का किया गया आयोजन

## विद्यालय के अध्यक्ष ब्रिगेडियर शैलेश सती ने अभिभावकों से बच्चों को अच्छी आदतें सिखाने का किया आहवान

खबर मन्त्र संवाददाता



सभा को संबोधित करते ब्रिगेडियर शैलेश सती

**रामगढ़।** आर्मी पब्लिक स्कूल में 31 जुलाई को सत्र 2023-24 की पहली खुली सभा का आयोजन किया गया। सभा में कक्षा 1 से 9वीं तक के अभिभावक उपस्थित थे। सभा का नेतृत्व विद्यालय के अध्यक्ष ब्रिगेडियर शैलेश सती ने किया। मौके पर उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया । जिसमें घर का वातावरण ,नैतिक मूल्य, पौष्टिक भोजन, मोबाइल फोन, अभिभावकों का उत्तरदायित्व, बच्चों का उचित मार्गदर्शन, बोलचाल की भाषा में उचित शब्दों का प्रयोग किया जाना शामिल थे। अध्यक्ष ने अभिभावकों से छात्रों को अच्छी आदतें सिखाने पर विशेष बल दिया । उन्होंने कहा की छात्रों को अतिरिक्त किताबें पढ़ना, समय से सोना व उठना, सोने से पहले अपने कार्य को पूरा करना, बड़ों व छोटों दोनों का आदर करने की सीख दें । अभिभावकों द्वारा अध्यक्ष के संदेश को सुनने के बाद उन पर उचित कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया गया। अंत में अध्यक्ष कहा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए माता-पिता अध्यापकों की बराबरी की हिस्सेदारी हैं और अपने हिस्से का काम ईमानदारी से करने पर सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यालय के प्राचार्य ने इस पर सहमति जताते हुए धन्यवाद ज्ञापन दिया। सभा के बाद पीटीएम का आयोजन किया गया और अभिभावकों ने अपने बच्चों के कक्षा अध्यापक से बातचीत की। सभा में कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## आज से जेजे कॉलेज में इंटर का नामांकन शुरू

**कोडरमा।** जेजे कॉलेज में एक अगस्त से इंटर (तीनों संकाय) में नामांकन शुरू हो गया है। उक्त जानकारी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश उपाध्याय ने देते हुए बताया कि जिन विद्यार्थियों का मैट्रिक परीक्षा में 60 प्रतिशत से ज्यादा अंक होगा वे तीनों संकाय में सीधा नामांकन ले सकते है, नामांकन प्रक्रिया एक अगस्त से 5 अगस्त की जाएगी। वहीं जिन विद्यार्थियों का प्राप्तांक 60 प्रतिशत से कम है वे अपने सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ 10 अगस्त तक महाविद्यालय में आवेदन जमा करेंगे, इन विद्यार्थियों का नामांकन मेघा सूची निकालने के उपरांत किया जाएगा।

## ई-रिक्शा की चपेट में आने से एक घायल, रिम्स रेफर

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतगर्त चाराडीह स्थित झुमरी तालाब के समीप ई-रिक्शा की चपेट में आने से 60 वर्षीय अशोक सिंह झुमरीतिलैया निवासी घायल हो गया। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक घायल व्यक्ति आरआईटी कॉलेज चाराडीह में रात्रि प्रहरी है और सोमवार की सुबह जब वह ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहा था, उसी समय ई-रिक्शा ने टक्कर मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद ई-रिक्शा चालक उसे घायल अवस्था में सदर अस्पताल पहुंचा कर फरार हो गया। इधर चिकित्सकों ने उसकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के उपरांत रिम्स रेफर कर दिया।

## रामजानकी मंदिर में हर मंगलवार को होगा हनुमान चालीसा का पाठ

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद स्थित रामजानकी मंदिर में सनातन धर्म को आगे बढ़ाने को लेकर रविवार को बैठक की गई। वहीं बैठक की अध्यक्षता दिलीप यादव ने किया। इस दौरान भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए। वहीं निर्णय लिया गया कि हर मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नवाडीह के समीप रविवार को ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कोडरमा थाना क्षेत्र के ढेबुआडीहद्द निवासी 20 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में की गई। मिली जानकारी के अनुसार बालू भरने के लिए ट्रैक्टर बालू घाट जयनगर जा रहा था। वहीं नवाडीह के समीप ट्रैक्टर पर बैठा उक्त युवक नीचे गिर गया और ट्रैक्टर उस पर चढ़कर गया एवं मौके पर ही युवक की मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## ग्रामीण जलापूर्ति योजना से 127 पीस पाइप की चोरी

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सतडीहा में बन रहे जल मीनार के पाइप की चोरी को लेकर विजय भोजनिया ने थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। वहीं उन्होंने कहा है कि सतडीहा पंचायत भवन के सामने मैदान में रखे लगभग 127 पाइप की चोरी कर ली गई है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 18 लाख रुपया बताया जा रहा है, आगे उन्होंने कहा है कि नियमित पाइपों की जांच और गिनती की जाती है। उसी दौरान 22 जुलाई को सुबह पता चला कि पाइप में से 127 पाइप विभिन्न साइजों का उस स्थान पर नहीं है। वहीं उन्होंने थाना प्रभारी से आग्रह किया कि मामले को गंभीरता से लेकर जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

## जयनगर थाना प्रभारी को एसपी ने किया लाइन हाजिर

**कोडरमा।** एसपी कुमार गौरव ने एक आदेश जारी कर जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं डोमचांच थाने में पदस्थापित एसआई उमाकांत सिंह को जयनगर का नया थाना प्रभारी बनाया है। हाल के दिनों में जयनगर थाना प्रभारी के क्रियाकलाप को लेकर पुलिस की काफी किरकिरी हो रही थी।

# भौकाल टीवी न्यूज चैनल का संचालक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष एवं अन्य मंत्रियों के विरुद्ध अमर्यादित, आपत्तिजनक एवं विद्वेषपूर्ण भाषा का प्रयोग कर उसे प्रसारित करने के आरोपी भौकाल टीवी चैनल के संचालक टीपू सुल्तान उर्फ समर को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी अंजनी कुमार झा ने सोमवार को गढ़वा थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि भौकाल टीवी नामक यू-ट्यूब/फेसबुक चैनल के माध्यम से मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष तथा अन्य मंत्री के विरुद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए एक वीडियो अपलोड कर उसे प्रसारित किया गया था। इस सन्दर्भ में आवेदक रतन कुमार सिंह के आवेदन पर रंका थाना कांड संख्या 112/2023, दिनाक 30072023 ारा 153ए/ 505(2)/ 500/ 509/ 504/ 506/34 भादवि.67 आईटी एक्ट एवं एससी/एसटी एक्ट अंकित किया गया। उन्होने बताया कि विशेष कार्रवाई दल का गठन कर शीघ्र भौकाल टीवी के संचालक सहित उपरोक्तअपराध में शामिल अन्य अभियुक्तों को चिन्हित कर गिरफ्तारी का निर्देश दिया गया। तत्काल गठित टीम द्वारा टीपू सुल्तान उर्फ समर को गढ़वा थाना क्षेत्र के दरमी ग्राम से गिरफ्तार कर लिया गया।

एसपी श्री झा ने बताया कि मामले में अन्य आरोपी को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक संतोष कुमार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी कृष्णा कुमार साहू, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, पुअनि. सूर्यप्रकाश दूबे, प्रवीण कुमार आदि समेत सशस्त्र बल शामिल थे।

## जमीन मामले को लेकर उपायुक्त को दिया आवेदन

**कोडरमा।** जिले के जरगा पंचायत स्थित जरगा टोला निवासी वजीर यादव ने उपायुक्त को आवेदन देकर उसकी खतियानी जमीन पर जबरन बुनियाद काटकर दिवाल देने का काम शुरू करने की शिकायत की है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि उसकी जमीन खाता नंबर 6 पर जबरन संजय यादव, विजय सिंह आदि ने मिलकर बुनियाद काट दिया है तथा उसपर बाउंड्रीवाल का निर्माण भी शुरू कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि इस संबंध में थाना प्रभारी को आवेदन दिया था मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## कमलेश महतो बने केतार थाना प्रभारी

**केतार।** पुलिस ओक्षक अंजनी कुमार झा ने केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि का स्थानांतरण भंडरिया कर दिया है। जबकि मझिआंव थाना प्रभारी कमलेश महतो को केतार का थाना प्रभारी नियुक्त किया है। तत्पश्चात थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो ने सोमवार केतार थाना पहुंच कर योगदान दिया। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि अपराा को लेकर थाना क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापामारी किया जाएगा।

# विभिन्न विकास योजनाओं पर हुई चर्चा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में सोमवार को आयोजित पंचायत समिति की बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार सिंह व संचालन बीडीओ पप्पु रजक ने किया। बैठक के दौरान प्रमुख ने उपस्थित सभी पदाधिकारी, कर्मी और जनप्रतिनिधियों को बैठक में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। वहीं बैठक के दौरान तेलोडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य दीपक राम, महूंगाय पंचायत के पंसस नसीम अंसारी ने खाद्य वितरण का मुद्दा उठाया। जिसमे गरीबों के बीच पीडीएस द्वारा अनाज वितरण में उपभोक्ताओं को कम राशन देने की बात कही। मौके पर मौजूद आपूर्ति पदाधिकारी कमल किशोर सिंह ने कहा कि अगर इस तरह का शिकायत है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद मध्य पंचायत मरकच्चो के पंसस नितिन चन्द्र गुप्ता ने मरकच्चो बन्धन चौक से बाजार मुहल्ला तक तथा मरकच्चो के अन्य गलियों में भी स्ट्रीट लाइट लगवाने व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला चिकित्सक नियमित रूप से रहने की मांग की।

वहीं नावाडीह पंसस धानेश्वर यादव ने पशु चिकित्सा पदाधिकारी से किसानों को गाय, बकरी दिलाने का मुद्दा उठाया और सुचारू ढंग से चलाने की बात कही। इस पर पशुपालन विभाग के उपस्थित पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने कहा कि बकरा, सुअर, गाय, बैल वितरण का प्रावधान है। जिसके तहत चयनित लाभुकों को दिया जायेगा। वहीं पपलो पंसस उपेंद्र यादव ने हांथीयों द्वारा ग्राम पपलो, बेरहवा जंगल से सटे गांवों व बेरहवा जंगल स्थित कर्माधाम में बड़े पैमाने पर तोड़ फोड़ किया गया, जिसका विभाग को आवेदन देकर वन विभाग के पदाधिकारियों से क्षतिपूर्ति की मांग की गयी, लेकिन अभी तक निराकरण नही किया गया है। वहीं मूर्कमनाय पंसस सहदेव यादव, डगरनवां पंसस गोविंद यादव ने नल जल व जलमीनार, मरम्मती, बोरिंग का मुद्दा उठाया। इसके अलावा सदस्यों ने बिजली, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा योजना, जन्म-मृत्यु, नल-जल, सड़क, पुल-पुलिया समेत अन्य मुद्दों को उठाया। वहीं सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों को पदाधिकारियों ने जवाब दिया एवं प्रस्ताव में लिया गया। मौके पर पिंकी देवी, कैलाश यादव, संदीप साव, उपेंद्र यादव, गोविंद यादव, सहदेव यादव, नसीम अंसारी, राकेश रंजन, जागेश्वर उरांव, रवि कुमार, डॉ.राकेश कुमार सिंह, पंचायत सेवक, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कर्मी आदि मौजूद थे।

## तीजा खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** यादे हुसैन मोहर्रम कमेटी कर्बलानगर, दरगाह मुहल्ला, चौक मुहल्ला, शाहगंज के संयुक्त तत्वाधान में तीजा खेल प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को कर्बलानगर स्थित रैनीटांड में किया गया। जिसका उदघाटन समाज सेवी खलील अंसारी, थाना प्रभारी लव कुमार, सदर अहमद हुसैन, मो. नूर आलम, पूर्व मुखिया दिवाकर तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजद नेता शुभाष यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप अध्यक्ष रामधन यादव, प्रखंड प्रमुख बिजय कुमार सिंह, डॉ. जावेद अख्तर उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम का सदारत तौकीर अहमद ने किया, जबकि संचालन जावेद मस्तान व शाकीर अहमद ने किया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका मकबुल आलम, खुर्शीद अंसारी, हैदर अंसारी ने निभाया। कार्यक्रम में आये अतिथियों का स्वागत कमिटी के द्वारा गुलदस्ता देकर व माला पहनाकर किया गया। वहीं तीजा प्रतियोगिता में कोडरमा, गिरिडीह, व हजारीबाग जिले के दर्जनों क्लब के जाबांज खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन किया।

एक नजर में

## मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चला

**इटखोरी।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर इटखोरी थाना प्रभारी बिनोद कुमार के नेतृत्व में सोमवार को थाना गेट के सामने मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चलाया। इस मौके पर तकरीबन 20 मोटरसाइकिल को हेलमेट व कालजात के अभाव में जप्त किया गया है । इस अभियान में एस आई बंटी यादव दुखीराम महतो सहायक पुलिस के जवान गिरेन्द्र मंटू समेत अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित थे। इस मौके पर थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में पुलिस वाहन से संबंधित दस्तावेज, हेलमेट एवं लाइसेंस जांच की गई। इस दौरान लगभग 20 दोपहिया वाहनों को जप्त किया गया। बाद में कुछ लोगों को कागजात दिखाने पर उसे छोड़ दिया गया। इसके अलावे हेलमेट व कागजात दुरुस्त नही रहने वाले दो पहिया चालकों को परिवहन विभाग से चालान कटवाने के बाद छोड़ा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अपराध व दुर्घटना के मद्देनजर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है आए दिन बगैर हेलमेट के लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं।

## मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनी



**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य नवीन कुमार, पीटीआई शिक्षक राकेश पांडेय, हिंदी शिक्षक मनोज पांडेय ने पुष्पांजलि अर्पित कर प्रेमचंद को देश का सच्चा सपूत बताया। वहीं बच्चों ने कहा कि प्रेमचंद एक कुशल कथाकार, उपन्यासकार के साथ-साथ एक समाज सुधारक भी थे। उन्होंने आजादी की लड़ाई तो लड़ी ही, अपने जमाने की सामाजिक कुरीतियों में छुआछूत, विधवा विवाह, बाल विवाह समेत अन्य सामाजिक विषयों को मुद्दा बनाया। बच्चों में राधिका केसरी, परिधि कुमारी, निखिल राज, अमित साव, प्रियांशी कुमारी ने अपने विचार रखे। जबकि अदिति रानी ने गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम का संचालन शैल्वी सिंह और तनीषा शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। वहीं प्राचार्य नवीन कुमार ने कहा कि प्रेमचंद की रचनाएं कालजयी हैं।

## सेवानिवृत शिक्षक को दी गयी विदाई



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबानो में कार्यक्रम आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षक बुधन राम को विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, उपप्रमुख दामोदर गोप शामिल हुए। शिक्षक बुधन राम को सिमरिया सीडीपीओ अशोक प्रियदर्शी और उपप्रमुख दामोदर गोप के हाथो बुक्के, अंगवस्त्र व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने कहा की शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते है शिक्षकों की जितनी तारीफ कि जाए कम है। इन्होंने अपने जीवन का पहली पारी समाप्त कर चुके है अब दूसरी पारी में जा रहे है ।जब लोग 30-35 साल नौकरी करते हैं और सेवानिर्वित होने पर दूसरी जीवनी जीते है। वहीं उपप्रमुख दामोदर गोप ने कहा कि सबानो 23 वर्ष तक इस संघर्ष की घड़ी में बेदाग सेवानिर्वित होना बहुत हीं बड़ी उपलब्धि है। वहीं सेवानिर्वित्त हो रहे शिक्षक बुधन राम ने कहा की मैं सबानो विद्यालय में 23 वर्ष सेवा दिया हूं ।इसके पूर्व हंटरगंज में सेवा दिया था। मैं जब आया था तब इस विद्यालय में मात्र 23 बच्चे मिले थे। जिसमे 13 बच्चे स्कूल का था और 10 बच्चे आंगनबाड़ी का था। मुझे लगता था की कैसे किया होगा लेकिन लगातार संघर्ष किया तो ग्रामीणों ने मुझ पर भरोसा करके बच्चों को दिया और मैं उनके भरोसा पर खरा उतरा और आज बच्चे बहुत लोग जॉब कर रहे कुछ लोग डॉक्टर बने कुछ लोग पत्रकार बने और कुछ लोग सिविल सेवा की ओर तैयारी में लगे हुए है। साथ हीं उन्होंने शिक्षको को विद्यालय को सही तरीके से चलाने का मार्गदर्शन दिया मौके पर शिक्षक जनार्दन सिंह, केदार वर्मा, मृत्युंजय कुमार सिंह,सिद्धेश्वर सिंह,महेंद्र ठाकुर, जयचंद साहू,चंद्रिका राम,प्रेम राम,राजेश कुमार,ललिता देवी राजद महा सचिव सह अध्यक्ष जवाहर यादव अध्यक्ष रामविलास राम प्रेम प्रकाश कुमार कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

झोलाछाप ने दो गर्भवती महिलाओं का किया ऑपरेशन, दोनो के बच्चे की मौत

# अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के ऊपर करें नियमानुसार कार्रवाई: डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** अवैध नर्सिंग होम के संचालन पर उपायुक्त अबु इमरान सख्त। मीडिया के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई थी कि कुंदा प्रखंड क्षेत्र में ममता नर्सिंग होम के नाम से नर्सिंग होम का संचालन किया जा रहा है।

इसमें महिलाओं को प्रसव हेतु एडमिट किया जाता है एवं प्रसव के दौरान अलग अलग तिथि में दो मृत बच्चे के जन्म की घटना सामने आई है। यह खबर मिलने के पश्चात उपायुक्त श्री अबु इमरान सिविल सर्जन चतरा को जांच कर जल्द से जल्द नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। आगे उन्होंने कहा क्लिनिकल इस्टेबलीस्टमेन्ट एक्ट का उलंघन करने वाले व अवैध रूप से जिले में संचालित नर्सिंग होम के ऊपर करी से करी कार्रवाई करें। रविवार को उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी प्रतापपुर एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदा द्वारा जांच की गई।

जांच के पश्चात कुंदा प्रखंड विकास पदाधिकारी खगेस कुमार द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 24 जुलाई को मानती देवी पति- ब्रजेश गंझू उम्र 20 वर्ष एंव दिनांक 25 जुलाई को किरण देवी पति- विश्वनाथ गंझू उम्र 28 वर्ष दोनो ग्राम- हेसातू थाना- कुन्दा के रहने वाली हैं इन दोनो महिलाओं को प्रसव कराने के नाम पर एडमिट किया गया था। प्रसव हेतु मानती देवी का ऑपरेशन 24 जुलाई को किया गया था जिसमें मृत बच्चे मृत्य का जन्म हुआ था।

# डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु तीन अभ्यर्थियों का आवेदन रखा गया।

उपायुक्त ने इन तीनों आवेदकों के आवेदन के जरूरी दस्तावेज का जांच किया। अद्धतन आवासीय प्रमाण पत्र, वैवाहिक स्थिति का शपथ पत्र, आचरण प्रमाण पत्र समेत अन्य दस्तावेज का अवलोकन कर समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। साथ ही अग्रत्तर कार्रवाई हेतु विभाग को प्रेषित करने का निर्देश दिया गया।

उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# गढ़वा की सभी जर्जर सड़कें बनेगी बेहतर, आवागमन होगा सुलभ : मंत्री मिथिलेश

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में 10 वर्ष पूर्व निर्मित जर्जर हो चुकी सड़कें भी अब पूरी तरह से बेहतर बन जाएगी। लगभग 80 करोड़ रूपये की लागत से 25 सड़कों का विशेष मरम्मति कार्य कराया जाएगा। झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। सात पैकेज में विभक्त कर इन सड़कों का मरम्मति कार्य कराया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि विशेष मरम्मति योजना के तहत 10 वर्ष से अधिक समय पूर्व निर्मित जर्जर हो चुकी सड़कों का विशेष मरम्मति कार्य कराया जाएगा।

इसके तहत रंका प्रखंड के बुढ़ापरास से बांदु चुतरू तक 79 किमी सड़क का नौ करोड़, 69 लाख, 76 हजार, 800 रूपये की लागत से विशेष मरम्मति कार्य कराया जाएगा। जबकि चिनियां प्रखंड में कठौतिया से हेताड़कला तक एक करोड़, 52 लाख, 36 हजार, 200 रूपये की लागत से 177 किमी, मेराल प्रखंड के देवगाना मोड़ से देवगाना तक एक करोड़, 52 लाख, 73 हजार, 400 रूपये की लागत से 13 किमी, मेराल से मकुना तक 36 लाख, 94 हजार, 500 रूपये की लागत से आधा किमी, टी 03 से कुंभी तक दो करोड़, 45 लाख, सात हजार, 300 रूपये की लागत से 292 किमी, एल 047 से केवार टोला तक दो करोड़, पांच लाख, 97 हजार, 900 रूपये की लागत से 24 किमी, चट्टान टोला से साव टोला तक एक करोड़, 13 लाख, 33 हजार, 600 रूपये की लागत से 12 किमी, टी 02 से कमरमा तक तीन करोड़, 52 लाख, 20 हजार, 100 रूपये की लागत से 359 किमी, गढ़वा प्रखंड के गढ़वा-चिनियां पीडब्लयूडी रोड कल्याणपुर से पेसका आरईओ रोड होते हुए जाटा पुल तक एक करोड़, 87 लाख, नौ हजार, 800 रूपये की लागत से 177 किमी, मेराल प्रखंड के टी 03 से चोरपनियां टोला तक 39 लाख, 22 हजार, 200 रूपये की लागत से 055 किमी, अंरगी से दलेली तक दो करोड़, 46 लाख, 32 हजार, 900 रूपये की लागत से 263 किमी, गढ़वा-मझिआंव पीडब्लयूडी पथ से खोलरा होते हुए मुरलीबांध तक एक करोड़, 43 लाख, 73 हजार रूपये की लागत से 132 किमी,

## 80 करोड़ की लागत से बनेंगी 25 सड़कें



मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर

पीडब्लयूडी रोड छपरवार खूर्द से छपरवार कला नहर तक दो करोड़, 93 लाख, 84 हजार, 500 रूपये की लागत से 382 किमी, डंडा प्रखंड में पीएमजीएसवाई रोड गोबरदाहा से चक छपरदागा तक दो करोड़, 27 लाख, एक हजार 700 रुपए की लागत से 2.किमी, गढ़वा प्रखंड के एल 048 से गरनाहा तक 3 करोड़, 65 लाख, 94 हजार रुपए की लागत से 43 किमी, नवादा आरईओ रोड दमदुआ मोड़ से बिंद टोला होते हुए समाहरणालय गेट तक 2 करोड़, 17 लाख, 83 हजार चार सौ रुपए की लागत से 27 किमी, मेराल प्रखंड के मेराल पश्चिमी एनएच 75 मेराल बस स्टैंड से मेराल रेलवे स्टेशन वाया अकड़ी टोला तक दो करोड़, 69 लाख, 30 हजार, 800 रु की लागत से 34 किमी, एनएच 75 बाना महुआ से बना मध्य विद्यालय तक एक करोड़, 26 लाख, 64 हजार रुपए की लागत से 18 किमी, मेराल रेलवे लाइन से मकुना पीएमजीएसवाई रोड तक एक करोड़, 54 लाख, 66 हजार, 400 रुपए की लागत से 17 किमी, रंका प्रखंड के गोदरमाना इमली हाटदोहर से जनेवा तक 6 करोड़, 46 लाख, 200 रुपए की लागत से 66 किमी, चिनिया प्रखंड के रंका चिनियां मुख्य पथ हेतार कला पंचायत भवन से हथबझवा तक 2 करोड़, 74 लाख, 67 हजार, 300 रुपए की लागत से 26 किमी, रंका प्रखंड के विश्रामपुर यूट्यूब चौक आवासीय विद्यालय ढेंगुरा (कुदरूम) तक 2 करोड़, 55 लाख, 57 हजार रुपए की लागत से 28 किमी, रंका थाना मोड़ से टिमन बाजार रमकंडा पथ तक 10 करोड़, 45 लाख, 74 हजार, 900 रुपए की लागत से 156 किमी, भंडरिया प्रखंड के भंडरिया सिकरिया मेन रोड से जोन्हीखांड होते हुए सिजो मोड़ रमकंडा मुख्य पथ तक 9 करोड़, 21 लाख, 13 हजार,100 रुपए की लागत से 1005 किमी तथा रंका प्रखंड के रंका चिनियां पीडब्ल्यूडी पथ रबदा से रबदा राजकीय मध्य विद्यालय होते हुए कंचनपुर शिव मंदिर तक एक करोड़, 75 लाख 20 हजार, 100 रुपए की लागत से 2 किलोमीटर सड़क का विशेष मरम्मत कार्य कराया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिले की सभी जर्जर हो चुकी सड़कों को पुनर्जीवित कर बेहतर बनाया जाएगा।

जिले के हर कोने में लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिले भर में जर्जर हो चुके सड़कों का लंबे समय से मरम्मत कार्य नहीं किया गया है। क्रमवार सभी जर्जर सड़कों का विशेष मरमती कार्य कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि वे एक बार में गढ़वा के लिए जितनी योजनाएं ला रहे हैं, उतना तो पूर्व के लोगों ने अपने पूरे कार्यकाल में भी नहीं कराया है। गढ़वा में हो रहे विकास कार्यों की किसी गति के कारण विपक्षियों की नींद हराम हो गई है।

# ककरचोली सड़क की समस्या विधानसभा में उठायेंगे विधायक



खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत ककरचोली गांव में रेलवे के घेराबंदी होने से रास्ता बंद हो गया है और यहां के लोगों को थाना, ब्लॉक, स्कूल आदि स्थानों पर जाने के लिए एकतो नदी पास कर जाना पड़ता है। इसमें स्थानीय ग्रामीणों के जमीन होने के कारण यह रास्ता बन नहीं पा रहा था। जिसके बाद रास्ते की समस्याओं को लेकर विधायक अमित कुमार यादव ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मिले। इस दौरान विधायक ने रैयतों से आग्रह कर सभी के सहमती से रास्ता बनाने की सहमति बनाई। विधायक अमित कुमार यादव ने जल्द इस एकतो नदी में पुल का निर्माण और सड़क का निर्माण करने का आश्वासन दिया। साथ ही ककरचोली गांव के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के लिए ककरचोली पंचायत भवन से महुआटांड तक आरईओ रोड का निर्माण किया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। विधायक ने रास्ता बनाने के लिए लोगों से सहयोग करने को अपील करते हुए कहा कि ककरचोली गांव के ग्रामीणों के लिए जो रास्ता व सड़क की समस्या है, उसे विधानसभा सत्र में उठाकर शीघ्र निदान करने का प्रयास करूंगा। मौके पर रंजीत राणा, विजय राणा, संजय यादव, विजय यादव, हासिम खान, कासिम खान, उमेश यादव, हरिश्चंद्र राणा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# बारिश से 20 फीट सड़क का हिस्सा बहा गांवों से मुख्य सड़क का टूटा संपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखण्ड मुख्यालय सहित आस-पास के क्षेत्र मे बीते शनिवार रात्रि मे मूसलाधार बारिश से होने से साल्वे पंचायत अंतर्गत बरनी गाँव का ग्रेड वन सड़क लगभग 20 फीट हिस्सा बह गया है। सड़क बहने के कारण गांव से प्रखण्ड मुख्यालय व अन्य मार्ग जाने वाला संपर्क टूट गया। ग्रामीण मंगर गंझु, सोमर गंझु, कोलेश्वर गंझु, मुकेश गंझु,बंधन गंझु, सहादेव गंझु, प्रेम गंझु, जैठन गंझु, अजय गंझु, फुल देव गंझु, बिरेंद्र गंझु सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि बरनी गाँव मे लगभग 20 वर्ष पूर्व मे ग्रेडवन रोड बना था. बिते रात्रि हुई तेज वर्षा के कारण लगभग 20 फीट बह गया है। जिससे क्षेत्रवासियों को यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़क बहने से गाँव के लोगों को परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। इसी रोड से छात्र पढ़ाई करने विद्यालय जाते थे। साथ ही बीमार मरिजो को इलाज सहित अन्य कार्य को लेकर मुख्य सड़क पर आने जाने मे लगभग तीन किलोमीटर से भी अधिक दुरी का फेरा लगाना पड़ता है। ग्रामीणों ने सडक बहने की जानकारी पंचायत के मुखिया राजीव भगत को दिया। सूचना मिलते ही मुखिया भगत बरनी गाँव पहुंचे और सडक का जयजा लिया। मुखिया भगत ने ग्रामीणों को अशवासन देते हुए कहा कि सडक निर्माण के लिए हर संभव मदद की जाएगी। ग्रामीणों ने विधायक बैजनाथ राम, डीसी हिमांशु मोहन से तत्काल सड़क निर्माण कराने की गुहार लगायी है।


टूटा सड़क

## बेतला मुखिया मंजू देवी ने युवाओं को फुटबॉल देकर किया होंसला अफजाई


फुटबॉल देते मुखिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेतला।** बेतला मुखिया मंजू देवी के सौजन्य से सोमवार को पंचायत सचिवालय परिसर में स्थानीय युवाओं को खेल प्रेमियों खिलाड़ियों को फुटबॉल देकर किया रवाना मौके पर मुखिया ने कहीं की खेल के क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को आगे बढ़ने तथा खेल खेलने मानसिक और शारीरिक विकास होता है खेल की खेल भावना से खेले और आगे बढ़े अपने पंचायत के साथ -साथ अपने प्रखंड जिला का नाम रौशन करे। मौके पर पूर्व मुखिया संजय सिंह, वार्ड सदस्य जमुना सिंह, ग्राम प्रधान इदरीस अंसारी, दरोगा सिंह, आवास मित्र उमेश कुमार बैठा समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के झाबर पंचायत स्तिथ सुईयाटोला में सोमवार को करंट की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मुन्ना उराँव 30वर्ष पिता सुकरा उराँव ग्राम सुईयाटोला, झाबर खेत में काम करने जा रहा था। इसी दौरान बिजली के झूलते तार की चपेट में वह आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सुरेश राम ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वही घटना की सूचना पाकर बालूमाथ पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पिता की डांट से गुस्साए युवती ने जहर खाकर आत्महत्या करने का किया प्रयास

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के शेरेगड़ा ग्राम में सोमवार को पिता की डांट से गुस्साए एक 13 वर्षीय युवती ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बसंती कुमारी 13 वर्ष पिता चरका भुईंया ग्राम शेरेगड़ा थाना बालूमाथ निवासी को उसके पिता ने किसी बात को लेकर डांटा था। जिससे गुस्साए युवती ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों ने अचेत अवस्था में युवती को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया । जहां डॉ सुरेश राम की देखरेख में युवती का प्राथमिक उपचार किया गया और बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### फ्लेरिया रोग से बचाव को लेकर सहिया व एएनएम की बैठक संपन्न

**बालूमाथ।** बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में सोमवार को फलेरिया रोग से बचाव को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुरेश राम ने किया ।उपस्थित सहिया व एएनएम को आईडीए कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉ सुरेश राम ने कहा कि आगामी 10 से 25 अगस्त तक फलेरिया रोग से बचाव के लिए एक विशेष कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही है। इस अवधि में आप लोग प्रत्येक व्यक्ति को फलेरिया रोग से बचाव का दवा खिलाएंगे ।उन्होंने कहा कि फलेरिया से ग्रसित मरीज को मच्छर काटने के बाद वही मच्छर दूसरे व्यक्ति को अगर काटता है तो फलेरिया रोग फैलने की संभावना बढ़ जाती है ।इसी को रोकने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को फलेरिया का दवा खाना आवश्यक है ताकि फलेरिया रोग से बचा जा सके इस मौके पर स्वास्थ्य कर्मी मृत्युंजय कुमार, पंकज पांडे अशोक रवि , सोहर मणि देवी ,विमला देवी ,चंपा देवी, झालो देवी ,किरण देवी ,छटनी देवी ,रुक्मणी देवी ,सुमन देवी, रविता देवी ,समेत कई लोग मौजूद थे।

### माले के संस्थापक कॉ.चारु मजुमदार का मनाया गया 51 वां शहादत दिवस

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में दिन सोमवार को भाकपा माले के संस्थापक महासचिव कॉ .चारु मजुमदार का 51 वां शहादत दिवस ब्रांच सचिव सह लातेहार आइसा जिला सचिव नागेंद्र राम की अध्यक्षता में बांड़ी गांव के टोला रतहाखाड़ में मनाया गया। जहां भाकपा माले के कार्यकताओं ने शहिद कॉमरेड चारू मजुमदार के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना किया। वहीं पुण्यतिथि मनाने के साथ-साथ दलित,आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचार को रोकने और इंसानियत को शर्मसार करने वाली मणिपुर और मध्य प्रदेश की घटना के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। मणिपुर के मुख्यमंत्री बिरेन सरकार कुर्सी छोड़ो, एस.टी., एस.सी.,का बीजेपी से हित नहीं और बालू की भीत नहीं,समेत कई तरह के नारे लगाए गए।

### केंद्रीय विद्यालय में बाल वाटिका की कक्षायें प्रारंभ



**लातेहार।** केंद्रीय विद्यालय लातेहार में सोमवार से बाल वाटिका-3 की कक्षायें प्रारंभ की गयी। विद्यालय की प्राचार्या देवनिसिया तिर्की ने फीता काट कर बाल वाटिका के कक्षा का उदघाटन किया। श्रीमती तिर्की ने बताया कि वर्ष 2022-23 में स्थायी भवन वाले 49 केंद्रीय विद्यालयों में तीन, चार व पांच आयु वर्ग वाले बच्चों के लिए बाल वाटिका कक्षायें संचालित किया जा रहा है। इनमें लातेहार भी शामिल है। यहां बाल वाटिका-3 में कुल 40 छात्र व छात्राओं का नामांकन किया गया है। सभी बच्चों को उपहार व बैलून भेंट कर कक्षा में स्वागत किया गया। श्रीमती तिर्की ने बताया कि बाल वाटिका के कमरे को बच्चों के अनुरूप आकर्षक व मनोरंजक सजाया गया है। ताकि बच्चों को खेल-खेल में कक्षा एक से पहले प्रारंभिक साक्षरता और संख्या ज्ञान दिया जा सके। उन्होने बताया कि नयी शिक्षा नीति 2023 में कक्षा एक से पहले बाल वाटिका की कक्षाओं की परिकल्पना की गयी है। बाल वाटिका-3 में वैसे बच्चे जिनकी उम्र पांच वर्ष से अधिक व छह वर्ष से कम है, उनका ऑनलाइन आवेदन के बाद कक्षा में नामांकन लिया गया है। उन्होने बताया कि इसके लिए शिक्षकों को अलग से प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे बच्चों को सरल व रोचक तरीके से अक्षर व संख्या ज्ञान दे सके। मौके पर वरीय शिक्षिका सुमन कुमारी व अविश कुमार समेंत विद्यालय के कई शिक्षक व शिक्षिकायें उपस्थित थी।

## बाइक सवार ने स्कूली छात्रा को मारी टक्कर, ग्रामीणों ने की धुनाई


मौके पर लगा भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** शहर स्थित जय हिंद पुस्तकालय के समीप स्कूल जा रही एक छात्रा को अनियंत्रित गति से गुजर रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने बाइक सवारों की धुनाई कर दी। सूचना पर वहां पुलिस पहुंची और बाइक सवार तथा दुर्घटनाग्रस्त बाइक को थाना ले गई। जानकारी के अनुसार एक स्कूली छात्रा विद्यालय जाने को निकली थी। इसी दौरान वहां से गुजरते एक तेज बाइक सवार ने छात्रा को अपनी चपेट में ले लिया। इससे छात्रा घायल हो गई। छात्रा को सड़क पर गिरता देख आसपास के लोग दौड़े व छात्रा को उठाया।

इसके बाद बाइक सवारों की धुनाई शुरू कर दी। इस बीच वहां पहुंचे मीडियाकर्मी ने घायल छात्रा को पहले अस्पताल पहुंचाने और संबंधित सूचना चंदवा थाना पुलिस को देने की बात कही। चंदवा सीएचसी में छात्रा के इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।

## प्रतुल शाहदेव ने ऊर्जा सचिव से सेरेगड़ा में 100 केवी ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत सेरेगाड़ा पंचायत के सेरगड़ा में कोलवरी क्षेत्र रहने के बावजूद यहां के ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर है। मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में सेरेगड़ा का दौरा करते हुए जनता से मिल उनकी समस्या से रुबरू होते हुए पूरे मामले की जानकारी ली और वहां के जनता से विधान सभा सत्र खत्म होते ही ऊर्जा सचिव से सेरेगड़ा में 100केवी का एक ट्रांसफार्मर, सेरेगड़ा हरिजन टोला में 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाने को लेकर चर्चा कर जल्द लगाने का मांग रखेंगे। मौके पर एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, भाजयुमो गोपाल शाहदेव, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष रोहित सहदेव, चंदवा सोशल मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार, निर्मल यादव, विष्णु यादव, नेमान राणा, मो. अरशद, बबलू गुप्ता, संदीप गुप्ता, अजय गुप्ता, महेंद्र पांडे समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## विद्यालय के चल रहे जमीन विवाद पर हस्तक्षेप करें उपायुक्त : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता


मामले की जानकारी लेते प्रतुल शाहदेव

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव और भाजपा के चंदवा प्रखंड के अन्य नेता आज राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवा पहुंचे। ज्ञातव्य है की मोहर्रम के दिन इस विद्यालय के प्राचार्य ने चंदवा के थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोप लगाया था कि कुछ लोगों के द्वारा विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण करके कार्य किया जा रहा है। प्रतुल ने सोमवार को प्रभारी प्राचार्य की अनुपस्थिति में इंचार्ज जुलियस टोप्पो, कृष्ण चौधरी एवम अन्य शिक्षकों से पूरे मामले की जानकारी ली। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि जिस जमीन पर कार्य कराया जा रहा है उसके भूमि स्वामित्व के सर्टिफिकेट को 15.06.2022 को अंचलाधिकारी ने रद्द कर दिया है। प्रतुल ने कहा यह इस क्षेत्र का सबसे बड़ा विद्यालय है जिसमें ढाई हजार से ज्यादा बच्चे पढ़ते हैं। बढ़ती आबादी के साथ इस विद्यालय के विस्तारीकरण के लिए और जमीन की आवश्यकता है प्रतुल ने उपायुक्त से मांग की वे दोनों पक्षों के कागजातों की जांच कर लें।आवश्यकता पड़े तो क्षेत्र के शिक्षा हित और विद्यालय के हित में जिस जमीन को विवादित बनाने की कोशिश की गई है उसका अधिग्रहण भी किया जाए। प्रतुल ने विद्यालय के शिक्षकों को आश्वासन दिया की वह सरकार और प्रशासन से न्याय संगत कार्रवाई की अपेक्षा रखते हैं। प्रतुल के साथ दीपक निषाद, मनीष चांदो, कृष्ण कुमार, विजय कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## हाथी के हमले से हुई मौत के परिजनों को मिला मुआवजा

खबर मन्त्र संवाददाता


मुआवजा देते अधिकारी

**बारियातू।** लातेहार डीएफओ रौशन कुमार के निर्देश पर सोमवार को बालूमाथ वन विभाग कार्यालय से प्रभारी रेंजर राकेश कुमार ने साल्वे मुखिया राजिव भगत के समक्ष हाथी की हमले से हुई मौत के बाद मृतक बबीता देवी की पति राकेश प्रजापति को तीन लाख रुपए का चेक दिया गया। आपको बताते चले की बीते 16 फरवरी को बबिता देवी घर के बाहर किसी कार्य के लिए गई थी की इसी दौरान हाथीयों के झुंड से बिछड़ा एक हाथी ने हमला कर दांत से गोद व सुंड से पटक कर घायल कर दिया था। जिसे इलाज के लिए ले जाने के क्रम में मौत हो गई थी। मौत की सूचना पाकर वन विभाग के टीम मृतक के घर पहुँच कर दो किस्तों में एक लाख रुपये तत्काल मुआवजा दिया गया था। प्रक्रिया के तहत शेष राशि सोमवार को दिया गया। मौके पर वनरक्षी संतोष कुमार, अमित तिवारी, विश्वास देव पांडे, के अलावा कई लोग मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्या भारतीय योजना के अनुसार कक्षा 6 से अष्टम वर्ग के बच्चों के बीच एक दिवस विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे झुलन प्रसाद, विद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर प्रसाद, सम्मानित सदस्य सतेन्द्र प्रसाद, अभिभावक प्रमोद कुमार गुप्ता, व प्रधानाचार्य जितेंद्र राम ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ओउम एवं भारत माता के चित्र पर द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया। इसके पश्चात विषय प्रवेश कराते हुए प्रधानाचार्य राम ने उपस्थित छात्र /छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी एक स्पर्धा है जिसमें प्रतिस्पर्धी अपनी अपनी विज्ञान परियोजना प्रस्तुत करते हैं । विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में अभिरुचि पैदा करने एवं अपने प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रम से आप छात्र छात्राओं के अंदर रचनात्मकता का विकास होता है एवं विज्ञान के प्रति रुचि जगता है। इससे वैज्ञानिक सोच का विकास होता है।


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

वहीं मुख्य अतिथि प्रसाद ने कहा की आप सभी को न्यूटन एवं डा0 जगदीश चंद्र बसु जैसे वैज्ञानिकों के पद चिन्हों पर चलकर अच्छे-अच्छे वैज्ञानिक बनना चाहिए। इसके पश्चात इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ से प्रथम पुरस्कार भैया सचिन राज, द्वितीय पुरस्कार भैया आयुष कुमार, तृतीय पुरस्कार भैया कौशल कुमार, कक्षा सप्तम से प्रथम पुरस्कार सत्यम कुमार द्वितीय पुरस्कार हिमांशु कुमार तृतीय पुरस्कार बहन कशिश कुमारी, कक्षा अष्टम से प्रथम पुरस्कार साक्षी राजलक्ष्मी, द्वितीय पुरस्कार बहन बबीता कुमारी, तृतीय पुरस्कार भैया यश कुमार को उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरूस्कृत किया गया।

मौके पर राज किशोर मिश्र, शशि कुमार सिंह, लक्ष्मण राम, नीतीश , बसंत कुमार, आचार्य वीणा देवी, किरण देवी, विनीता कुमारी, मनीषा कुमारी एवं सभी प्रतिभागी उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित छात्रायें

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर में गत 25 जुलाई से आगामी दो अगस्त तक विज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन भारतीय वैज्ञानिक व रसायन के जनक प्रफुल्ल चंद्र राय के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जा रहा है। सोमवार को विद्यालय के सभागार में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति सदस्य विजय कुमार सिन्हा के द्वारा दीप प्रजज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी एवं समिति सदस्य विकास कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। श्री सिन्हा ने कहा कि जब कोई व्यक्ति किसी एक विषय पर विशेष ज्ञान ले लेता है तो वह उस व्यक्ति की पहचान बन जाती है। महान वैज्ञानिक न्यूटन, आइंस्टाइन ,थॉमस च एल्वा एडिसन आदि ने किसी एक विषय पर अध्ययन व शोध किया और उस पर कई अविष्कार किये।

मौके पर विज्ञान आचार्य ओंकारनाथ सहाय ने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। विज्ञान ने मानव के कामों को काफी आसान कर दिया है। यही कारण है कि आज नित्य नये आविष्कार हो रहे हैं। मौके पर आचार्य लालबहादुर राम, शशिकांत पांडेय, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम, अभिनय कुंभकार, रेणु गुप्ता, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, प्रवीण प्रसाद यादव, रूपेश सिंह, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, दीपक कुमार दास, खुशबू कुमारी, आकश कुमार सेन व मधु कुमारी आदि मौजूद थे।

## विद्यालय में निर्वाचन साक्षरता क्लब के गठन के लिए कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम में उपस्थित लोग

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्तिथ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिमरसोत में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला की अध्यक्षता में निर्वाचन साक्षरता क्लब जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ललिता बाखला ने बताया कि निर्वाचन साक्षरता क्लब अभियान के तहत 17 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों का मतदाता सूची में निबंधन कराना है। जिसमे प्रखंड क्षेत्र के सभी उच्च विद्यालय,कॉलेज में निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया जाएगा जिसके नोडल पदाधिकारी सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य होंगे। गठित क्लब के द्वारा 17 वर्ष से अधिक उम्र के छात्र-छात्राओं को प्रेरित कर मतदाता सूची में नाम जोड़ा जाएगा ।वही इस कार्य हेतु बाल विकास परियोजना की महिला पर्यवेक्षक कामिनी ठाकुर एवं सीआरपी जीवन कुमार अनुपम को मास्टर ट्रेनर बनाया गया है। इनके द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया जाएगा। इस बैठक में शिक्षक निर्मल सिन्हा,कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की वार्डन शिखा कुमारी, सेमरसोत विद्यालय शिक्षक योगेंद्र कुमार उपस्थित थे।

# वन विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी वृन्दा पांडेय को दी गई भावभीनी विदाई

- सेवानिवृत्त रेंजर वृन्दा पांडेय प्रशासनिक दक्षता एवं विषम परिस्थितियों में भी संयमित एवं सरल रहने वाले : कुमार आशुतोष
- सेवानिवृत्त रेंजर वृन्दा पांडेय ने सहयोग के लिए लोगों के प्रति जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

महुआडांड़। महुआडांड वन परिसर में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत्त रेंजर वृन्दा पांडेय को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पलामू ब्याघ्र परियोजना दक्षिणी प्रमण्डल डालटनगंज के निदेशक कुमार आशुतोष ने सेवानिवृत्त रेंजर वृन्दा पांडेय के प्रशासनिक दक्षता एवं इनके द्वारा किसी भी परिस्थिति में संयमित एवं सरल रहने की बात बताई एवं कहा कि इनके कार्यकाल में बहुत विकास का हुआ। वहीं डीएफओ कुमार आशीष ने सेवानिवृत्त रेंजर वृन्दा पांडेय के संबंध में कहा कि वृन्दा पांडेय जी एक शांतिप्रिय एवं मृदुभाषी व्यक्ति हैं। ये हमेशा सिनियर अधिकारी के निर्देश का पालन करते थे तो वहीं जूनियर स्टॉफ को लेकर चलने वाले हैं। ये अपने कार्यकाल में आपसी सामंजस्य बैठाकर कार्य करने वाले और सहयोग करने वाले थे। विदाई समारोह में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त रेंजर वृन्दा पांडेय ने भावुक स्वर में सहयोग के लिए स्थानीय लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान सेवानिवृत्त रेंजर वृन्दा पांडेय ने अपने महुआडांड़ में व्यतीत किये गए अनुभव को साझा करते हुए कहा कि 36 वर्ष के कार्य के दौरान ईमानदारी पूर्वक एवं लग्न व कर्मठता से कार्य करने का ही परिणाम है कि आज मुझे सेवानिवृत्ति के समय अधिकारियों, साथियों व लोगों का इतना प्यार मिल रहा है। सो आपलोग भी अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक लगन के साथ करें। विदाई समारोह का संचालन पंकज पाठक ने किया। इस मौके पर जिप सदस्य इस्तेला नगेसिया, गारू पश्चिमी रेंजर तरूण कुमार सिंह, गारू पूर्वी के रेंजर उमेश कुमार दुबे, वनपाल अजय टोप्पो, सूर्या हॉस्पीटल के निदेशक डॉ ए. के. शाह, सीताराम प्रसाद, कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर, मनीष सिंह, चटकपुर मुखिया रेखा नगेसिया, उपमुखिया सतीश कुमार, यूको विकास समिति लोध के अध्यक्ष रामदयाल राम, समाजसेवी अर्जुन सिंह, पूर्व जिप सदस्य इग्नासिया गिद्ध, कांग्रेस नेता रामनरेश ठाकुर, समाजसेवी आलोक कुमार सिंह आदि समेत कई पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य आदि समेत काफी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध जन मौजूद थे।



विदाई समारोह में उपस्थित लोग

### इनका योगदान रहा सराहनीय

विदाई समारोह आयोजित करने में वनरक्षी श्रवण गुप्ता, कुणाल कुमार, पंकज पाठक, मिथिलेश ठाकुर, श्याम राम, रुद्रनाथ राम, कुणाल कुमार, गौरी शंकर, गुरूदयाल सिंह, सुबोध कुमार, कुवंर गंझु आदि समस्त वनरक्षी एवं वनकर्मियों का योगदान सराहनीय रहा।

स्पीड न्यूज

## दो अभियुक्त गिरफ्तार

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय सुपुर्द कर दिया। नगर उंटारी के सी–231/09 के वारंटी शमसुदीन अंसारी पिता स्व.धनु मियां ग्राम – मकरी, एवं 327/18 का वारंटी सुनिल भुईयां उर्फ दहदुल भुईया पिता सुरेश भुईयां ग्राम – अरसली दोनों थाना भवनाथपुर जिला गढ़वा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

## जीएस.पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**कोडरमा।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जीएस.पब्लिक स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं रिया कुमारी जिला स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त की व मानवी कुमारी ब्लक स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त की। जिन्हें झुमरीतिलैया स्थित गायत्री मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षक शुभम कुमार कार्यक्रम में उपस्थित हुए। वहीं सफल विद्यार्थियों को विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने ढ़ेरों शुभकामनाएं दी। वहीं उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों के अंदर पढ़ने को लेकर नई ऊर्जा आती हैं व बच्चे किताब के ज्ञान के साथ साथ आध्यात्मिक ज्ञान का भी लाभ लेते हैं। सफल विद्यार्थियों को विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, उपनिदेशक नीरज कुमार, प्रतिमा कुमारी, कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन, अकाउंटेंट गुलाबचंद सहा एवं सभी शिक्षक–शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई दी।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मुंशी प्रेमचंद जयंती मनायी गयी

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आईक्यूएसी के तत्वाधान में मुंशी प्रेमचंद जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। वहीं महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका डॉ.मृदुला भगत ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए मुंशी प्रेमचंद का जीवन परिचय तथा उनके द्वारा रचित साहित्यों के विषय में प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। वहीं महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार पासवान ने प्रशिक्षुओं के समक्ष मुंशी प्रेमचंद के कुछ अनमोल विचार रखें। कार्यक्रम में बीएडसत्र 2022–24 के प्रशिक्षु उमेश कुमार दांगी, वैभवी कुमारी, स्नेहा कुमारी, ज्योति कुमारी, सूरज कुमार, सोनू बर्णवाल, रिंकेश कुमार, राजन कुमार, जितेंद्र कुमार, बैजनाथ पंडित, विवेक कुमार, अरविंद कुमार, दीपू कुमार यादव, मो.सोहेल अख्तर, सचिन कुमार राणा, समां प्रवीण, खुशबू रानी, आरती कुमारी, दिव्या कुमारी, बबीता उपाध्याय, पूजा कुमारी आदि उपस्थित थे। मौके पर मनीष कुमार पासवान, खुशबू सिन्हा, संजीत कुमार सिंह, नीरज कुमार, रोहित कुमार, निशा कुमारी, सुचित कुमार तथा दीपक कुमार मौजूद थे।

## जलाभिषेक करने के लिए उमड़ी भीड़

**इटखोरी (चतरा)।** सावन की चौथी सोमवारी पर मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अवस्थित सहस्र शिवलिंग महादेव के जलाभिषेक को भारी भीड़ उमड़ी। इस पावन मौके पर हजारों भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया। सारे दिन महादेव का दरबार हर–हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। सावन मास में चौथी सोमवारी के महत्व को देखते हुए अहले सुबह चार बजे सहस्र शिवलिंग महादेव की सर्वप्रथम श्रृंगार पूजा हुई। 1008 शिवलिंग को अपने आप में समाहित कर रखने वाले सहस्र शिवलिंग महादेव का बेलपत्र, धथूरा व फूलों से श्रृंगार किया गया था। तत्पश्चात कपूर से कर्पूर गौरम की महा आरती उतारी गई। फिर सहस्र शिवलिंग महादेव का दूध व जल से अभिषेक करने की भक्तों के बीच होड़ मच गई। दोपहर तक सहस्र शिवलिंग महादेव को जलाभिषेक करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। अत्यधिक भीड़ होने की वजह से भक्तों को कतार में लगकर बाबा का जलाभिषेक करना पड़ा। सहस्र शिवलिंग महादेव का दर्शन करने के पश्चात श्रद्धालु भक्तों ने मंदिर परिसर में अवस्थित मां भद्रकाली, राम जानकी, विश्वकर्मा, पंचमुखी हनुमान, शनि देव महाराज के मंदिर में भी जाकर दर्शन पूजन किया।

# थाना प्रभारी क्षेत्र में बढ़ायें गश्ती : एसपी



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** नए एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने सोमवार को एसपी कार्यालय में बैठक की। बैठक में एसपी ने थाना प्रभारियों को कई अहम दिशा निर्देश दिया। बैठक में एसपी ने ट्रैफिक व्यवस्था को पहले से और ज्यादा दुरुस्त करने के लिए नगर थाना प्रभारी को कई विशेष दिशा निर्देश दिया। एसपी ने सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्र के स्कूल एवं कॉलेजों में रोड सेफ्टी को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिए कई दिशा निर्देश दिया। एसपी ने थाना प्रभारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आम नागरिक के साथ कुशल व्यवहार रखने के लिए निर्देश दिया। एसपी ने वाहन चोरी की घटना को रोकने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को दिए कई दिशा निर्देश दिया। महिलाओं के साथ चैन एवं मोबाइल स्नैचिंग की घटना नहीं हो इसके लिए थाना प्रभारियों को सभी चौक चौराहे पर गश्ती कराने के लिए निर्देश दिया। लंबित पड़े कांडों की त्वरित गति से निष्पादन का भी निर्देश दिया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सीसीटीएनएस के डाटा को शत-प्रतिशत अद्यतन कर रखने का निर्देश दिया।

# दानापुर-बंगलुरु के बीच चलेगी वीकली स्पेशल ट्रेन

**पटना।** रेल प्रशासन ने अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने के उद्देश्य से दानापुर-एसएमवी बेंगलुरु के बीच दोनों दिशाओं में पांच ट्रिप के लिए एसी सुपरफास्ट वीकली स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के सतना, जबलपुर और इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर जाएगी। इसके साथ ही छपरा से चेन्नई के बीच चलने वाली गंगा-कावेरी एक्सप्रेस का सतना, कटनी और जबलपुर रेलवे स्टेशनों पर आगमन और प्रस्थान के समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के सीपीआरओ राहुल श्रीवास्तव के मुताबिक गाड़ी संख्या 03241 दानापुर-एसएमवी बंगलुरु एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 28 जुलाई 2023 से 25 अगस्त 2023 तक प्रत्येक शुक्रवार को दानापुर स्टेशन से चलेगी। अपने प्रारंभिक स्टेशन दानापुर से दोपहर 15:00 बजे प्रस्थान कर ट्रेन अगले दिन सतना 00:13 बजे, जबलपुर 03:05 बजे, इटारसी 07:00 बजे पहुंचेगी। स्पेशल एसी ट्रेन तीसरे दिन 13:00 बजे एसएमवी (बंगलुरु) स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 03242 एसएमवी बंगलुरु-दानापुर एक्सप्रेस ट्रेन स्पेशल 30 जुलाई 2023 से 27 अगस्त 2023 तक प्रत्येक रविवार को एसएमवी बंगलुरु स्टेशन से 23:25 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अगले दिन इटारसी 06:35 बजे, जबलपुर 10:10 बजे, सतना 13:05 बजे और तीसरे दिन 23:30 बजे दानापुर स्टेशन पहुंचेगी।

**कहां कहां रुकेगी स्पेशल ट्रेन :** यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में आरा जंक्शन, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, जबलपुर, इटारसी, नागपुर, बल्लारशाह, वारंगल, विजयवाड़ा, गुडूर, पेराम्बूर,काटपाड़ी,जोलारपेट्टई एवं बांगरपेट स्टेशनों पर रुकेगी। इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 04 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 14 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी और दो जनरेटर कार सहित कुल 21 कोच रहेंगे।

**गंगा-कावेरी एक्सप्रेस के टाइम टेबल में आंशिक परिवर्तन :** रेल प्रशासन ने छपरा से चेन्नई के मध्य चलने वाली गंगा कावेरी एक्सप्रेस का सतना, कटनी एवं जबलपुर रेलवे स्टेशनों पर आगमन और प्रस्थान समय में आंशिक परिवर्तन किया है.समय सारणी में यह बदलाव दो अक्टूबर 2023 से प्रभावी होगा.गाड़ी संख्या 12670 छपरा-चेन्नई सुपरफास्ट गंगा-कावेरी एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार) को अपने प्रारंभिक स्टेशन छपरा से निर्धारित समय रात्रि 21:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सतना स्टेशन पर आगमन 07.15 बजे और प्रस्थान 07:20 बजे, कटनी स्टेशन पर आगमन 08:35 बजे और प्रस्थान समय 08:40 बजे और जबलपुर स्टेशन पर आगमन 10:00 बजे और प्रस्थान 10:10 बजे रहेगा.इसके अतिरिक्त इस गाड़ी की समय सारणी में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

# चक्रधरपुर में सम्मानित किये गये विभिन्न मुहर्रम अखाड़ा के खलीफा

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर में मुहर्रम का पर्व शांति और भाईचारगी के साथ संपन्न होने पर विभिन्न अखाड़ा समिति के खलीफाओं को सम्मानित किया गया। उर्दू स्कूल प्रांगण में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई उपस्थित रहे। उन्होंने शहर में शांतिपूर्वक मुहर्रम संपन्न होने पर अखाड़ा समिति, प्रशासनिक अधिकारी व खलीफाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुहर्रम जुल्म और नाइंसाफी के खिलाफ आवाज बुलंद करने की सीख देता है। उन्होंने कहा कि करबला का जंग इंसानियत, इंसाफ और इमान की राह पर कायम रहने का पैगाम देता है। इस मौके पर दंदासाई के खलीफा मोहम्मद जावेद, पोटका के खलीफा मोहम्मद शाहनवाज, बंगलाटांड के खलीफा तौसीफ अख्तर जानी, पापड़ हाता के खलीफा एजाज खान उर्फ कल्लू खान, वार्ड संख्या-10 के खलीफा मोहम्मद नदीम उर्फ शान बाबू, ग्वाला पट्टी के खलीफा मोहम्मद आजाद गद्दी, सिमीदीरी के खलीफा अफरोज आलम, लोको के खलीफा जीशान, चोंगासाई के खलीफा जाकिर हुसैन आदि को टोपी, साफा पहनाकर एवं पारंपरिक तलवार भेंटकर डा विजय सिंह गागराई के हाथों सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण मुमताज अंसारी उर्फ कलकतिया ने दिया। जबकि संचालन विक्की खान ने किया। इस मौके पर साजिद अनवर बबलू, सोनी खान, सरफराज खान, सन्नी खान, मोहम्मद जुनैद, ताज आलम, मोहम्मद परवेज, लड्डू खान, अनवर खान आदि उपस्थित रहे।

### आठ वार्ड सदस्यों ने बीडीओ को सौंपा पत्र

# उप मुखिया पर विकास में बाधा पहुंचाने का आरोप



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के केरा पंचायत के उप मुखिया शिवचरण सिजुई के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया है। इसे लेकर आठ वार्ड सदस्यों ने बीडीओ संजय कुमार सिन्हा को पत्र सौंपा है। उप मुखिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर सोमवार को पंचायत भवन में वार्ड सदस्यों की विशेष बैठक हुई। जिसमें उप मुखिया शिवचरण सिजुई के गलत व्यवहार एवं विकास कार्यों में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए वार्ड सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद सभी आठ वार्ड सदस्य प्रखंड कार्यालय पहुंच अविश्वास से संबंधित पत्र बीडीओ को सौंपा। मालूम हो कि केरा पंचायत में कुल 14 वार्ड है जिसमें एक वार्ड रिक्त है। 13 वार्ड सदस्यों में आठ अविश्वास के पक्ष में है। मुखिया मीरा हासदा भी अविश्वास के पक्ष में बीडीओ को सौंपे गए पत्र में अनुशंसा की है। वहीं बीडीओ ने कहा जल्द ही इस पर उचित निर्णय लेंगे।

**वार्ड सदस्य है अविश्वास के पक्ष में :** वार्ड संख्या- 11 के आनंद मिंज, वार्ड संख्या-14 की सोनाली कुजूर, वार्ड संख्या-6 के पूर्णचंद्र मुखी, वार्ड संख्या-5 की गुरूवारी कर्मकार, वार्ड संख्या-12 की सीमा देवी, वार्ड संख्या-3 की सुनामुनी लोहार, वार्ड संख्या-1 की मांदुई केराई व वार्ड संख्या-2 के सचिन हासदा।

## आर्म्स एक्ट में 4 आरोपियों को 7 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने तिलैया थाना कांड संख्या 237/21 एसटी संख्या 31/22 आर्म्स एक्ट मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी नवादा बस्ती झुमरीतिलैया निवासी संजय यादव पिता स्व दुखी यादव, गझण्डी निवासी दीपक कुमार पिता स्व सुरेश पासवान, जयनगर निवासी अजित कुमार पिता द्वारिका यादव और तिलैया निवासी बबलू यादव पिता अमृत यादव को धारा 25(1-अ)/ 35 आर्म्स एक्ट और धारा 26 (2)/35 आर्म्स एक्ट में दोषी पाते हुए चारों अभियुक्तों को 7-7 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है, साथ ही चारों आरोपियों पर 10-10 हजार का आर्थिक जुमार्ना भी लगाया गया है, जुमार्ने की राशि नही देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। कोडरमा-तत्कालीन तिलैया थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना की गझडी स्टेशन के नजदीक कवाटर के पास संजय यादव एवं 5-7 लोग हथियार के साथ खड़े हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। थाना प्रभारी दल बल के साथ वहां पहुंचे।

# पैदल मार्च एवं धरना प्रदर्शन को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** पूरा मणिपुर राज्य विगत 3 मई 2023 से जातीय हिंसा की आग में जल रहा है। बावजूद इसके हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार मूकदर्शक रही तथा अब तक मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा को रोकने में पूर्णतः नाकाम रही है। मणिपुर की शर्मनाक घटना के खिलाफ एक अगस्त मंगलवार को इंडिया के तत्वावधान में सभी घटक दलों द्वारा सुबह 11:30 बजे प०सिंहभूम जिला मुख्यालय शहीद पार्क चौक, चाईबासा से पैदल मार्च निकाल कर गांधी मैदान चाईबासा में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद खादी - भंडार-सदर थाना- पोस्ट ऑफिस-घंटा घर-कोर्ट-सदर अनुमंडल कार्यालय, चाईबासा के समक्ष पहुंचेगा। जजहां धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन द्वारा उपायुक्त प.सिंहभूम सौपा जाएगा। मार्च तथा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास के नेतृत्व में तैयारियों को लेकर बैठक की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। वहीं कांग्रेस जिला महासचिव त्रिशानु राय के द्वारा विधि-व्यवस्था से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारियों में त्रिशानु राय, जितेन्द्र नाथ ओझा, दिकु सावैयां, मो.सलीम, मोहन सिंह हेम्ब्रम, संतोष सिन्हा, राकेश सिंह, विक्रमादित्य सुंडी, जगमोहन जोंको, सिंगराय गोप, सुशील कुमार दास, ब्रज मोहन देवगम आदि शामिल थे।

# बगैर हेलमेट पहने लोगो की अब खैर नहीं, दुमका पुलिस ने दी अनोखी सजा

### लगवायी दौड़, और अभिभावकों को बिना हेमलेट के नहीं चलने को खिलायी बच्चों की कसम

खबर मन्त्र संवाददाता





**दुमका।** बेगैर हेमलेट पहन बाइक चलाने वाले की अब खैर नही। अब बिना हेमलेट के सडको पर बाईक चलाने वाले को दुमका पुलिस अनोखी सजा दे रही है। सोमवार को उपराजधानी दुमका के व्यस्ततम चौराहों में से एक कहे जाने वाले अम्बेडकर चौक का नजारा भी कुछ इस तरह दिखा। जहां कुछ पुलिस वालों के सामने कई लोग दौड़ लगा रहे हैं। लोग सड़क पर सरपट दौड़ रहे हैं। यह आर्मी या पुलिस में बहाली के लिए दौड़ नहीं लगाई जा रही है, नहीं कोई बहाली प्रक्रिया नहीं चल रहा है। बल्कि गलती करने वालों को नगर थाना की पुलिस द्वारा दंडित किया जा रहा है। गलती भी ऐसी जो अनजाने में नहीं बल्कि जानबूझ कर की गई है। क्योंकि सड़को पर बाइक लेकर निकलने वाले अधिकांश लोग ट्रैफिक नियमों से वाकिफ होते है। दरअसल दुमका जिला में लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करे इसके लिए प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। नियम की अनदेखी करने वालों का वाहन सीज किया गया। कई चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया गया।

आर्थिक दंड लगाया गया। सड़कों पर उतर कर गांधीगिरी के सहारे लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। इसके बाबजूद लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में नगर थाना की पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन करवाने के लिए नायाब तरीका अपनाया गया। आज ना तो कागजात की जांच की गई और ना ही आर्थिक दंड लगाया गया। बल्कि बगैर हेलमेट के बाइक चलाने वालों को दंडित किया गया। दंड भी बिल्कुल अनोखे तरीके से। किसी चालक को 50 से 100 मीटर दूर तक दौड़ते हुए जाने और आने का फरमान सुनाया गया तो किसी को दौड़कर राहगीरों के पास जाने और हाथ जोड़ कर अपनी गलती के लिए माफी मांगने का फरमान सुनाया गया। पुलिस द्वारा कुछ लोगों को भावनात्मक रूप से भी दंडित किया गया। अपने बच्चों को साथ लेकर बगैर हेलमेट के बाइक चला रहे माता पिता को उनके बच्चों की कसम खिलाई गयी कि भविष्य में बगैर हेलमेट पहने बाइक नहीं चलाएंगे वहीं बच्चों को अपने अभिभावक को समझाने के लिए प्रेरित किया गया। यहाँ बता दें कि दुमका में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। सड़कें रक्त रंजित हो रही है। कई लोग असमय काल कलवित हो रहे है तो कई लोग अस्पतालों में जिंदगी के लिए मौत से जंग लड़ते देखे जा रहे है। अधिकांश दुर्घटना का कारण ट्राफिक नियमों की अनदेखी होता है। इसके बाबजूद लोग संभाल नहीं पा रहे है। उन्हें यह भी समझना चाहिए की इस उमस भरी गर्मी और धूप में पुलिस अगर सड़कों पर खड़ी है तो सिर्फ और सिर्फ आपकी सुरक्षा के लिए। नगर थाना पुलिस एसआई मनोज कुमार मिश्रा द्वारा आज चलाए गए अभियान से बगैर हेलमेट के बाइक चलाने वालों में हड़कम मच गया। उम्मीद की जानी चाहिए कि आज जिसने भी सड़कों पर दौड़ लगाई, अपने बच्चों की कसमें खाई, राहगीरों से माफी मांगी वो कल से हेलमेट लेकर जरूर निकलेंगे। पुलिस द्वारा भी इस तरह का अभियान लगातार चलाया जाए तो वो दिन दूर नहीं जब सभी लोग हेलमेट पहनकर दुमका की सड़कों पर वाहन चलाते नजर आएंगे।

## एक नजर में

## जीएन इंटरनेशनल में पौधरोपण

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्ववावधान में फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी की अध्यक्षता में जीएन इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण की शुद्धता के लिए पौधरोपण किया गया। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पौधा लगाना हर मनुष्य का कर्तव्य हैं। पौधा लगाने से धरती हरी भारी होने से पर्यावरण शुद्ध और मनुष्य स्वस्थ रहता है। उन्होंने सभी व्यक्ति से एक-एक पेड़ लगाने की अपील की। मौके पर प्रोजेक्ट चैयरमैन विनोद कमलापुरी, जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन आठ के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, स्पेशल कमिटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, विनोद कमलापुरी, फेडरेशन सचिव नंदकुमार गुप्ता, ग्रुप के सचिव चंद्रभूषण सिन्हा, मीडिया प्रभारी मोजिबुद्दीन खान, दीपक तिवारी, मनदीप सोनी, वीरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## गलत तरीके से बनाये जा रहे वाटर हार्वेस्टिंग को तोड़वा कर पुनः से कार्य प्रारंभ

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र में 15वें वित्त से बनाए जा रहे सात वाटर हार्वेस्टिंग (सोखता) में भारी अनियमितता का मामला प्रकाश में आने के बाद 21 जुलाई को प्रमुखता से खबर दिखाई गई। वाटर हार्वेस्टिंग नगर पंचायत कार्यालय परिसर, विवाह मंडप, कौशल विकास केंद्र, प्रखंड परिसर, थाना परिसर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं पुरानी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के समीप बनाई जा रही है। खबर दिखाए जाने के बाद नगर पंचायत कार्यालय के द्वारा मामला संज्ञान में लिया गया उसके बाद गलत तरीके से बनाए गए सभी वाटर हार्वेस्टिंग को पुणः से बनवाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कार्यालय द्वारा 15वें वित्त से लगभग 12 लाख रुपए की लागत से सभी सात वाटर हार्वेस्टिंग बनाई जा रही है।

पेज 1 का शेष

### शोर शराबे के बीच 11.988 करोड़ का...

जवाब में वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि तीन माह के भीतर इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया जायेगा। **सरयू ने उठाया निजी स्कूलों का मामला :** इससे पहले ध्यानाकर्षण के तहत सरयू राय ने राज्य में संचालित करीब 40 हजार निजी विद्यालयों पर छाये संकट का हवाला देते हुए सरकार से राहत देने की मांग की। उन्होंने कहा कि शर्तों के मुताबिक मध्य विद्यालयों के लिए 0.75 एकड़ भूमि शहरी क्षेत्र में और 01 एकड़ भूमि ग्रामीण क्षेत्र में होना, प्राथमिक विद्यालयों के लिए 40 डिसमिल भूमि शहरी क्षेत्र के लिए और 60 डिसमिल ग्रामीण क्षेत्र के लिए होना अनिवार्य किया गया है। साथ ही विद्यालय के नाम से एक लाख सावधि जमा, निरीक्षण शुल्क के रूप में कक्षा 01 से 05 के लिए 12,500 रुपये और कक्षा 8 के लिए 25 हजार देने का प्रावधान है। मान्यता नहीं मिलने पर राशि जब्त हो जायेगी। श्री राय ने कहा कि अगर ये शर्तें नहीं हटेगी तो बड़े-बड़े लोग ही स्कूल चला पायेंगे। जवाब में प्रभारी मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि ये शर्तें तो साल 2010 में ही लागू हुई थी। करीब 90 प्रतिशत से ज्यादा विद्यालय इसके दायरे से बाहर हैं। विद्यालय के लिए सीएनटी और एसपीटी की जमीन लेने के लिए लीज अवधि बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। इस पर सीपी सिंह ने चुटकी लेते हुए कहा कि नया मंत्री कहां से आ गये।

### कोर्ट की निगरानी में बनायेंगे...

तीन महीने बीत चुके हैं और लोग अब तक न्याय के इंतजार में हैं। कोई प्रक्रिया तक शुरू नहीं हुई है। चीफ जस्टिस ने कहा कि यह निर्भया केस जैसी स्थिति नहीं है, जिसमें एक गैंगरेप हुआ था। वह भी भीषण था, लेकिन यह एकदम अलग केस है। हम यहां व्यवस्थागत हिंसा से निपटने की बात कर रहे हैं, जिस पर आइपीसी में एक अलग ही अपराध माना गया है। हमें प्रशासन में लोगों का भरोसा जताने के लिए कोर्ट द्वारा नियुक्त एक समिति बनानी होगी। इसमें वे लोग शामिल होंगे, जिनका कोई राजनीतिक जुड़ाव किसी से नहीं है। उन्होंने कहा कि इस समिति में कुछ जजों को शामिल किया जायेगा, जिनमें महिला और पुरुष दोनों शामिल होंगे। **पीड़ित महिलाएं कोर्ट पहुंची :** मणिपुर के वायरल वीडियो में दिखीं दो पीड़ित महिलाएं सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं हैं। दोनों ने अपने लिए सुरक्षा की मांग करते हुए न्यायालय से अपील की कि वो स्थानीय मजिस्ट्रेट को सीआरपीसी की धारा 164 के तहत उनका बयान दर्ज करने का निर्देश दें। सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने मणिपुर की दो कुकी-जोमी महिलाओं की याचिका पर सुनवाई की।

### खुद भी पौधे लगायें ...

इस अवसर पर स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो, मंत्री आलमगीर आलम, चम्पई सोरेन, जोबा मांझी, मिथिलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख सहित उपस्थित सभी विधायकगण एवं अन्य अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। मौके पर वन सचिव एल खियांग्ते, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित अन्य वरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### तेजस्वी की दिल्ली वाली प्रॉपर्टी...

जानकारी के अनुसार, अटैच संतत्तियों की कीमत 6 करोड़ 2 लाख रुपये आंकी गयी है। हालांकि बाजार मूल्य इससे कई गुना अधिक है। इडी ने इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत एक अंतिम आदेश जारी किया है। **तीसरी बार अटैच की लालू की संपत्ति :** इडी ने लालू यादव और उनके परिवार की संपत्ति तिसरी बार अटैच किया है। इस बार उनकी गाजियाबाद और बिहार की भी संपत्ति शामिल है। पटना जिले के बिहटा, महुआबाग और दानापुर की संपत्ति को ईडी ने अटैच किया है। इसके अलावा लालू यादव की बेटी हेमा यादव की संपत्ति को भी प्रवर्तन निदेशालय ने अटैच किया है। गौरलतब है कि 10 मार्च 2023 को लालू यादव के 15 ठिकानों इडी ने एक साथ छापेमारी की थी। उस वक्त लालू यादव के रिश्तेदारों के घरों की भी तलाशी ली गयी थी। तेजस्वी यादव के दिल्ली स्थित न्यू फ्रेंडस कॉलोनी स्थित बंगले पर इडी ने छापा मारा था। उस वक्त तेजस्वी यादव और उनकी पार्टी आरजेडी ने कई आरोप लगाये थे। गौरतलब है कि इस मामले में लालू प्रसाद के अलावा उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पहले से ही जांच का सामना कर रहे हैं।

### आज से नयी दर पर होगी रजिस्ट्री...

जिसके आधार पर 31 जुलाई तक रजिस्ट्री की जायेगी। प्रत्येक दो वर्ष पर शहरी क्षेत्र व ग्रामीण क्षेत्र में जमीन, फ्लैट व मकान का सरकारी मूल्य बढ़ाया जाता है। 'न्यूनतम मूल्य मार्गदर्शिका नियमावली' के अनुसार सरकारी दर में न्यूनतम 5 और अधिकतम 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने का प्रावधान है। मालूम हो कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक दो साल के अंतराल पर सरकारी वैल्यूएशन में बढ़ोतरी होती है, ताकि जमीन-फ्लैट की कीमत को बाजार मूल्य के आसपास लाया जा सके। रांची के शहरी क्षेत्र में एक अगस्त 2021 को नया वैल्यूएशन लागू किया गया था। वर्तमान में उसी वैल्यूएशन के आधार पर जमीन-फ्लैट की रजिस्ट्री हो रही है। यह 31 जुलाई तक चलेगी। एक अगस्त से नए रेट पर रजिस्ट्री होगी। **कई मौजा नगर निगम में जुड़ा :** पहले 55 वार्ड में जमीन की दर निर्धारित की जाती थी लेकिन इस बार से 53 वार्ड में ही जमीन की दरें निर्धारित की गयी हैं। क्योंकि, दो वार्ड को मर्ज कर दिया गया है। इसमें कांके का चौड़ी मौजा और धुर्वा का नचियातु मौजा की जमीन का निर्धारण नगर निगम क्षेत्र के आधार पर किया गया है। **रजिस्ट्री कार्यालय में रही भारी भीड़ :** 1 अगस्त से बढ़ी हुई दर पर जमीन की रजिस्ट्री होनी है, इसको लेकर सोमवार को जमीन रजिस्ट्री कराने वालों की काफी भीड़ रही। 10 बजते ही लोगों का जुटान होना शुरू हो गया था। जैसे-जैसे दिन चढ़ रहा था भीड़ बढ़ती जा रही थी। कोई दस्तावेज सुधारने में व्यस्त दिखे तो कोई संबंधित पदाधिकारी के आने की राह देख रहे थे।

स्पीड न्यूज

### मलावी के संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने की राष्ट्रपति से मुलाकात

**नयी दिल्ली।** मलावी नेशनल असेंबली के अध्यक्ष कैथरीन गोटानी हारा के नेतृत्व में मलावी के एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और मलावी के बीच लंबे समय से सौहार्द्रपूर्ण और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और हमारे संबंधों में अधिक गहराई जोड़ने की अपार संभावनाएं हैं।

### केंद्रीय मंत्री शेखावत के मामले में सेशंस कोर्ट में सुनवाई आज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से दायर आपराधिक मानहानि के मामले में एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की कोर्ट से समन जारी करने के आदेश को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राऊज एवेन्यू सेशंस कोर्ट में चुनौती दी है। गहलोत की याचिका पर स्पेशल जज एमके नागपाल मंगलवार (1 अगस्त) को सुनवाई करेंगे।

### भाजपा नेताओं के घरों के घेराव पर हाइकोर्ट ने लगाई रोक

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की ओर से पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के घरों के घेराव के आह्वान पर कलकत्ता हाइकोर्ट ने सोमवार को रोक लगा दी है। पांच अगस्त को भाजपा नेताओं के घरों के घेराव का आह्वान अभिषेक बनर्जी ने किया था। 21 जुलाई शहीद दिवस के मंच पर उनके आह्वान का समर्थन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी किया था और हर ब्लॉक में घरों से 100 मीटर की दूरी पर घेराव का समर्थन उन्होंने किया था।

### बुद्धदेव भट्टाचार्य की हालत में मामूली सुधार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की हालत में मामूली सुधार दिखना शुरू हो गया है। उन्हें इनवेसिव वेंटिलेशन से हटा लिया गया है। हालांकि, वुडलैंड अस्पताल में उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों की टीम को लगता है कि संकट अभी खत्म नहीं हुआ है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि उनके रक्त में सी-रिएक्टिव प्रोटीन (सीआरपी) स्तर में बड़ा सुधार देखा गया है।

### हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गये इमरान खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट की शरण में गये हैं। इस बार उन्होंने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है।

# एनइपी में लड़कियों व ट्रांसजेंडर के लिए जीआइएफ का प्रावधान : अन्नपूर्णा

## शिक्षा राज्य मंत्री ने लोकसभा में एक प्रश्न का दिया लिखित जवाब

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी)-2020 में विशेष रूप से लड़कियों और ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों को समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए जेंडर इंक्लूजन फंड (जीआइएफ) बनाने का प्रावधान है।



अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि 'न्यायसंगत और समावेशी शिक्षा' पर फोकस करती राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी), 2020 इस विचार को प्रतिध्वनित करती है कि किसी भी बच्चे को उसकी पृष्ठभूमि और सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान के कारण शैक्षिक अवसर के मामले में पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। इसमें सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों (एसइडीजी) की चिंताओं को ध्यान में रखा गया है, जिसमें महिला और ट्रांसजेंडर व्यक्ति शामिल हैं। इसके अतिरिक्त एनइपी राज्यों और स्थानीय सामुदायिक संगठनों की साझेदारी से शिक्षा में लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए लैंगिक आधार को एक वैकल्पिक प्राथमिकता के रूप में देखने का सुझाव देती है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 विशेष रूप से लड़कियों और ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों के लिए जीआइएफ स्थापित करने का प्रावधान करती है, ताकि सभी लड़कियों के साथ-साथ ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों के लिए समान गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने की राष्ट्र की क्षमता का निर्माण किया जा सके। बालिकाओं के लिए समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए एनइपी के उद्देश्यों को सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों (एसइडीजी) के लिए समर्पित संसाधनों को आवंटित करके समग्र शिक्षा 2.0 के तहत विशिष्ट प्रावधानों के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। समग्र शिक्षा के अंतर्गत बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न उपायों को लक्षित किया गया है। इनमें बालिकाओं की पहुंच को आसान बनाने के लिए पड़ोस में स्कूल खोलना, बालिकाओं को आठवीं कक्षा तक निःशुल्क पोशाक और पाठ्य-पुस्तकें, दूरवर्ती/पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षकों के लिए अतिरिक्त शिक्षक तथा शिक्षकों के लिए आवासीय क्वार्टर, महिला शिक्षकों सहित अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति, सीडब्ल्यूएसएन की बालिकाओं को कक्षा एक से कक्षा बारहवीं तक स्टाइपेंड आदि शामिल हैं।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि इसके अतिरिक्त स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर महिला-पुरुष अंतराल को कम करने के लिए शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) स्वीकृत किये जाते हैं, जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक और गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) जैसे लाभ से वंचित समूहों की बालिकाओं के लिए कक्षा छठी से बारहवीं तक आवासीय विद्यालय हैं।

### 'आप' ने अपने राज्यसभा सदस्यों को व्हिप जारी किया

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार (संशोधन) बिल, 2023 पर संसद में पार्टी के रुख का समर्थन करने के लिए सोमवार को अपने सभी राज्यसभा सदस्यों को 4 अगस्त तक सदन में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

### 10 महीने में भरी गयीं 13,287 रिक्तियां : शिक्षा मंत्रालय

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सोमवार को संसद को बताया कि मिशन भर्ती अभियान के तहत केवल 10 महीने की अवधि में केंद्रीय उच्च शैक्षिक संस्थानों (सीएचइआइ) में कुल 13,287 रिक्तियां भरी गयी हैं। शिक्षा मंत्रालय में राज्यमंत्री डॉ सुभाष सरकार ने लोकसभा में केंद्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के रिक्त पदों के संबंध में पूछे गये एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

### संसद में मणिपुर के मुद्दे पर व्यवधान जारी, लोकसभा में सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक 2023 पारित

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** संसद में सोमवार को भी मणिपुर के मुद्दे पर व्यवधान रहा और दोनों सदनों की कार्यवाही बार-बार स्थगित होती रही। इस दौरान लोकसभा में सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक, 2023 चर्चा के बाद पारित किया गया। लोकसभा में कार्यवाही सुबह 11:00 बजे प्रश्नकाल से प्रारंभ हुई। थोड़े समय के बाद कार्यवाही 2:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। दो बजे कार्यवाही के प्रारंभ होने पर संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक, 2022 सदन में राज्यसभा संशोधनों पर विचार के लिए लिया गया। इसके बाद सिनेमैटोग्राफ (संशोधन) विधेयक, 2023 सदन में चर्चा और पारित करने के लिए लाया गया। सदन में इस विधेयक पर चर्चा का उत्तर देते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि इससे देश में पाइरेसी पर लगाम लगेगी। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का पारित होना बहुत महत्वपूर्ण है। फिल्म जगत से जुड़े सभी लोगों के अधिकारों को संरक्षण देने वाला और उनके हितों की रक्षा करने वाला विधेयक है। उन्होंने कहा कि साउथ की फिल्मों ने आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम किया है। इससे लाखों लोगों की रोजी-रोटी जुड़ी हुई है। उनके हितों को देखते हुए केंद्र सरकार पायरेसी को रोकने के लिए यह विधेयक लायी है। फिल्मों के माध्यम से गांव-गांव की बातें देश-दुनिया में पहुंचाने का अवसर प्राप्त हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सोफ्ट पावर ने एक नयी पहचान बनायी है। लाखों लोगों को रोजगार देने की क्षमता है। ऐसे बहुत सारे लोगों के हितों का ध्यान में रखते हुए इस विधेयक को लाया गया है। विधेयक पारित होने के बाद सदन की कार्यवाही को मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। दूसरी ओर, राज्यसभा की कार्यवाही सुबह शुरू होने पर नेता सदन पीयूष गोयल ने कहा कि विपक्ष मणिपुर पर चर्चा से भाग रहा है। सरकार आज ही इसपर चर्चा के लिए तैयार है। सभापति ने भी कहा कि उन्होंने इसकी अनुमति दी है। हालांकि, नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष नियम 267 के तहत इसपर चर्चा चाहता है। व्यवधान के चलते कार्यवाही 12:00 बजे और बाद में दो बजे तक के लिए स्थगित की गयी। दो बजे के बाद ढाई बजे और फिर साढ़े तीन बजे तक स्थगित की गयी।

## नौसेना प्रमुख ओमान दौरे पर, शाही सल्तनत से हुई द्विपक्षीय संबंधों पर वार्ता

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार 2 अगस्त तक ओमान सल्तनत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य ओमान सैन्य नेतृत्व के साथ उच्च स्तरीय चर्चा करके मौजूदा द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करना है। भारतीय नौसेना का स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आइएनएस विशाखापत्तनम भी ओमान की रॉयल नेवी के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास के लिए मस्कट पहुंचा है।

यात्रा के दौरान एडमिरल आर हरि कुमार शाही कार्यालय के मंत्री जनरल सुल्तान बिन मोहम्मद अल-नुमानी से मुलाकात करेंगे। उन्होंने अपने समकक्ष रॉयल नेवी के कमांडर रियर एडमिरल सैफ बिन नासिर बिन मोहसिन अल-रहबी के साथ द्विपक्षीय चर्चा की है। ओमान की शाही सेना के कमांडर मेजर जनरल मटर बिन सलीम बिन राशिद अल बलुशी के साथ भी मिलने का कार्यक्रम है। नौसेना प्रमुख ओमान में प्रमुख रक्षा और प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों का भी दौरा करेंगे।

**आइएनएस विशाखापत्तनम रॉयल नेवी के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास करेगा**

नौसेना प्रमुख की यात्रा शुरू होने के साथ ही भारतीय नौसेना का स्वदेशी गाइडेड मिसाइल विध्वंसक आइएनएस विशाखापत्तनम तीन दिवसीय पोर्ट कॉल के लिए 30 जुलाई को पोर्ट सुल्तान कबूस, मस्कट पहुंचा है। इस दौरान भारतीय जहाज और ओमान की रॉयल नेवी के साथ विभिन्न नौसैनिक सहयोग कार्यक्रम निर्धारित हैं, जिसका समापन 3 अगस्त को समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) के साथ होगा। द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास नसीम अल बह्र का 13वां संस्करण है, जो 1993 में शुरू की गयी एक महत्वपूर्ण द्विवार्षिक गतिविधि है। इसे 2022 में ओमान में आयोजित किया गया था और अगला संस्करण 2024 में निर्धारित है।

### शहबाज का एलान चुनाव जीते तो नवाज शरीफ बनेंगे पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चुनाव नजदीक आते ही सियासी गतिविधियां भी तेज हो गयी हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एलान किया कि यदि उनकी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) चुनाव जीतती है, तो नवाज शरीफ प्रधानमंत्री बनेंगे। बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने 2017 में अयोग्य घोषित कर दिया था। वह 2018 में पनामा पेपर मामले में न्यायालय का फैसला आने के बाद सार्वजनिक पद संभालने के लिए आजीवन अयोग्य हो गये। वह नवंबर, 2019 से ब्रिटेन में रह रहे हैं।

## ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे, तो विवाद होगा : योगी आदित्यनाथ

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी के ज्ञानवापी पर बड़ा बयान दिया है। एक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्लेटफार्म को साक्षात्कार देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सवाल के जवाब में कहा कि वाराणसी के ज्ञानवापी को मस्जिद कहेंगे, तो विवाद होगा। उन्होंने कहा- हमें इसे ज्ञानवापी ही कहना चाहिए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मुझे लगता है कि भगवान ने जिसको दृष्टि दी है, वह देखे न। त्रिशूल मस्जिद के अंदर क्या कर रहा है? हमने तो नहीं रखे हैं न। ज्योतिर्लिंग है, देव प्रतिमाएं हैं। पूरी दीवारें चिल्ला-चिल्लाकर क्या कह रही हैं? उन्होंने कहा, आप इतिहास को तोड़-मरोड़ सकते हैं, लेकिन ऐतिहासिक सबूतों को नहीं। मुझे लगता है कि यह प्रस्ताव मुस्लिम समाज की ओर से आना चाहिए कि यह ऐतिहासिक गलती हुई है। उस गलती के लिए हम समाधान चाहते हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि मस्जिद के अंदर भौतिक, शास्त्रीय और अन्य पुरातात्विक साक्ष्यों को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह बयान उस समय आया है, जब ज्ञानवापी का सर्वे कराने को लेकर हाइकोर्ट में मामला पहुंचा। मामले की सुनवाई हुई है। तीन अगस्त को इस मामले में कोर्ट का फैसला आ सकता है कि ज्ञानवापी परिसर का सर्वे कराया जाये या नहीं।

### नेपाल के सोना तस्करी मामले में आतंकी संगठन के हाथ होने का दावा

**काठमांडू।** नेपाल की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने हाल ही में पकड़े गये एक क्विंटल सोने की तस्करी के पीछे किसी आतंकी संगठन का हाथ होने का दावा किया है। प्रमुख विपक्षी दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी) के सचिव तथा पूर्व मंत्री योगेश भट्टराई ने संसदीय समिति की बैठक में इस तरह का दावा किया है।

## ऑस्ट्रेलियाई समुद्र तट भारतीय रॉकेट का मलबा!

**केनबरा (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया के समुद्र तट पर बहकर आयी एक रहस्यमयी वस्तु वहां के लोगों व वैज्ञानिक समुदाय के लिए आकर्षण का केंद्र बन गयी है। ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी ने उक्त वस्तु को भारतीय रॉकेट का मलबा करार दिया है। ऑस्ट्रेलिया के सुदूर तटीय क्षेत्र ज्यूरियन बे के पास एक रहस्यमयी वस्तु देखी गयी। इसके बाद लोगों ने उसकी तस्वीरें खींचने के अलावा उसके साथ सेल्फी लेना और तस्वीरें खिंचवाना शुरू कर दिया। बाद में पुलिस ने पहुंचकर इलाके की घेराबंदी कर लोगों को उससे दूर किया। इसकी पहचान के कयास भी लगाये जाने लगे। कोई इसे सेना से जोड़ कर देख रहा था, तो किसी ने इसे मलेशियाई एयरलाइंस की लापता उड़ान से जोड़ा। इसकी पड़ताल वैज्ञानिकों को सौंपी गयी, तो इसकी पहचान रॉकेट के हिस्से बार्नेकल के रूप में हुई। ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी का कहना है कि यह वस्तु संभवतः भारतीय रॉकेट का मलबा है। एजेंसी से जुड़े वैज्ञानिक इसे भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के तीसरे चरण का मलबा बता रहे हैं। उनका कहना है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) मध्यम-लिफ्ट प्रक्षेपण यान का संचालन करता है। ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी इसकी पुष्टि करने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। मलबे के रूप में मिली वस्तु की ऊंचाई लगभग 2 मीटर है। इसके ऊपर से केबल लटक रहे हैं।

### मुंबई में चलती ट्रेन में फायरिंग, 4 की मौत आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई में विरार स्टेशन के पास जयपुर से मुंबई जा रही ट्रेन में की गयी गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी सहित चार लोगों की मौत हो गयी है। मृतकों में सहायक पुलिस निरीक्षक टीका राम भी शामिल है। इस घटना के बाद आरोपित आरपीएफ कांस्टेबल चेतन कुमार को दहिसर में गिरफ्तार कर लिया गया। बोरीवली रेलवे पुलिस घटना की जांच कर रही है। इधर, पश्चिम रेलवे के आरपीएफ आयुक्त प्रवीण सिन्हा ने इस घटना को बहुत ही गंभीर बताते हुए कहा कि जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में आरपीएफ कांस्टेबल की गोलीबारी में चार लोगों की मौत होने के मामले की उच्चस्तरीय जांच की जायेगी। जांच के बाद ही फायरिंग के सही कारणों का पता चल सकेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित ठाकुर ने मीडिया को बताया कि जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस के बी-5 बोगी में सोमवार की सुबह 5:23 बजे फायरिंग की गयी। आरपीएफ के पुलिस कांस्टेबल चेतन कुमार ने सहायक पुलिस निरीक्षक टीकाराम को गोली मार दी। बीच बचाव करने वाले तीन यात्रियों की भी गोली लगने से मौत हो गयी।

## बॉलीवुड पीआर को लेकर नोरा फतेही का बड़ा खुलासा



**बॉलीवुड एक्ट्रेस** और डांसर नोरा फतेही अपने फैशन को लेकर भी हमेशा चर्चा में रहती हैं। नोरा ने बॉलीवुड के अलावा साउथ सिनेमा में भी काम किया है। फिल्म 'सत्यमेव जयते' के गाने 'दिलबर' से नोरा को जबरदस्त लोकप्रियता मिली। लेकिन, इससे पहले उनका सफर आसान नहीं था। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बॉलीवुड में पीआर को लेकर कुछ चौंकाने वाले खुलासे किये हैं। नोरा फतेही ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'मुझे कई लोगों ने सलाह दी थी कि आपको पीआर के लिए कुछ खास लोगों को डेट करना होगा। बॉलीवुड पीआर के तौर पर मशहूर अभिनेताओं को डेट करें...। लेकिन, मैं बहुत खुश हूं कि मैंने बिना किसी की बात सुने वह फैसला ले लिया, जो मुझे सही लगा।' नोरा ने आगे कहा, 'मैंने हमेशा अपने दिल की सुनी है और आज मैं अपने दिल के मुताबिक काम कर सकती हूं। मुझे किसी अन्य व्यक्ति या किसी खास अभिनेता की वजह से सफलता नहीं मिली।' एक्ट्रेस का यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है और नेटिजन्स की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। जहां कुछ ने उनका समर्थन किया है, वहीं कुछ ने सुकेश चंद्रशेखर मामले में नाम आने पर नोरा को ट्रोल भी किया है। इस बीच, नोरा फतेही इन दिनों कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा के साथ डांस सीरीज 'हिप हॉप इंडिया' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके अलावा, नोरा कुणाल खेमू की निर्देशित फिल्म 'मारगांव एक्सप्रेस' में भी अहम भूमिका निभायेंगी।

## नूंह में बृजमंडल यात्रा के दौरान विहिप व बजरंग दल के वाहनों पर हमला

**नूंह/गुरुग्राम (हि.स.)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल गुरुग्राम की बृजमंडल यात्रा के दौरान नूंह में सोमवार को उपद्रवियों ने वाहनों पर पथराव और आगजनी की है। बृजमंडल यात्रा के दौरान उपद्रवियों ने जमकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने बाजार बंद करा दिये और नूंह और हथीन में इंटरनेट सेवाओं को भी बंद कर दिया गया है। राज्य के गृह मंत्री अनिल विज ने शांति बहाल करने और मौके पर अधिक संख्या में पुलिस बल तैनात करने की बात कही है।



अनिल विज ने सोमवार शाम को पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि नूंह में हिंसा प्रभावित इलाके में केंद्र सरकार से बातचीत के बाद सुरक्षाबलों की तीन कंपनियां भेजी गयी हैं, ताकि उपद्रवग्रस्त इलाकों में शांति बहाल की जा सके। विज ने सोमवार को नूंह में दो पक्षों के बीच हुई हिंसक घटना के संबंध में लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि नूंह में हुई घटना के संबंध में जानकारी मिलने के उपरांत वहां पर अतिरिक्त सुरक्षा बल भेजने के निर्देश दिये गये हैं। आसपास के जिलों से सुरक्षा बलों को वहां भेजने के लिए कहा गया है। विज ने कहा कि हमने केंद्र सरकार से भी बात की है और वहां से अभी तीन कंपनियों को वहां पर एयर ड्राप किया जा रहा है, ताकि वहां फंसे लोगों को बचाया जा सके। नूंह में फंसे लोगों को एयर लिफ्ट किया जायेगा। गृह मंत्री ने कहा कि मेवात में इंटरनेट बंद करने के भी निर्देश जारी कर दिये गये हैं, ताकि लोग अफवाह न फैला सकें।

### शुरुआती दबाव के बाद शेयर बाजार में आयी तेजी

**नयी दिल्ली।** दिन की कमजोर शुरुआत करने के बावजूद घरेलू शेयर बाजार ने सोमवार को एक बार फिर शानदार तेजी दिखायी। आज की खरीदारी के कारण बीएसइ का मार्केट कैपिटलाइजेशन पहली बार 306 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया। शेयर बाजार ने आज सपाट स्तर पर मिले-जुले कारोबार की शुरुआत की थी। शुरुआत में मामूली कमजोरी भी आयी, लेकिन दिन में कारोबार के दौरान शेयर बाजार लगातार मजबूत होता गया। आज सेंसेक्स 0.56 प्रतिशत और निफ्टी 0.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसइ सेंसेक्स 367.47 अंक की मजबूती के साथ 66,527.67 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

वाणिज्य की खबरें

## आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की जून में वृद्धि दर 8.2 फीसदी रही

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** देश के आठ प्रमुख ढांचागत उद्योगों की वृद्धि दर जून में सालाना आधार पर 8.2 फीसदी रही है। जून महीने में स्टील, कोयला, सीमेंट, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक और बिजली के उत्पादन में पिछले वर्ष के समान अवधि की तुलना में बढ़ोतरी हुई है। जून, 2022 में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर 13.1 फीसदी रही थी।



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में कहा कि जून में आठ प्रमुख ढांचागत उद्योगों की वृद्धि दर सालाना आधार पर 8.2 फीसदी रही है। इससे पिछले महीने मई में यह पांच फीसदी थी। जून, 2022 में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर 13.1 फीसदी रही थी। आंकड़ों के मुताबिक जून में प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर सालाना आधार पर कमजोर पड़ने के बावजूद पिछले पांच महीनों में सबसे अधिक रही है। मंत्रालय के मुताबिक कोयला क्षेत्र का उत्पादन सालाना आधार पर जून में 9.8 फीसदी और प्राकृतिक गैस का उत्पादन 3.6 फीसदी बढ़ा है। इस दौरान पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादन 4.6 फीसदी बढ़ा है।

### जेट एयरवेज फिर उड़ान भरने को तैयार एओसी को मंजूरी

**नयी दिल्ली।** दिवालिया एयरलाइन कंपनी जेट एयरवेज के विमान एक बार फिर उड़ान भरने की तैयारी में हैं। नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन के हवाई परिचालक प्रमाणपत्र को रिन्यू कर दिया है। जेट एयरवेज के लिए सफल बोली लगाने वाले जालान-कालरॉक गठजोड़ (जेकेसी) ने यह जानकारी दी है। जालान-कालरॉक गठजोड़ ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि विमान नियामक डीजीसीए ने एयरलाइन के हवाई परिचालक प्रमाणपत्र (एओसी) को नवीनीकृत कर दिया है। जेकेसी ने बताया कि उसे 28 जुलाई को डीजीसीए से जेट एयरवेज का एओसी मिल गया है।

## विश्व शांति के लिए भारतीय संस्कृति की ओर देख रही है दुनिया : गडकरी

**गुरुग्राम (हि.स.)।** केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दुनिया में निराशा का भाव फैला है। आज विश्व शांति के लिए दुनिया भारतीय संस्कृति की तरफ देख रही है। हमारे संतों ने विदेशों की धरती पर हमारी संस्कृति, विरासत और इतिहास का प्रचार-प्रसार किया है और वहां के लोगों को नयी दिशा दी है। हमारी उपासना पद्धति अलग-अलग हो सकती है, लेकिन संस्कृति, विरासत, इतिहास एक है और यही भारत की विशेषता है।

केंद्रीय मंत्री गडकरी सोमवार को गुरुग्राम में बनने वाले भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र के शिलान्यास के बाद संबोधन कर रहे थे। इसके साथ ही तीन दिवसीय संस्कृति महोत्सव भी संपन्न हो गया। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी और मेघालय के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, सांस्कृतिक केंद्र के संरक्षक लक्ष्मी नारायण भाला व मुख्य संयोजक अमित जैन सहित अन्य गणमान्य लोग भी मंच पर उपस्थित थे। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने धर्मनिरपेक्षता पर बोलते हुए कहा कि इसे समझना जरूरी हैं। शासन को धर्म निरपेक्ष होना चाहिए, व्यक्ति कभी धर्म निरपेक्ष नहीं हो सकता। सेक्यूलर शब्द का अर्थ भी सर्व धर्म सम्भाव है। धर्म का संबंध कर्तव्य के साथ होता है। हिंदुत्व का अर्थ जीवन पद्धति है। हमारा इतिहास, संस्कृति हमें विरासत से मिली हैं। रामायण, महाभारत और साधु-संतों के मार्गदर्शन से मिली है।

**केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र का किया शिलान्यास**


VERMA PRESS® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

# सफलता के लिए कितना पढ़ें- कैसे पढ़ें



**अनल कुमार**

कितना, क्या और कैसे पढ़ें? किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने तथा उसमें सफलता पाने में समय प्रबंधन का विशेष महत्व होता है, इसलिये तैयारी शुरू करने के प्रारंभिक दौर में यह सुनिश्चित करें कि एक दिन में आपके अध्ययन केसमयावधि 4 से 5 घंटों से अधिक न हो। क्योंकि शुरूआत में हमें अध्ययन प्रकिया को भलीभांति समझना है,तत्पश्चात उचित मार्गदर्शन होने पर ही हमें अपने अध्ययन की समयावधि बढ़ानी चहिये।आप तैयारी के प्रारंभ से ही सुनिश्चित करें कि आप महत्वपूर्ण विवरणों, तथ्यों व जानकारियों के लिये प्रॉपरतरीके से नोट्स बना रहे हैं। उदाहरण के लिएः यदि आप शुरू में अध्ययन करने के लिए विषयों में से एक केरूप में इतिहास को चुना है, तो आप घट्ना/ईवेंट का नाम, स्थान (जहां घटना हुई थी), समय/काल, तिथि,उसकी अवधि तथा इसके साथ उससे जुड़े साम्राज्य, कॉलोनी, देश, समूह या लोग (व्यक्ति विशेष) इत्यादिजानकारियों को सारणीबद्ध रूप से कालानुक्रमिक घटनाओं की एक शीट बना रख सकते हैं, तथा संबंधितअतिरिक्त विषयवस्तु के लिये एक अतिरिक्त कॉलम भी बना सकते हैं।

समाचार पत्र और डेली करेंट अफेयर का महत्व है।यदि हम डेली करेंट अफेयर्स (दैनिक समसामयिकी) की बात करें, तो सिविल सेवा परीक्षा की एकीकृत अध्ययनयोजना में इनकी अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अभ्यर्थियों को इस बात

का ध्यान रखना है कि, यूपीएससी परीक्षा में आपको केवल सामान्य अध्ययन (जीएस) विषयों के आधार परनहीं आंकता, बल्कि आयोग वर्तमान घटनाओं जो भारत और दुनिया में हो रही हैं, उनपर अपनी राय और ज्ञानप्राप्त करने का प्रयास करेंगे। उदाहरण के लियेः जैसे यह घटनाएं राष्ट्र को किस प्रकार से और किस क्षेत्र मेंप्रभावित कर रही हैं?, तथा इससे जुड़े कारण या उपाय इत्यादि इसमें शामिल होंगे।याद रखें, वर्तमान मामलों के अध्ययन के दौरान यह सुनिश्चित करें कि आप उन्हें विस्तृत व खुले दिमाग सेपढ़ें ताकि अगर वहाँ आप की तैयारी से जुड़े विषयों से संबंधित कुछ भी मिलता है, तो आप अपने उत्तरों मेंउसके उल्लेख के लिये एक मानसिक नोट बना सकते हैं। इसलिए, समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसितकरना तैयारी के इस चरण के लिये अनिवार्य है। इन्हें नोट करेंः-

प्रत्येक सप्ताह अपने द्वारा बनाएं गये नोट्स व जानकारियों के संशोधन के लिए भी एक दिन निर्धारित करें।



इस चरण में एकीकृत तैयारी करें तथा प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा के कॉमन जनरल स्टडीज पेपर्स / टापिक्सके अध्ययन करें, और साथ ही अपने चयनित वैकल्पिक विषय को भी कवर करने का प्रयास करें।

अगले वर्ष की प्रीलिम्स परीक्षा से केवल 3 महीने पहले आपका ध्यान प्रीलिम्स परीक्षा के लिये गंभीर हो जानाचाहिए।

पिछले साल के प्रश्न पत्रों का विशलेषण करें और उन्हें हल करने का प्रयास करें। हालांकि, आपनी तैयारी केप्रारंभिक स्तर में उन प्रश्न पत्रों को पूरी तरह से हल करने की उम्मीद न करें, लेकिन इस तरह से आप प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों के स्तर व अंतर के बारे समझ सकते हैं।

### व्यक्तित्व निर्माण का महत्वः

अपने आप को एक वर्ष के लिए सभी प्रकार के विकृतियों से दूर रखें और सुनिश्चित करें कि आप सभी सोशलमीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग अपनी तैयारी के परिप्रेक्ष्य में करें। सिविल सेवा परीक्षा से संबंधित या उद्देश्योंवाले फेसबुक पेजों और ग्रुप्स इत्यादि से जुड़ कर अपडेट रहें। किन्तु इसका मतलब यह नहीं है, कि आप अन्यअतिरिक्त पाठ्यचर्या या पाठ्यक्रम गतिविधियों का अध्ययन भूल जाएं! इसलिये, अपने समय का उपयोगस्मार्ट तरीके से करें।

इस दौरान अपने शौक या हॉबी जैसे संगीत, नृत्य, खेल या कुछ भी हो, अपने परिवार और दोस्तों के साथसमय बिताने, फिल्में देखने, मेलजोल इत्यादि के साथ-साथ अपनी दिनचर्या और परीक्षा की तैयारी में

सामंजस्य बनाकर रखें। अपने साथ तैयारी कर रहे साथियों और समूहों के साथ वर्तमान घटनाओं पर चर्चा करेंऔर उनके दृष्टिकोण को समझें, उन्हें समस्या सुलझाने के दृष्टिकोण के रूप में समझ कर याद रखें, विभिन्नघटनाओं व तथ्यों से जुड़ी चीजों को देखने व समझने का आपका दृष्टिकोण तार्किक और विश्लेषणात्मक होनाचाहिए।

दूसरा चरण : सितंबर से अक्टूबर

अब सभी व्यापक विषयों के लिए एक त्रैमासिक अध्ययन करने के बाद, आपका दिमाग अब प्रशासन दृष्टि सेविभिन्न चीजों को समझने व अध्ययन करमें में बेहतर हो जाता है। अब इस चरण में एकाग्रता के साथ अन्य 2 से 3 नये विषयों को तैयारी के लिये चुनें और सुनिश्चित करें कि जैसा पहले समझाया गया है, ठीक वैसे हीतैयारी शुरू करें। अब आप अधिक इंटरएक्टिव हो चुके हैं, इसलिए, अब आपको ग्रुप स्टडी और साथियों के साथविभिन्न महत्वपूर्ण चचाओं में शामिल होने और उनका विशलेषण करते हुये अध्ययन करने का समय है।

# भावना सिंह ने सीडीपीओ परीक्षा किया पास, भविष्य भारती से मिला सहयोग



**नाम-भावना सिंह**
**पिता-अनुग्रहनारायण सिंह**
**माता-सुमित्रा सिंह**
**पति- धीरेन्द्रकुमार सिंह**
**पता-ग्राम-ओएना, थाना-पिठोरिया, चन्दवे, राँची, 835217**
**शैक्षणिक योग्यता-**
**10वीं सरस्वती विद्या मंदिर, हजारीबाग, 84 प्रतिशत**
**12 वी सिरका हजारीबाग से 87 प्रतिशत**
**ग्रेजुएशन संत जेवियर कॉलेज रांची से 85 प्रतिशत**
**एमएससी, मारवाड़ी कॉलेज रांची से 87 प्रतिशत**
**बीपीएससी सीडीपीओ 2023 में चयनित**

राँची की भावना सिंह ने सीडीपीओ की परीक्षामें 17वां रैंक हासिल कर अपने परिवार के गौरवको बढ़ाया है। इनकी सफलता कइ मायनोंमें युवा विशेषकर छात्राओं के लिए यह प्रेरक है। धैर्य एंव लक्ष्य के प्रतिसर्मपण युवाओं के सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। युवाओं को सकारात्मक उर्जा प्रदान करता है। प्रस्तुतहै-भावना सिंह से वार्ता के महवपूर्ण अंश-

सवाल -सर्वप्रथम सफलता के लिए हार्दिक शुभकामना।अपनीसफलताकोआप किस प्रकार

देखती हैं-

जबाव -सहदय धन्यवाद।

निश्चित रुप से यह सफलता मेरे लिए काफी महवपूर्ण है। इसने मेरेआत्मविश्वास को अधिक सकारात्मकता प्रदान की है एंव ऐसा प्रतीत होता है भविष्य में और बेहतर किया जा सकता है।

सवाल -आप अपने सफलता का श्रेय किन्हें देना चाहेंगी-

जबाव-मैं अपने सफलता का श्रेय अपने पिता अनुग्रह नारायण सिंह, अपनी माता सुमित्रा सिंह,

अपने पति धीरेंद्रकुमार को दूंगी। मेरी सफलता में रांची के संस्थान भविष्य भारती एंव वहां के शिक्षक राजीव भारती सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा। मैं आपके माध्यम से सबके प्रति कृतज्ञता प्रकट करती हूं।

सवाल-इस प्रतियोगिता परीक्षा के बारे में बताएं-

जबाव - यह प्रतियोगिता परीक्षा बीपीएससी ने

तीन तीन चरण में ली गयी, और 900 अंकों की थी साथ ही साक्षात्कार भी 120 अंको का था

सवाल -आपका ऑप्शनल विषय क्याथा ?

जबाव -मैंने गृहविज्ञान का चयन किया था।

सवाल- आपनेतैयारी की रणनीतिकिसप्रकारबनाइ ?

जबाव - पहले से मैं प्रशासनिक परीक्षा की तैयारी कर रही थी इस कारण मैंने मुख्य परीक्षा पर फोकस किया।

सवाल -क्या आपने परीक्षा के लिए किसी शिक्षक से मार्गदर्शनभीलिया ?

जबाव -भविष्य भारती संस्थान रांची के शिक्षक राजीव भारती सिंह से जुड़ी हुइ थी, तो उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया।

सवाल -आपने साक्षात्कार की तैयारी किस प्रकार की-

जबाव -साक्षात्कार में आप के व्यक्तिगत गुण को परखा जाता है, साथ ही संवादका तरीका, अपने स्नातक के विषय का ज्ञान, जिस विभाग के लिए कार्य करना है उसकी आधारभूत जानकारी, समसामयिक घटनाओं की समझ आवश्यक है, मैंने इन्ही मुद्दों पर ध्यान केंद्रीत किया। राजीव सर ने इसमें भी पूरा मार्गदर्शन दिया।
सवाल -आपका अगामी लक्ष्य क्याहै?

जबाव -मैं यूपीएससी की तैयारी कर रहीं हूं। मैं इसमें सफलता के लिए अबअपना 100 परसेंट दूंगी।

सवाल -तैयारी करनेवाले छात्र छात्राओं को क्या संदेश देना चाहेंगी ?जबाव -धैर्य पूर्वक लक्ष्य सुनिश्चित करें, सीमित स्त्रोतका प्रयोगकरें, अपनी अवधाराणात्मक जानकारी को मजबूत

करें एंव उस अध्ययन करतेरहें, सकारात्मक दृष्टिकोणबनाये रखें।

सवाल युवाओं को आपका सलाह?

जबाव - अध्ययन के साधनसमान्य अध्ययन के लिए इतिहास, भूगोल, की एनसीईआरटी की पुस्तकें, संविधान के लिए डीडी. बासुकाभारतकासंविधान, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए-मिश्रा एंव पुरी-समसामयिक घटना के लिए समाचारपत्र योजना, कुरुक्षेत्र इत्यादि, विज्ञान के लिए एनसीईआरटी 9जी 10जी का नियमित अध्ययन करें।

**(अनुष्का चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

# यूपीएससी ने जारी किया 2023 का शेड्यूल

संघ लोक सेवा आयोग की ओर से सिविल सर्विसेज (मेंस) एग्जामिनेशन 2023 का शेड्यूल घोषित कर दिया गया है। शेड्यूल के अनुसार यूपीएससी आईएएस 2023 की मुख्य परीक्षा का आयोजन 15 16 एवं 17 23 एवं 24 सितंबर 2023 को किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन दो शिफ्ट में सुबह 9 से 12 एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक किया जाएगा।

यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा तिथियों का हुआ एलान, जानें कब होगा एग्जाम

### यहां से जानें कब होगी परीक्षा।

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से सिविल सर्विस एग्जामिनेशन की मुख्य परीक्षा का शेड्यूल घोषित कर दिया गया है। यूपीएससी की ओर से यह जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट पर साझा की गयी है।



नोटिफिकेशन के अनुसार सिविल सर्विस मेन एग्जाम 2023 का आयोजन 15, 16 एवं 17, 23 एवं 24 सितंबर 2023 को निर्धारित परीक्षा सेंटर्स पर करवाया जायेगा। परीक्षा का आयोजन दो शिफ्ट में होगा। अभ्यर्थी यूपीएससी कअर मेंस एग्जामिनेशन शेड्यूल की विस्तृत जानकारी ऑफिशियल वेबसाइट के साथ ही इस पेज से भी प्राप्त कर सकते हैं।

### : इन तिथियों में आयोजित होगा एग्जाम

यूपीएससी आईएएस मेंस परीक्षा का आयोजन विषयों के अनुसार अलग-अलग तिथियों में करवाया जायेगा। परीक्षा का शेड्यूल निम्नलिखित है-

15 सितंबर 2023ः पेपर 1- निबंध (पहली शिफ्ट)

16 सितंबर 2023ः पेपर-2 जेनरल स्टडी- (पहली शिफ्ट)

16 सितंबर 2023ः पेपर-3 जनरल स्टडी -क (दूसरी शिफ्ट)

17 सितंबर 2023ः पेपर-4 जनरल स्टडी - (पहली शिफ्ट)

17 सितंबर 2023ः पेपर-5 जनरल स्टडी -चार (दूसरी शिफ्ट)

23 सितंबर 2023ः पेपर-अ इंडियन लैग्वेज (पहली शिफ्ट)

23 सितंबर 2023ः पेपर-इंग्लिस (दूसरी शिफ्ट)

24 सितंबर 2023ः पेपर-6 ऑप्सनल सब्जेक्ट प्रथम -1 (पहली शिफ्ट)

24 सितंबर 2023ः पेपर-7 ऑप्सनल सब्जेक्ट द्वितीय -2 (दूसरी शिफ्ट) उम्मीदवारों को बता दें कि पहली शिफ्ट का पेपर सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दूसरी शिफ्ट का पेपर दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जायेगा।

### एग्जाम से कुछ दिन पूर्व जारी होंगे एडमिट कार्ड

जो भी उम्मीदवार प्रीलिम एग्जाम में सफलता प्राप्त कर चुके हैं वे मुख्य परीक्षा में भाग ले सकेंगे। मुख्य परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड परीक्षा से कुछ दिन पूर्व संघ लोक सेवा आयोग की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी कर दिए जाएंगे। यूपीएससी सिविल सर्विस एग्जामिनेशन 2023 से जुड़ी विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

# हॉस्पिटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, बेहतर लाईफ

**हेल्थ** केयर सेक्टर में करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए यह सेक्टर बहुत शानदार है। क्योंकि इस सेक्टर में फिलहाल बहुत कम लोग इस क्षेत्र में है। जब पूरी दुनिया कोरोना की चपेट में थी तब हेल्थ सेक्टर जीवनदाता के रूप में उभरा है।

**आइए जानते हैं क्या है हास्पिटल मैनेजमेंट**

हास्पिटल मैनेजमेंट हेल्थ केयर एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट के अंतर्गत आता है। हेल्थकेयर सेक्टर से जुड़े प्रफेशनल्स मानते हैं कि हेल्थ से संबंधित सर्विसेस के विस्तार के साथ ही हास्पिटल मैनेजमेंट में काम बढ़ गया है। इसमें सभी व्यवस्थाओं को सुनियोजित करना और पैनी नजर बनाए रखना होता है। मरीजों को इलाज में बेहतरीन कुशल तंत्र मिले, इसके प्रयास करने होते हैं। अच्छे डाक्टरों को जोड़ना, आधुनिक उपकरणों और नई-नई तकनीक की व्यवस्था भी करना, सभी हास्पिटल मैनेजमेंट के दायरे में आता है। यहां तक कि कोई हादसा भी हो जाता है तो उसका जिम्मा भी इन्हीं प्रोफेशनल्स का होता है। अस्पताल की वित्तीय व्यवस्था, कर्मचारियों की सुविधा आदि का कार्य भी इन्हें ही करना होता है।

### काफी महत्वपूर्ण है यह सेक्टर

हास्पिटल मैनेजमेंट के अंतर्गत केंटीन से लेकर लिफ्ट तक का कार्यभार भी इस कोर्स के दायरे में आता है। एक सर्वे के मुताबिक साल 2025 तक भारत में 10 लाख से ज्यादा हॉस्पिटल मैनेजर्स की जरूरत पड़ेगी।

**यह भी हैं कोर्स**

0-ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट

0-पोस्ट ग्रेजुएशन इन हास्पिटल मैनेजमेंट

0-सर्टिफिकेट कोर्स इन हेलथ केयर क्वालिटी मैनेजमेंट

0-पीजी डिप्लोमा इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन

0-पीजी डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिसिन

0-एमबीए इन हास्पिटल मैनेजमेंट

**कितने साल का है यह कोर्स**

0-बैचलर कोर्सः12वीं में साइंस 50 प्रतिशत के साथ

0-पीजी कोर्सः ग्रेजुएशन इन हास्पिल मैनेजमेंट

0-एमफिल या पीएचडीः पीडी हास्पिटल मैनेजमेंट

**यहां से करें कोर्स**

0-एम्स, नई दिल्ली

0-देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

0-टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साइंसेज, मुंबई

0-अपोलो इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, हैदराबाद

0-आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज, पुणे

0-इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल वेलफेयर एंड मैनेजमेंट, कोलकाता

**यहां है जॉब के अवसर**

देश में सरकारी और प्राइवेट दोनों ही क्षेत्रों में नौकरी के काफी चांसेस हैं। इंटरनेशनल और डोमेस्टिक हेल्थ केयर इंस्टीट्यूट, हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी, नर्सिंग होम में नौकरी मिल सकती है- अपोलो अस्पताल, वाक हार्ट, मैक्स, फोर्टिस, टाटा, डंकन विप्रो ।

# विदेश में शिक्षा का बढ़ता क्रेज



**प्रशांत झा**

पिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में सबसे लोकप्रिय स्टडी प्लेस अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और सिंगापुर है। यदि आप विदेश से उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं तो इन प्लेटफॉर्म्स की मदद ले सकते हैं-

### ईयूगेटवे

ईयूगेटवे विदेश में अध्ययन परामर्श फर्म है, जो यूरोपीय देशों में शिक्षा के लिए परामर्श देने के साथ लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाती है। ।४ँ३ी६८.ल्ल पर यूनिवर्सिटी एवं कोर्स की पहचान कर सकत है। इसके साथ ही यह भी समझने का मार्गदर्शन मिलेगा कि प्रवेश प्रक्रिया क्या है, वीजा के लिए कैसे आवेदन किया जा सकता है।

### आइडीपी कंसल्टेंसी

यह कंपनी एक इंटरनेशनल एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में छात्रों को प्लेसमेंट की सुविधा देती है। यहां आस्ट्रेलिया, अमरीका, यूके, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और कनाडा में स्टडी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म पर पाठ?क्रम की सलाह के साथ आइईएलटीएस की तैयारी, वीजा, आवास, स्वास्थ्य कवर की जानकारी मिलेगी।



### एडवाइस

इस प्लेटफॉर्म की मदद से भी आप सही विदेशी शैक्षणिक संस्थान का चुनाव कर सकते हैं। यहां यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, दुबई, स्विट्जरलैंड, मलेशिया आदि देशों में स्टडी की जानकारी ले सकते हैं।

### स्टडी एंड वर्क अब्रॉड

यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के लिए उपयोगी है जो विदेश जाना चाहते हैं, फिर चाहे वजह स्टडी हो या फिर नौकरी। पर जाकर आप अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकते हैं। यहां सही मार्गदर्शन करने के लिए आपको विदेशी सलाहकारों की मदद मिलेगी।

### लिवरेज एडु

यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपनी अब तक यात्रा को नेविगेट करने और उसका आकलन करने में मदद करता है। उन्हें पर्सनल एडवाइजर्स से मदद मिलती है। यहां छात्रों को रोजगार के नजरिए से यह समझने में मदद मिलती है कि किस के कोर्स वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। इसकी भारत एवं विदेश में 35 से अधिक साइट्स है।

### द वर्ल्डग्रेड

इस प्लेटफॉर्म की शुरूआत कोरोना के दौरान विदेश में पढ़ाई की चुनौतियों का समाधान करना है। विदेश में स्टडी करने के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपना पहला सेमेस्टर या पूरा एक साल ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बाकी सेमेस्टर ऑफलाइन एवं कैंपस में पूरा कर सकते हैं। इस तरह एक साल अपने विदेश में रहने के खर्चे को बचा सकता है। वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन अंग्रेजी भाषा की कक्षाओं की सुविधा भी मिलेगी।

### ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड उन छात्रों के लिए बहुत उपयोग है, तो विदेश में अध्ययन करना चाहते हैं। वर्ष 2001 से संचालित यह फर्म मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, न्यूजीलैंड आदि देशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज में स्टडी का मार्गदर्शन करती है। इस कंपनी की 12 शाखाएं हैं और अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 3,450, कनाडा के लिए 1150 और यूरोप के लिए 1200 स्टडी वीजा उपलब्ध करवा चुकी है।

# सीआरपीएफ ट्रेड्समैन भर्ती एग्जाम अपडेट

सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की ओर से कांस्टेबल एवं ट्रेड्समैन पदों पर होने वाले सीबीटी एग्जाम का रिजल्ट अगस्त 2023 के प्रथम सप्ताह में घोषित किया जा सकता है। रिजल्ट ऑनलाइन माध्यम से विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। जो उम्मीदवार इसमें सफल रहेंगे उनको पीईटी और पीएसटी ट्रेड टेस्ट में भाग लेना होगा।

सीआरपीएफ ट्रेड्समैन भर्ती रिजल्ट अगस्त के प्रथम सप्ताह में हो सकता है घोषित। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की ओर से कांस्टेबल एवं ट्रेड्समैन भर्ती के लिए कंप्यूटर बेस्ड एग्जाम (उइळ) का आयोजन 1 जुलाई से 13 जुलाई तक किया गया था। परीक्षा संपन्न होने के बाद सीआरपीएफ की ओर से आंसर की भी जारी कर दी गयी है। आंसर की पर 21 जुलाई तक आपत्तियां मांगी गयी थी। जिसके बाद अब अभ्यर्थियों को भर्ती परीक्षा रिजल्ट जारी होने का इंतजार है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सीआरपीएफ ट्रेड्समैन भर्ती के लिए रिजल्ट अगस्त 2023 के पहले सप्ताह में ऑनलाइन माध्यम से जारी किया जा सकता है।

सीआरपीएफ ट्रेड्समैन भर्ती रिजल्ट सेन्ट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की ऑफिशियल वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। रिजल्ट जारी होने के बाद अभ्यर्थी अपना रिजल्ट वेबसाइट पर जाकर प्राप्त कर सकेंगे। अभ्यर्थी यहां दिए गए बिंदुओं को फॉलो कर आसानी से अपना रिजल्ट चेक कर सकेंगे।

सीबीटी एग्जाम रिजल्ट चेक करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाना होगा।

रिजल्ट की घोषणा के बाद इसका लिंक पेज पर एक्टिवेट हो जायेगा जिस पर क्लिक करें।

मांगी गयी जानकारी (लॉग इन क्रेडेंशियल) दर्ज करें।

इसके बाद रिजल्ट एक पेज पर ओपन हो जायेगा जहां से आप इसे डाउनलोड कर सकते हैं।जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में निर्धारित कटऑफ अंक प्राप्त कर लेंगे उनको पीईटी और पीएसटी, ट्रेड टेस्ट में शामिल होना होगा।

जो उम्मीदवार सभी प्रक्रिया में सफलता प्राप्त करेंगे उनको कांस्टेबल (तकनीकी और ट्रेड्समैन) के पदों पर नियुक्त किया जायेगा। आपको बता दें कि सीआरपीएफ की ओर से यह भर्ती कुल 8318 पदों को भरने के लिए निकाली गयी है। ऑफिसियल वेबसाइट विजिट कर सकते हैं।

